www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

04 सितंबर, 2025
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, द्वादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 315

चीन ने अमेरिका तक दागने वाली मिसाइलें दिखायीं



FLORENCE GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# पीढ़ियों के संस्कार को आगे लेकर बढ़ना है : हेमंत सोरेन

**आदिवासी छात्रावास के कार्यक्रम में दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी गयी**

**सांसद संजय सेठ, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक कल्पना सोरेन समेत अन्य लोग हुए शामिल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करम पर्व के मौके पर रांची के आदिवासी छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पूरे राज्यवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हर वर्ग, हर समाज अपनी संस्कृति और परंपरा के साथ आगे बढ़ता है। इन्हीं में से एक आदिवासियों के संस्कार का करम पर्व है। इस महापर्व को पीढ़ियों पहले पूर्वजों ने हमारे सुपूर्द किया था, जिसे लेकर हम सभी आगे बढ़ रहे। परंपरा और संस्कृति के इस पर्व को आगे बढ़ाने वाले सभी राज्यवासियों को शुभकामनाएं। इस मौके पर विधायक कल्पान सोरेन ने कहा कि राज्यवासी, देशवासी जहां झारखंड तक की संस्कृति लहराती है। सभी को शुभकामनाएं। इस वर्ष वर्षा ज्यादा हुई है। हर तरफ हरियाली दिख रही है। हरियाली समृद्धि की प्रतीक है। आने वाली खुशियों का प्रतीक है।



आपके घरों में खुशहाली आये यह कामना है। इस मौके पर सांसद संजय सेठ और मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की के अलावा अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी गयी। सभी ने दो मिनट का मौन रखा।



SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery KG - I
Nursery KG - II
ADMISSION OPEN



Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

# डेयरी प्रोडक्ट्स, इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर निजी वाहन तक होंगे सस्ते

- जीएसटी परिषद की बैठक में मंथन, फैसला आज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक बुधवार को हुई। दो दिनों तक चलने वाली बैठक के फैसलों का एलान गुरुवार यानी 4 सितंबर को होना है। इस बैठक में केंद्र और राज्यों के वित्त मंत्री शामिल हो रहे हैं। इस बार की बैठक काफी अहम है। इस बैठक में जीएसटी परिषद के सदस्य आठ साल पुराने जीएसटी कर (टैक्स) ढांचे में बड़े बदलावों पर चर्चा कर रहे हैं। परिषद् सरकार ने जीएसटी की दरों में अब तक की सबसे बड़ी कटौती का प्रस्ताव रखा है। सरकार के इस फैसले का मकसद अमेरिका की ओर से लगाये गये 50 फीसदी टैरिफ के कारण पैदा हुई चुनौतियों से निपटने के लिए घरेलू स्तर पर मांग को बढ़ावा देना है।

**400 से अधिक वस्तुओं पर कर घटने की उम्मीद:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की बैठक के दौरान इसका करों से जुड़ा पैनल हेयर ऑयल से लेकर छोटी कारों तक लगभग 400 से अधिक वस्तुओं पर कर कटौती की योजना पर फैसला करेगा। अमेरिकी टैरिफ के कारण कपड़ा, ऑटो और संभवतः फार्मास्यूटिकल्स के निर्यात पर असर पड़ रहा है। ऐसे में भारत को प्राथमिक विकास इंजन के रूप में घरेलू खपत पर ध्यान केंद्रित करना होगा। वहीं पैनल उपभोक्ता वस्तुओं जैसे टूथपेस्ट और शैंपू पर कर को 18 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी करने और छोटी कारों, एयर कंडीशनर और टेलीविजन पर कर को 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी करने पर भी विचार करेगा।



## जीएसटी परिषद के फैसलों से पहले बाजार में हरियाली

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। जीएसटी परिषद के फैसलों से पहले निवेशकों ने बाजार पर भरोसा जताया। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन यानी बुधवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसइ संसेक्स 409.83 अंक या 0.51 प्रतिशत उछलकर 80,567.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 666.68 अंकों के उतार-चढ़ाव के साथ 80,671.28 के उच्च स्तर और 80,004.60 के निम्न स्तर तक गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसइ निफ्टी 135.45 अंक या 0.55 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,715.05 पर आ गया।

## इन चीजों की कीमतें घटेंगी

- डेयरी प्रोडक्ट्सः मक्खन, पनीर, छाछ, पनीर जैसे उत्पाद
- रेडी टू इट फूड्सः जैम, अचार, स्नैक्स, चटनी जैसे उत्पाद
- पर्सनल केयर उत्पादः टूथपेस्ट, शैम्पू, साबुन, टैल्कम पाउडर
- कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्सः एसी, टीवी, रेफ्रिजरेटर, वाशिंग मशीन
- निजी वाहनः छोटी कारें, हाइब्रिड कारें, मोटरसाइकिलें, स्कूटर
- बीमाः लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस पर शून्य प्रतिशत जीएसटी का प्रस्ताव

**चार की बजाय दो स्लैब पर विचारः** जानकारों के अनुसार जीएसटी परिषद के सदस्य मौजूदा करों के चार स्लैब की बजाय 5 और 18 फीसदी के दो स्लैब पर ही विचार करेंगे। वहीं 12 फीसदी और 28 फीसदी के स्लैब को खत्म किया जा सकता है। इसके अलावा, एक 40 फीसदी का अतिरिक्त स्लैब भी लाने की तैयारी है। इसके तहत सिगरेट और महंगी कारों जैसी विलासितापूर्ण चीजों पर मोटा कर लगाने पर विचार किया जाना है। सरकार की योजना है कि दैनिक उपयोग की सभी वस्तुओं को 5 फीसदी की श्रेणी में लाया जाये, जो अभी 12 फीसदी की श्रेणी में हैं।

## झारखंड को प्रतिवर्ष दो हजार करोड़ रुपये का होगा नुकसानः राधाकृष्ण किशोर

नयी दिल्ली/रांची। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित दो दिवसीय जीएसटी परिषद् की बैठक में भाग लेते हुए झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि जीएसटी की संशोधित नीति से झारखंड के ऑटोमोबिल, सीमेंट तथा अन्य उत्पादन क्षेत्र में करीब दो हजार करोड़ रुपये की राजस्व क्षति होना अनुमानित है। बैठक में राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि झारखंड एक विनिर्माता राज्य है। माल और सेवा कर प्रणाली से राज्य के आतंरिक राजस्व संग्रहण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। झारखंड की प्रति व्यक्ति आय प्रति वर्ष 1 लाख 5 हजार है। लोगों की क्रय शक्ति कमजोर होने के कारण झारखंड उपभोक्ता राज्य की श्रेणी में नहीं आता है। इस कारणवश झारखंड को जीएसटी लागू होने से नुकसान हुआ है। 2017 से 2024-25 तक लगभग 16,408 करोड़ रुपये की राजस्व क्षति हुई है और 2029 तक करीब 61,670 करोड़ रुपये की क्षति होगी। राधाकृष्ण ने कहा कि झारखंड राज्य से कोयला और स्टील उत्पादन का लगभग 75 से 80 प्रतिशत खपत राज्य के बाहर होता है। इस प्रकार जीएसटी का लाभ उपभोक्ता वाले राज्यों को हो रहा है। 2017 से 2022 अर्थात 5 वर्ष पूरा हो जाने के बाद जीएसटी मुआवजा की योजना बंद कर दी गयी है। 5 वर्षों तक जीएसटी मुआवजा राशि झारखंड को देने का अर्थ यह नहीं है कि राज्य आर्थिक रूप से सुदृढ़ हो गया है। झारखंड की ग्रामीण अर्थव्यवस्था अत्यंत ही कमजोर है। कृषि योग्य भूमि के विरुद्ध मात्र 22% खेतों में ही सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है। पर्यटन के क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाओं के बावजूद आर्थिक कमी के कारण झारखंड लक्ष्य तक नहीं पहुंच पा रहा है। मानव संसाधन का अभाव बना हुआ है, उग्रवाद से प्रभावित राज्य रहा है झारखंड। स्वास्थ्य के क्षेत्र में राज्य को अभी बहुत कार्य करना है। झारखंड को गारंटीकृत कम से कम 2000 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष तब तक उपलब्ध कराया जाये, जब तक झारखंड का राजस्व आय सुदृढ़ न हो जाये।

# रिनपास का शताब्दी समारोह आज सीएम हेमंत सोरेन होंगे मुख्य अतिथि

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची स्थित रिनपास (रांची इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइकेट्री एंड एलाइड साइंसेज) अपने 100 साल पूरे होने पर शताब्दी समारोह का आयोजन करने जा रहा है। यह भव्य आयोजन 4 सितंबर को कांके स्थित रिनपास परिसर में आयोजित होगा। इस ऐतिहासिक



मौके पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने मुख्यमंत्री से भेंट कर उन्हें समारोह में आमंत्रित किया, जिसे मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार कर लिया है। मुख्यमंत्री की उपस्थिति को लेकर संस्थान के कर्मियों, चिकित्सकों और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी पर एससी एसटी एक्ट के तहत एफआइआर

**झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन ने कार्रवाई के लिए डीजीपी को लिखा पत्र**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री केएन त्रिपाठी के खिलाफ पलामू में एससी-एसटी एक्ट समेत गंभीर धाराओं में एफआइआर दर्ज की गयी है। मेदिनीनगर टाउन थाना में पूर्व मंत्री के खिलाफ जीरो एफआइआर की गयी है। जांच की जिम्मेदारी सब इंस्पेक्टर रैंक के पुलिस अधिकारी को दी गयी है। दरअसल, त्रिपाठी पर अपने बॉडीगार्ड को थप्पड़ मारने और जातिसूचक शब्द का इस्तेमाल करने का आरोप लगा है। मेदिनीनगर टाउन थाना के प्रभारी ज्योतिलाल रजवार ने एफआइआर की पुष्टि की है। केएन त्रिपाठी के दोनों बॉडीगार्ड ने पुलिस को लिखे आवेदन में कहा कि मंगलवार को पूर्व मंत्री लातेहार की जुबली चौक पर जाम को हटाने का आदेश दिया था। इसी क्रम में कुछ देर बाद पूर्व मंत्री उनके पास पहुंचे और जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करते हुए उन्हें थप्पड़ जड़ दिया।

Euro Kids Pre-School
EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | AGE GROUP 1.8 TO 6 YEARS
Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG)
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3 | Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरूआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
7903079507, 8092334348

## न्यूज रील्स

### अब दवाओं का लाइसेंस मिलना आसान होगा

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने न्यू ड्रग्स एंड क्लीनिकल ट्रायल्स रूल्स-2019 में कुछ बदलाव करने का प्रस्ताव दिया है। इन प्रस्तावित बदलावों को 28 अगस्त को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया गया और अब जनता से सुझाव मांगे जा रहे हैं।

# पाकिस्तान-अफगानिस्तान-बांग्लादेश से 2024 तक आये अल्पसंख्यक भारत में रह सकेंगे

**पहले 2014 तक आये लोगों को मंजूरी थी, सीएए के तहत केंद्र का फैसला**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से 31 दिसंबर 2024 तक भारत आये वहां के अल्पसंख्यकों को राहत दी है। अब ये शरणार्थी (हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और इसाई) बिना पासपोर्ट के भारत में रह सकेंगे। केंद्र ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के तहत पासपोर्ट नियमों में बदलाव किया है। गृह मंत्रालय ने आदेश जारी कर बताया कि इन





समुदायों के लोग अगर वैध पासपोर्ट या दस्तावेजों के साथ भी आये थे और उनकी वैधता खत्म हो चुकी है, तब भी उन्हें रहने की छूट मिलेगी। पहले 2014 तक आये लोगों को मंजूरी थी। बताते चलें कि केंद्र सरकार ने 11 मार्च 2024 को देशभर में सीएए लागू किया था। सीएए के तहत इसी साल मई में पहली बार 14 लोगों को भारत की नागरिकता दी गयी थी।

**नेपाल-भूटान के नागरिकों को वीजा की जरूरत नहीं:** केंद्र ने बुधवार के आदेश में साफ किया कि नेपाल और भूटान के नागरिकों को भारत आने-जाने या यहां रहने के लिए पासपोर्ट और वीजा की जरूरत नहीं होगी, बशर्ते वे भारत में सीमा मार्ग से प्रवेश करें। यह व्यवस्था पहले की तरह ही जारी रहेगी। हालांकि, अगर कोई नेपाली या भूटानी नागरिक चीन, मकाऊ, हांगकांग या पाकिस्तान से भारत आता है, तो उसके पास मान्य पासपोर्ट होना अनिवार्य होगा। भारतीय नागरिकों को भी नेपाल या भूटान की सीमा से भारत आने-जाने के लिए पासपोर्ट या वीजा की आवश्यकता नहीं है, लेकिन अगर वे नेपाल या भूटान के अलावा किसी अन्य देश से भारत लौटते हैं (चीन, मकाऊ, हांगकांग और पाकिस्तान को छोड़कर), तो उन्हें मान्य पासपोर्ट दिखाना होगा।

## नागरिकता संशोधन कानून की तीन बड़ी बातें

**किसे मिलती है नागरिकताः** 31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश से धार्मिक आधार पर प्रताड़ित होकर भारत आये हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और इसाई समुदाय के लोगों को नागरिकता दी जा सकती है। इन तीन देशों के लोग ही नागरिकता के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**भारतीय नागरिकों पर असरः** भारतीय नागरिकों से सीएए का कोई सरोकार नहीं है। संविधान के तहत भारतीयों को नागरिकता का अधिकार है। सीएए या कोई कानून इसे नहीं छीन सकता।

**आवेदन कैसे करते हैंः** सीएए के तहत नागरिकता के लिए आवेदन ऑनलाइन करना होता है। आवेदक को बताना होता है कि वे भारत कब आये। पासपोर्ट या अन्य यात्रा दस्तावेज न होने पर भी आवेदन कर कर सकते हैं। इसके तहत भारत में रहने की अवधि पांच साल से अधिक रखी गयी है। इस कानून से इतर नागरिकता हासिल करने के लिए यह अवधि 11 साल से अधिक है।

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)





CAREER-ORIENTED PG/UG/DIPLOMA PROGRAMMES
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies

ADMISSION OPEN SESSION 2025-26

Faculty of Engg. & Tech
B.Tech
- Civil Engineering
- Electrical and Electronic Eng.
- Computer Science & Eng.
- CSE (Artificial Intelligence)
- CSE (Cyber Security)

Polytechnic / Diploma
- Civil Engineering
- Mechanical Eng.
- Electrical and Electronic Eng.
- Computer Science & Eng.
- Electrical Engineering

Faculty of Law
- LL.B. ▪ B.A. LL.B. ▪ B.B.A. LL.B

Faculty of Management
- Bachelor of Business Administration (BBA)
- Master of Business Administration (MBA)

Faculty of Information Tech.
- Bachelor of Computer Application (BCA)
- Master of Computer Application (MCA)
- Post Graduation in Computer Application (PGDCA)

Faculty of Education
- Bachelor of Elementary Education (B.Ed)
- Diploma of Elementary Education (D.El.Ed.)
- M.A (Education)

Faculty of Arts & Social Science
- B.A (Hindi) ▪ B.A (English) ▪ B.A (Sanskrit)
- B.A (Economics) ▪ B.A (Psychology)
- B.A (Sociology) ▪ M.A (Hindi) ▪ M.A (English)
- M.A (Sanskrit) ▪ M.A (Economics)
- M.A (Psychology ▪ M.A (Sociology)

Faculty of Pharmacy
- Diploma in Pharmacy (D.Pharm)
- Bachelor of Pharmacy (B.Pharm)

Faculty of Dental Science
- Bachelor of Dental Surgery (BDS)
- Master of Dental Surgery (MDS)

Faculty of Homeopathy
- Bachelor of Homeopathic Medicine & Surgery- BHMS
- M.D Homeopathy ▪ B.Sc Medical Pathology
- B.Sc Medical Biochemistry ▪ B.Sc Medical Microbiology
- M.Sc Medical Microbiology
- M.Sc Medical Biochemistry

Faculty of Nursing & Allied Health Science
- Bachelor of Science in Nursing (B.Sc. Nursing)
- General Nursing and Midwifery (GNM)
- Auxiliary Nurse Midwives (ANM)

Paramedical
- OT ▪ DMLT ▪ ECG ▪ X-RAY
- Medical in Sanitary Inspector
- Medical in Ophthalmic Assistant
- Medical in Certificate in Dresser

Library Science
- B.Lib.I.Sc. ▪ M.Lib.I.Sc

Faculty of Science
- B.Sc. (Mathematics) ▪ B.Sc. (Chemistry) ▪ B.Sc. (Physics)
- B.Sc. (Botany) ▪ B.Sc. (MLT) ▪ B.Sc. (Zoology)
- B.Sc. (Pathology) ▪ B.Sc. (Biochemistry) ▪ B.Sc. (Microbiology)
- M.Sc. (Mathematics) ▪ M.Sc. (Chemistry) ▪ M.Sc. (Physics)
- M.Sc. (Botany) ▪ M.Sc. (Zoology) ▪ M.Sc. (Physiology)
- M.Sc. (Biochemisty) ▪ M.Sc. (MLT) ▪ M.Sc (Microbiology)

Faculty of Commerce
- B.Com ▪ M.Com

TRANSPORT FACILITIES | HOSTEL FACILITIES | LUSH GREEN CAMPUS | WI-FI CAMPUS | WORLD CLASS INFRASTRUCTURE | 100% PLACEMENT ASSISTANCE

Admission Helpline: 9661462506, 6206297213, 9934688493
Farathiya, Garhwa-822114, Jharkhand https://bdsu.ac.in/

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW


# कराह रहा महुदा कॉलेज: राजनीति की बलि चढ़ता शिक्षा का मंदिर

## ■ न्याय के लिए तड़प रहा संस्थान, भ्रष्टाचारियों को संरक्षण और निर्दोष कर्मचारी तनख्वाह से वंचित

## ■ कोई तो मेरी पीड़ा समझो, महुदा कॉलेज की मौन पुकार

**समीद खान**

मैं महुदा कॉलेज हूं। कभी गर्व से सीना चौड़ा कर कहता था कि मेरी गोद से निकलकर निकले छात्र ही इस समाज और देश के भविष्य के निर्माता हैं। मैं एक मां की तरह हर बच्चे को ज्ञान का संस्कार देता रहा। पर आज मैं टूट चुका हूं, झुक चुका हूं और भीतर ही भीतर सड़ रहा हूं। भ्रष्टाचार का दीमक मुझे खोखला कर रहा है, और मेरे आंगन की मासूमियत लगातार आहत हो रही है। क्या किसी को मेरी पीड़ा नहीं दिखती? क्या मेरे अंदर की चीख सुनायी नहीं देती? राजनीति के संरक्षण में पल रहे कुछ भ्रष्टाचारी मुझे जकड़ कर मेरे अस्तित्व को नष्ट करने पर तुले हैं। आज मैं अपने ही बच्चों की नजरों में असहाय और लाचार खड़ा हूं। मैं पूछता हूं– क्या एक मां की तरह समाज को भविष्य देने वाली इस संस्था की रक्षा के लिए कोई आगे नहीं आयेगा? क्या मेरी करुण पुकार यूं ही सन्नाटे में दब जायेगी? या फिर कोई ऐसा होगा जो इन भ्रष्टाचारियों के खिलाफ खड़ा होकर मुझे बचायेगा, ताकि मैं फिर से उसी शान और जिम्मेदारी के साथ समाज को सच्चे नागरिक दे सकूं? शिक्षा का मंदिर कहे जाने वाला महुदा कॉलेज आज भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के बोझ तले कराह रहा है। कभी जहां से जिम्मेदार नागरिक निकलकर समाज और राष्ट्र का भविष्य संवारते थे, वहीं आज यह संस्थान खुद न्याय की गुहार लगा रहा है। कॉलेज की पीड़ा मानो उसकी दीवारों से निकल रही हो– मैंने एक मां की तरह समाज को शिक्षित संतानों का उपहार दिया। लेकिन आज राजनीति और प्रशासनिक संरक्षण में पल रहे भ्रष्टाचारियों ने मुझे खोखला कर दिया है। क्या मुझे बचाने कोई आगे नहीं आयेगा?

### राजनीति और भ्रष्टाचार के शिकंजे में

महुदा कॉलेज में फैले भ्रष्टाचार पर कार्रवाई करने के बजाय झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने कॉलेज का अनुदान ही रोक दिया। परिणामस्वरूप, कॉलेज के तमाम शिक्षकों और कर्मचारियों को पिछले सात महीनों से तनख्वाह तक नहीं मिल पायी है। स्थानीय लोगों और पीड़ित कर्मचारियों का सवाल है–क्या यह कदम भ्रष्टाचारियों को बचाने और निर्दोषों को सजा देने की दिशा में उठाया गया है? क्योंकि कॉलेज से जुड़े कई लोग स्पष्ट आरोपियों की ओर इशारा कर चुके हैं, बावजूद इसके अब तक उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। क्षेत्र के बुद्धिजीवी और सामाजिक संगठनों का कहना है कि सरकार और शिक्षा विभाग को इस मामले की पूरी जानकारी दी जा चुकी है। क्षेत्र के लोगों सहित कई पीड़ितों ने बार-बार पत्राचार कर भ्रष्टाचार की शिकायत दर्ज करायी, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से अब तक दोषियों पर कार्रवाई के बजाय आम कर्मचारियों और शिक्षकों को ही संकट में डाल दिया गया है। यह स्थिति न केवल महुदा कॉलेज की साख पर सवाल खड़ा कर रही है, बल्कि यह भी सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर क्यों भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दिया जा रहा है और निर्दोष कर्मचारी दो वक्त की रोटी के लिए तरस रहे हैं।

बताया जाता है कि महुदा कॉलेज का निर्माण एक दर्दनाक घटना से जुड़ा हुआ है। उस दौर में जब महुदा में उच्च शिक्षा का कोई साधन नहीं था, क्षेत्र के छात्र धनबाद कॉलेज जाते थे। इसी दौरान सड़क दुर्घटना में एक छात्र की मौत ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। तब तत्कालीन मुखिया हाजी अब्दुल रब अंसारी ने बुद्धिजीवियों संग मिलकर महुदा में ही कॉलेज खोलने का संकल्प लिया। लोगों की मेहनत और बीसीसीएल कर्मियों के श्रमदान से वर्ष 1981-82 में कॉलेज की नींव पड़ी और 2000 में लालबंगला में इसे व्यवस्थित रूप से शुरू किया गया। वर्ष 2010 में झारखंड सरकार ने स्थायी मान्यता हेतु 7 एकड़ भूमि की शर्त रखी, जबकि कॉलेज के पास केवल साढ़े 3 एकड़ भूमि ही उपलब्ध थी। फलस्वरूप कॉलेज को केवल इंटर स्तर तक की अस्थायी स्वीकृति मिली। इसके बावजूद स्थानीय बुद्धिजीवियों, कर्मियों और जमीन दानदाताओं की मदद से कॉलेज चलता रहा। लेकिन सचिव अब्दुल रब अंसारी की मृत्यु के बाद कॉलेज में भ्रष्टाचार की जड़ें जमने लगीं। जीवी मीटिंग में जब संचालन की कमान दीप नारायण शर्मा को सौंपी गयी, तभी से कॉलेज में अनियमितता और भ्रष्टाचार बढ़ने लगा। उस समय शासी निकाय के अध्यक्ष बाघमारा विधायक (वर्तमान सांसद) ढुल्लू महतो थे। 15 साल तक भ्रष्टाचार की शिकायतें उठीं, मगर आवाज उठाने वालों को निलंबन झेलना पड़ा।

आज स्थिति यह है कि योग्य व्यक्तियों को दरकिनार कर अयोग्यों को सचिव और प्राचार्य बना दिया गया है। राजनीतिक संरक्षण में कॉलेज का अस्तित्व गर्त में चला गया है। लोग मानते हैं कि महुदा कॉलेज शिक्षा का मंदिर न रहकर अब राजनीति का शिकार बन चुका है।




**आजाद सिपाही खास**

### गंभीर आरोपों की फेहरिस्त

कॉलेज पर लगे आरोप मामूली नहीं हैं। सूत्रों और कॉलेज से जुड़े कर्मचारियों के मुताबिक–

इपीएफओ में करोड़ों का भ्रष्टाचार सामने आया है।

कॉलेज पर करीब 2 करोड़ रुपये का फाइन झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा लगाया गया है।

नियमावली के विरुद्ध अयोग्य व्यक्ति को प्राचार्य बना दिया गया।

सचिव पद पर रहते हुए शिक्षकों व शिक्षकेतर कर्मचारियों को प्रताड़ित करने के मामले सामने आये हैं।

सचिव पद पर रहते हुए अन्य पदों पर बने रहकर अनियमित रूप से वेतन उठाने के आरोप हैं। नियम विरुद्ध जाकर अपने सगे-संबंधियों को प्रोफेसर नियुक्त किया गया।

कॉलेज में भ्रष्टाचार का विरोध करने वाले कर्मचारियों और शिक्षकों को सस्पेंड करना या शो-कॉज नोटिस थमाना आम बात हो गयी है।

### प्रशासन की खामोशी पर सवाल

इन गंभीर आरोपों और भ्रष्टाचार की परतें खुलने के बावजूद प्रशासन और उच्च शिक्षा विभाग की खामोशी ने स्थानीय समाज को आक्रोशित कर दिया है। अभिभावकों और छात्रों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो यह कॉलेज अपनी साख और अस्तित्व दोनों खो देगा।

### मांगें तेज

क्षेत्रीय सामाजिक संगठन और बुद्धिजीवी वर्ग ने राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग से मांग की है कि महुदा कॉलेज को भ्रष्टाचारियों की जकड़ से मुक्त कराया जा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाये, ताकि यह संस्थान फिर से शिक्षा का मजबूत केंद्र बन सके।

### नियम-कानून की अनदेखी की गयी : गंगेश झा

पूर्व प्राचार्य गंगेश झा ने आरोप लगाया कि वर्ष 2020 के बाद से सचिव दीप नारायण शर्मा ने कॉलेज के नियम-कानून की अनदेखी करते हुए गलत तरीके से डिग्री का एफिलिएशन लाया और स्वयं को अनुचित ढंग से सचिव घोषित कर लिया। उन्होंने कहा कि नियम के अनुसार दानदाता को कॉलेज खाते में 25 हजार रुपये चेक द्वारा जमा करना होता है, लेकिन इनके सचिव बनने की प्रक्रिया सबके सामने स्पष्ट है। झा ने कहा कि कॉलेज में व्याप्त भ्रष्टाचार ने संस्था के अस्तित्व को संकट में डाल दिया है। उन्होंने विभाग और सरकार से जिम्मेदारों पर कार्रवाई कर कॉलेज को सुचारु रूप से संचालित कराने की अपील की।

### महुदा कॉलेज का भविष्य अंधकार में : समद अंसारी

महुदा क्षेत्र के स्थानीय निवासी समद अंसारी ने कहा कि दीपनारायण शर्मा के सचिव बनने के बाद से महुदा कॉलेज का भविष्य अंधकार में चला गया। आश्चर्य है कि वर्तमान सांसद ढुल्लू महतो, जो 15 वर्षों तक बाघमारा विधायक रहते हुए कॉलेज शासी निकाय के अध्यक्ष रहे, उन्होंने कभी भ्रष्टाचार पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। आज उनके बड़े भाई विधायक और अध्यक्ष हैं, लेकिन हालात और बिगड़ गये हैं। कॉलेज में भ्रष्टाचार चरम पर है और शिक्षा का माहौल पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। समद अंसारी ने स्पष्ट कहा कि महुदा कॉलेज राजनीति का शिकार बन चुका है। उन्होंने सरकार से अपील की कि कॉलेज के अस्तित्व को बचाने के लिए त्वरित कदम उठाये जायें और भ्रष्टाचार में लिप्त जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जायें।

# पांच दशक से खूंटी के लोग झेल रहे हैं हाथियों के आतंक का दंश



**अनिल मिश्रा**

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी ही नहीं, झारखंड के जंगली इलाकों में बसे गांवों के लोग पिछले पांच दशकों से जंगली हाथियों का आतंक झेलने को विवश हैं। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने हाथियों के हमले में अपनी जान गंवाई और करोड़ों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ। जंगली हाथियों के आक्रमण से निजात दिलाने की मांग को लेकर खूंटी जिले के लोगों ने सड़क जाम, सरकारी कार्यालयों का घेराव, रेल रोको सहित तरह के आंदोलन किये, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात रहा। हाथी भी अब इतने निडर हो गये हैं कि वे दिन दहाड़े शहरों में भी पहुंचने लगे हैं। खूंटी क्षेत्र के लोगों के लिए लगभग 15-20 वर्ष वहले ही राज्य सरकार ने कर्रा पखंड के इंद्रवन(इंद वन) में हाथियों के लिए आश्रयणी बनाने की घोषणा की की, लेकिन योजना कभी धरातल पर नहीं उतरी। इतना हीं नहीं, जिन क्षेत्रों में हाथी के आक्रमण अधिक होते हैं, इन जंगली इलाकों में बाड़ लगाने सहित कई तरह के उपायों की घोषणा की गयी थी, लेकिन सभी योजनाएं फाइलों में ही मिट कर रह गयी। ग्रामीण कहते हैं वन विभाग का काम सिर्फ हाथियों के हमले में मारे गये लोगों के शवों का पोस्टमार्टम करना और अंतिम क्रिया के लिए कुछ हजार रुपये पीड़ित परिवार को देना भर रह गया है। तोरपा प्रखंड के डेरांग, रोन्हे, कालेट, गिड्डम, एरमेरे सहित कई गांवों के ग्रामीण बताते हैं कि हाथियों के भय से उन्होंने खेती करना तक छोड़ दिया है। खेतों में तो फसलों को हाथी बर्बाद करते ही हैं, घरों में रखे अनाज भी सुरक्षित नहीं हैं।

### क्यों बढ़ रहा है मानव और हाथियों के बीच संघर्ष

खूंटी ही नहीं, झारखंड, ओड़िशा, छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों में मानव और जंगली हाथियों के बीच संघर्ष लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अखिर क्या कारण है कि मानव और गजराज एक दूसरे की जान के दुश्मन बनते जा रहे हैं।

### जंगलों के उजड़ने से छिन रहा है हाथियों का आशियाना: अर्जुन बड़ाइक

रनिया के रहनेवाले सेवानिवृत्त वन प्रमंडल पदाधिकारी अर्जुन बड़ाइक कहते हैं कि जंगलों की अवैध और अंधाधुंध कटाई के कारण जंगली हाथियों का आशियना छिनता जा रहा है। इसके कारण वे जंगलों से बाहर आकर भेजन और पानी की तलाश में गांवों पर हमले कर रहे हैं। इसके अलावा घने जंगलों में नक्सलियों की गतिविधि तेज होने के कारण भी गजराज जंगल से बेदखल हो रहे हैं। अर्जुन बड़ाइक कहते हैं कि हमें प्रकृति से छेड़छाड़ बंद करना होगा और जंगलों की सुरक्षा करनी होगी। तोरपा के शिक्षाविद और सेवानिवृत्त शिक्षक पंचम साहू कहते हैं कि जब कोई हमारा घर छिनेगा, तो हमें कहीं न कहीं तो आश्रय चाहिए। उन्होंने कहा कि जंगली जानवर हमारे अभिन्न अंग हैं। वे हमारी रक्षा नहीं करेंगे, पर उनकी रक्षा करना हमारी बड़ी जिम्मेवारी है। यदि जानवर संरक्षित नहीं रहेंगे, तो प्रकृति का संतुलन बिगड़ना तय है। कर्रा प्रखंड के प्रगतिशील किसान दिलीप शर्मा कहते हैं कि झारखंड के सारंडा, इंद्र वन, नगड़ा जगल सहित कई घने जंगल कभी हाथियों के शांपूर्ण और सुरक्षित आश्रय थे, जहां जंगलों की गहराइयों में गजराज स्वछंद होकर घूमते थे, लेकिन वनों का क्षेत्रफल लगातार सिकुड़ता जा रहा है। इसका खमियाजा हमलोगों को भुगतना पड़ रहा है।

# पुलिस की घेराबंदी और भगदड़ देख लगा, कोई इनकाउंटर चल रहा...



**आनंद कुमार**

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बुधवार को बच्चों को स्कूल से लाने में आदित्यपुर गोलचक्कर की चारों सड़कों पर जमशेदपुर पुलिस की घेराबंदी और भगदड़ देख लगा कि कोई इनकाउंटर चल रहा है, रोमांच हो आया। निकट गया तो देखा हेलमेट और सीटबेल्ट न लगानेवाले अपराधियों को रगेदकर दबोचा जा रहा है। फिर याद आया दुर्गा पूजा करीब है।

सीट बेल्ट और हेलमेट चेकिंग के नाम पर आम जनता का उत्पीड़न तो पूरे झारखंड में आम है, लेकिन रांची और कई अन्य शहरों में ट्रैफिक पुलिस भीड़भाड़ के समय थोड़ा यातायात व्यवस्था भी संभाल लेती है। यहां तक कि उस गोलचक्कर से 500 मीटर दूर सरायकेला जिले के आदित्यपुर में आकाशवाणी और शेरे पंजाब चौक पर यातायात सिपाही ट्रैफिक व्यवस्था संभालते दिख जाते हैं, लेकिन जमशेदपुर में पुलिसवाले शिकार की तलाश में ऐसे घात लगाये रहते हैं, जैसे आसमान से चील नीचे चूहे पर नजर टिकाये रहती है...

लेकिन हैरानी होती है कि ये ट्रैफिकवाले अंधाधुध तेजी से गाड़ी चलानेवालों, बाइक से साइलेंसर से फायरिंग की आवाज निकालनेवालों, भांय-भांय इंजन का शोर मचानेवालों, कानफाड़ू म्यूजिक बजाने वाले को कभी नहीं पकड़ते। ये लोग बड़ी शान से पुलिसवालों के सामने से गुजरते हैं। पता नहीं क्यों कोई अधिकारी इस सिस्टम को नहीं बदलता। यहां तक कि राजधानी रांची की पुलिस व्यवस्था की समान संभाल चुके अधिकारी भी यहां आकर यहीं के सिस्टम में ढल जाते हैं।

हां, एक जगह ऐसी है जहां ट्रैफिक पुलिस कभी नहीं दिखती। जमशेदपुर के लोग जानते हैं। और हर शहर में ऐसा एक इलाका होता है, जहां कोई कानून नहीं चलता..।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**संख्या : एस.जी. 664–09–टेली–2025–26 धनबाद दिनांक, दिनांक 29.08.2025 ई.निविदा सचूना सं. एस.जी. 664–09–टेली–2025–26** भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्रम सं० : 1. कार्य का नाम :** धनवाद डिवीजन के जी.सी. सेक्शन में सुरंगों के लिए सुरंग रेडियो संचार प्रणाली का प्रावधान करने हेतु। **2. कार्य का आकलित मूल्य :** ₹ 3,87,77,895.72, **3. कार्य का अग्रधन राशि :** ₹ 3,43,900.00, **4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 22–09–2025 (12:00 बजे)।

**5.** ऐसी ई:निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई.निविदा के ई.निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : **http//www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होंगे। द्रष्टव्य :– प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई.निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए ये निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट : **http//www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

**वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**
**पीआर/0872/डीएचएन/एस&टी/टी/25–26/40**

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

**क्र.सं. :** 1, **ई–निविदा सं. :** 164-DHN-2025-26, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** धनबाद मंडल के नगर ऊंटारी (NUQ) (01 नं.), दुधीनगर (DXN) (01 नं.) एवं गुरमुरा (GMX) (01 नं.) स्टेशनों पर पुराने पीएस टैंक एवं सीआई टैंक को बदलना। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 5,29,50,470.59

**क्र.सं. :** 2, **ई–निविदा सं. :** 165-DHN-2025-26, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** धनबाद मंडल के रेणुकुट (RNQ) (01 नं.) में पुराने पीएस टैंक एवं सीआई टैंक का बदलना। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 2,71,78,816.64

**क्र.सं. :** 3, **ई–निविदा सं. :** 166-DHN-2025-26, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** सहा.मं. अभि./1/गोमो के अधीन स्टाफ क्वार्टरों गोमो के क्षतिग्रस्त दरवाजा एवं खिड़की का मरम्मत। **06 (छ:) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 64,99,300.87

**क्र.सं. :** 4, **ई–निविदा सं. :** 167-DHN-2025-26, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** सहा.मं. अभि./1/गोमो के अधीन नार्थ साइड कॉलोनी गोमो में स्टाफ क्वार्टरों का मरम्मत एवं नवीनीकरण। **06 (छ:) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 64,99,337.65

**क्र.सं. :** 5, **ई–निविदा सं. :** 168-DHN-2025-26, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** टनकुप्पा स्टेशन सीमा :– व.मं.अभि./2/धनबाद के अधीन टनकुप्पा स्टेशन सीमा में किमी. 449/5–7 पर अनाधिकृत प्रवेश की समाप्ति के लिए एलएचएस का प्रावधान और गोमो एवं कोडरमा सेक्शन के बीच तीसरी एवं चौथी लाइन के निर्माण के संबगंध में टनकुप्पा स्टेशन सीमा में किमी. 449/5–7 पर अनाधिकृत प्रवेश की समाप्ति के लिए एलएचएस का प्रावधान। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 9,97,90,610.18

**क्र.सं. :** 6, **ई–निविदा सं. :** 169-DHN-2025-26, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** सहा.मं. अभि./1/गोमो के अधीन साउथ साइड कॉलोनी गोमो में स्टाफ क्वार्टरों का मरम्मत एवं नवीनीकरण। **06 (छ:) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 64,99,871.99

**क्र.सं. :** 7, **ई–निविदा सं. :** 170-DHN-2025-26, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** जीसी सेक्शन :– व.मं.अभि./2/धनबाद के क्षेत्राधिकार में विभिन्न बृहद पूलों (अर्थात पूल सं. 34A, 39, 42A, 71, 116, 150, 151, 160, 167, 187, 202, 332 और 416) का मरम्मत कार्य जैसे कि डिसिल्टिंग, इपॉक्सी ग्राउटिंग, फ्लोरिंग, निरिक्षण सिढ़ी, चेकर्ड प्लेट इत्यादि। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 5,18,59,261.47

**क्र.सं. :** 8, **ई–निविदा सं. :** 171-DHN-2025-26, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** डीएफसी फीडर रूट के संबंध में राजाबेड़ा–तुपकाडीह के बीच पूल सं. 8 का इंस्ट्रूमेन्टेशन। **03 (तीन) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 34,05,058.00

**क्र.सं. :** 9, **ई–निविदा सं. :** 172-DHN-2025-26, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** गोमो–बरकाकाना– आरसीसी बॉक्स/पाइप पूलों के द्वारा बदलना (छोटे पूल सं. 179, 181, 184 और 185)। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 5,17,58,109.96

**क्र.सं. :** 10, **ई–निविदा सं. :** 173-DHN-2025-26, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** पू.म. रेल, धनबाद मंडल के व. अनु. अभि.(ब्रिज)/डाल्टनगंज के अधीन बृहद पुल सं. 02 का आवधिक पेंटिंग तथा व. अनु. अभि. (ब्रिज)/डाल्टनगंज के अधीन पुल सं. 334UP, 334DN, 315UP, 315DN, 253DN, 246UP, 246DN, 240UP, 240DN, 231UP, 231DN, 210UP, 210DN, 199DN, 173, 221DN, 222DN, 225DN, 262B, 270DN, 278DN, 312DN, 314DN, 327DN के बियरिंग का आवधिक ग्रिसिंग। **09 (नौ) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 27,30,457.17

**क्र.सं. :** 11, **ई–निविदा सं. :** 174-DHN-2025-26, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** धनबाद मंडल में व. अनु. अभि.(ब्रिज)/धनबाद के अधीन पुल सं. 10(UP & DN), 238A (UP & DN), 2A, 19A, 27A, 32A, 8 (North) और 8 (South) का आवधिक पेंटिंग तथा पुल सं. 187UP, 10DN, 128 (UP & DN), 169 (UP & DN), 17 (ROB), 40 (ROB) और 18A (ROB) का ग्रिसिंग। **09 (नौ) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 14,74,543.90

**क्र.सं. :** 12, **ई–निविदा सं. :** 175-DHN-2025-26, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** सहा.मं. अभि./कोडरमा के अधीन (i) कोडरमा–बरकाकाना–टीआरआर/पी– 1.750 किमी कोडरमा–पदमा के बीच में 1 किमी (एसएल) एवं खादगदा–कथौटिया 0.750 किमी (एसएल) और (ii) कोडरमा–बरकाकाना – टीआरआर/पी– 1.750 किमी खादगदा–कथौटिया के बीच में 1.750 किमी (एसएल) एवं खादगदा–कथौटिया 0.750 किमी (एसएल) सेक्शन। **12 (बारह) महीना, कार्य की लगभग लागत (रू. में) :** 75,51,217.80

**ब्याने की राशि (रू. में) :** ब्याने की राशि http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय :** ई–निविदा बंद होने की तारीख 23.09.2025 को 12:00 बजे तक। ई–निविदा खुलने की तारीख 23.09.2025 को 12:30 बजे से। **वेबसाइट का विवरण : http://www.ireps.gov.in** ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

**मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)**
**पूर्व मध्य रेल/धनबाद**
**पीआर/0874/डीएचएन/इंजी०/टी/25–26/136**




**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.1 °c | 22.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.05 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.32 बजे |



### झामुमो ने विस्थापन एवं पुनर्वास आयोग के फैसले का स्वागत किया

# राहुल गांधी से पहले भाजपा को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए: सुप्रियो भट्टाचार्य

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झामुमो ने हेमंत सोरेन सरकार की कैबिनेट द्वारा विस्थापन एवं पुनर्वास आयोग की नियमावली की मंजूरी के फैसले का स्वागत किया है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्या ने इसके साथ-साथ तीन अकादमी बनाने, मोरहाबादी स्थित शिबू सोरेन के सरकारी आवास को उनकी पत्नी रूपी सोरेन के नाम पर अलॉट करने और दिशोम गुरु से जुड़ी यादों को सहेजने और संजोने के लिए बनने वाले संग्रहालय को लेकर कैबिनेट के फैसले का झामुमो ने स्वागत किया है। बुधवार को पार्टी के कैंप कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि झामुमो के लिए राज्य के आदिवासियों-मूलवासियों के विस्थापन और पुनर्वास शुरू से बड़ा मुद्दा रहा है। विस्थापन के विरोध और पुनर्वास के लिए 2001 में कोयलकारो परियोजना आया था, जहां विस्थापितों के आंदोलन हुए हम उस आंदोलन में शामिल रहे हैं और उसके बाद बाबूलाल मरांडी की सरकार में वहां गोली चली थी। कई लोग शहीद हुए और फिर गुरुजी ने इस बात को संसद में उठाया तब यह परियोजना बंद हुई। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि इस प्रकार नेतरहाट फायरिंग रेंज का आंदोलन चला, हजारों लोग विस्थापित हो रहे थे हम लोगों ने सशक्त आंदोलन खड़ा किया और उसे फील्ड फायरिंग रेंज को भी गुरु जी की सरकार बनने पर रद्द किया गया। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि हम अपने झामुमो के 13 वें केंद्रीय महाधिवेशन में राजनीतिक प्रस्ताव में विस्थापन एवं पुनर्वास आयोग के गठन की मांग की थी। हेमंत सोरेन की प्रगतिशील सरकार ने जनता की आकांक्षा को पूरा किया है और यह राज्य वासियों को करम पर्व का उपहार दिया है।



प्रधानमंत्री द्वारा अपनी मां को कहे अपशब्दों का जिक्र और राहुल गांधी से इसके लिए माफी मांगने की भाजपा नेताओं की मांग पर सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि जब राहुल गांधी ने कोई अपशब्द ही नहीं कहा तो वह माफी क्यों मांगेंगे। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि दरभंगा में जो घटना घटी वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन इस घटना की उपज कहां से हुई यह भी पता करना चाहिए। जब प्रधानमंत्री और उनके दल के नेता महिलाओं के प्रति खासकर कांग्रेस के नेतृत्व के बारे में क्या-क्या नहीं कहा, इस पर भी भाजपा के नेताओं को जवाब देना चाहिए।

सुप्रियो ने कहा कि जर्सी गाय, बारबाला, 50 करोड़ की गर्लफ्रेंड, प्रधानमंत्री के मुंह से ये सब बात निकली है। कपड़े देख कर लोगों की पहचान करने वाले, पंचर बनाने वाला, भैंस खोलकर ले जाने वाला यह। यह सब प्रधानमंत्री की बोली है क्या, यह बहुत दुखद है। सुप्रियो ने कहा कि दरभंगा में वोटर अधिकार यात्रा के बाद मंच से जिस व्यक्ति ने पीएम मोदी की मां को अपशब्द कहे, उसको पुलिस ने पकड़ भी लिया और उसका पॉलिटिकल रिलेशन भी साबित हो गया है।

उसमें फिर राहुल गांधी की गलती कहां है? कांग्रेस कार्यालय में भाजपा की लंपट गिरी करना कहां तक ठीक है। बबूल का गुठली लगायेंगे तो आम का फल कहां मिलेगा? सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि हम सब किसी न किसी की संतान हैं, हम सब की माताएं हैं, मां की कोई विशेष श्रेणी नहीं होती है कि वह पीएम की माता हैं या किसी सामान्य व्यक्ति की। पहले भाजपा को सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए।

# राज्य सरकार के लिए महिला की सुरक्षा और भ्रष्टाचार कोई मुद्दा नहीं: प्रदीप वर्मा

- 6 वर्षों में नहीं गठित हुआ महिला आयोग, सूचना आयुक्त, लोकायुक्त के पद भी खाली
- विस्थापन के जिम्मेवार कांग्रेस पार्टी के साथ ले रहे सत्ता का सुख

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने झामुमो की प्रेसवार्ता पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया दी। डॉ वर्मा ने कहा कि झामुमो सस्ती लोकप्रियता के लिए अपनी पीठ खुद थपथपाने में लगा है। उन्होंने कहा कि झामुमो एक ओर विस्थापन आयोग और साहित्य कला अकादमी के नाम पर हेमंत सरकार की प्रशंसा करने में जुटा है, लेकिन इस सरकार के लिए महिलाओं की सुरक्षा, बहन बेटियों की इज्जत आबरू बड़ा मुद्दा नहीं है। इसीलिए पिछले 6 वर्षों से सत्ता में रहा झामुमो अबतक महिला आयोग गठित करने के लिए सरकार को बाध्य नहीं कर सका। ऐसे भी इंडी गठबंधन में महिलाओं के प्रति क्या नजरिया है यह राज्य की जनता से छुपा हुआ नहीं है।



उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं इस राज्य में भ्रष्टाचार के रोज नये मामले उजागर हो रहे, लेकिन सरकार पर कानून का शिकंजा कसे नहीं। इसलिए हेमंत सरकार लोकायुक्त की नियुक्ति करने से भाग रही। उन्होंने कहा कि बार-बार की बहानेबाजी के बीच न्यायालय के सख्त निर्देश के बाद भी राज्य में सूचना आयुक्तों के पद नहीं भरे गये। इससे साफ है कि हेमंत सरकार अपनी नाकामियों को सूचना अधिकार के माध्यम से उजागर होने देना नहीं चाहती है। उन्होंने कहा कि एक तरफ राज्य सरकार विस्थापन आयोग के गठन की बात कर रही है, वहीं दूसरी ओर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री रिम्स 2 के नाम पर नगड़ी के खेतिहर रैयतों को उजाड़ने के लिए अड़े हुए हैं।

डॉ वर्मा ने कहा कि झारखंड में विस्थापन के लिए पूरी तरह जिम्मेवार कांग्रेस पार्टी है। पिछले 60 वर्षों के कांग्रेस शासन में राज्य के लाखों लोग बेघर हुए। अपनी जमीन से विस्थापित हुए, लेकिन आज इसी कांग्रेस के साथ सत्ता की मलाई खाने वाला झामुमो विस्थापित आयोग की बात कर रहा है। डॉ वर्मा ने कहा कि इसके पूर्व भी कई आयोग बनाने की बात राज्य सरकार ने किया है लेकिन धरातल पर एक भी नहीं उतर पाया क्योंकि राज्य सरकार की मंशा साफ नहीं। नीति और नियत में आसमान जमीन का अंतर है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार को जनहित में राज्य हित में जरूरी काम करने की सोच विकसित करनी चाहिए और सस्ती लोकप्रियता से बचना चाहिए।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** — कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृष** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**मिथुन** — आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।

**कर्क** — काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

**सिंह** — कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।

**कन्या** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** — आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।

**वृश्चिक** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।


**मकर** — समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

**कुंभ** — रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** — किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in





## जमीनी विवाद को लेकर मारपीट, कई घायल



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** जमीनी विवाद को लेकर बड़कागांव थाना क्षेत्र के बिश्रामपुर गांव में मारपीट हो गयी। जिसमें कई लोग घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए बड़कागांव सीएचसी भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक पक्ष विवादित जमीन पर अपना घर बना रहा था जिसमें दूसरा पक्ष रोकने के लिए गया। इस बीच दोनों पक्षों के बीच बात बढ़कर मारपीट में तब्दील हो गयी जिसमें कई लोग घायल हो गये हैं घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मामला को शांत कराया और घायलों को इलाज हेतु बड़कागांव भेजा गया। वहीं दूसरी ओर समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों की ओर से थाने में आवेदन देने की प्रक्रिया जारी है। घायलों में मुख्य रूप से संजय कुमार, निखिल कुमार, रीना देवी, कपाली देवी, विनोद कुमार, शिव कुमार, सूरज महतो का नाम शामिल है।

## विकराल बन रहा जयनगर मुख्य मार्ग पर जाम की समस्या



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जयनगर मुख्य मार्ग पर जाम की समस्या धीरे-धीरे विकराल बनती जा रही है। पिछले कुछ दशकों से प्रखंड में जिस रफ्तार से विकास के कार्य हुए उस अनुपात में जयनगर मुख्य मार्ग के बाईपास सड़कों का विकास नहीं होने के कारण जाम की समस्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। जयनगर मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण भी इसका एक महत्वपूर्ण कारण बना है। कोडरमा- कोवार मुख्य मार्ग पर जयनगर सड़क पर हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इंडिया एवं पेठियाबागी बाजार सहित कई व्यवसायिक भवनों के समीप पार्किंग नहीं होने के कारण भी ग्राहक सड़क पर ही अपना वाहनों को खड़ा कर देते हैं जिससे लोगों को जाम का सामना करना पड़ता है। वहीं जयनगर मुख्य मार्ग पर दोनों ओर से बड़े-बड़े वाहन घुसने के बाद पूरी तरह जाम लग जाता है। शुक्रवार और मंगलवार को बाजार के दिन काफी परेशानियों को सामना करना पड़ा। जिससे लोगों को लगभग दो से तीन घंटे जाम में फंसे रहे।

## अनंत चतुर्दशी 6 को



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** भाद्रपद शुक्ल चतुर्दशी को अनंत चतुर्दशी कहते हैं। इस दिन भगवान विष्णु के अनंत रूप की पूजा की जाती है। अनंत धागा बांधा जाता है। मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने और अनंत भगवान की पूजा करने से सारे दुख-दर्द खत्म हो जाते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। साथ ही गणेश उत्सव का समापन भी अनंत चतुर्दशी के दिन गणेश विसर्जन के साथ होता है। इस दिन गणपति बप्पा को विदाई दी जाती है, साथ ही अगले बरस जल्दी आने की गुहार भी जाती है। इसी दिन जैन धर्म में 10 दिन के पर्यूषण पर्व की समाप्ति होती है। जैनी लोग अनंत चतुर्दशी के दिन निर्जला व्रत रखते हैं। पं कुंतलेश पाण्डेय ने बताया कि अनंत चतुर्दशी की तिथि 6 सितंबर को तड़के सुबह 3 बजकर 12 मिनट से शुरू होगी और 6 व 7 सितंबर की मध्यरात्रि 1 बजकर 41 मिनट पर समाप्त होगी। लिहाजा अनंत चतुर्दशी की पूजा और गणेश विसर्जन 6 सितंबर 2025, शनिवार को ही किया जायेगा। अनंत चतुर्दशी के दिन गणेश विसर्जन करने के लिए शुभ मुहूर्त हैं।

## सांसद ने दी हजारीबाग जिला और सदर विधानसभा के अपने सांसद प्रतिनिधियों को नयी दिशा



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर विधानसभा क्षेत्र के नव मनोनीत सांसद प्रतिनिधियों को मंगलवार की देर शाम सिलवार स्थित तथास्तु फार्म्स सभागार में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के माननीय सांसद मनीष जायसवाल जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। सांसद मनीष जायसवाल ने 'कोई कड़ी टूटे नहीं, विकास कभी छूटे नहीं' के मंत्र पर जोर देते हुए केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य विकास को गति देना और समाज के हर वर्ग का उत्थान करना है। इसके लिए वे व्यक्तिगत स्तर पर भी कई योजनाएं चला रहे हैं, ताकि लोग उन्हें हमेशा एक सच्चे जनसेवक के रूप में अपने बीच महसूस करें। सांसद मनीष जायसवाल ने सभी प्रतिनिधियों को आपस में बेहतर तालमेल बनाए रखने और जनहित में समर्पित भाव से काम करने का निर्देश दिया, ताकि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में बदलाव और विकास की गति को और तेज किया जा सके। इस मौके पर विशेषरूप से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह और सह-सांसद प्रतिनिधि विनोद झुनझुनवाला और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, हजारीबाग जिले के सांसद प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, हजारीबाग जिला सांसद सह प्रतिनिधि इन्द्रनारायण कुशवाहा, जीवन मेहता भी मौजूद रहें। बैठक के उपरांत सांसद प्रतिनिधियों ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल का मार्गदर्शन उन्हें नई ऊर्जा से भर देता है और इससे जरूरतमंदों की सेवा करने तथा उनके जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने में मदद मिलती है। मौके पर सदर विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि किशोर कुमार राणा, विशाल वाल्मीकि, रेणुका साहू, दीपू यादव, लब्बू गुप्ता, बीरेंद्र कुमार बीरू, प्रेमचंद प्रसाद, मिथलेश यादव, कृष्णा मेहता, दामोदर प्रसाद, बलदेव बाबू मौजूद रहें ।

## बाबूलाल पहुंचे मरकच्चो, कार्यकर्ताओं ने रखी समस्याएं



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी बुधवार को बरकट्ठा में आयोजित फुटबॉल मैच में भाग लेने जाने के क्रम मे बंधन चौक स्थित पूर्व प्रमुख सावित्री देवी के आवास पर थोड़ी देर के लिए रुके। मौके पर पूर्व प्रमुख सावित्री देवी ने शाल देकर स्वागत किया। साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी बाबूलाल मरांडी को फूल माला देकर स्वागत किया। इस दौरान मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोडरमा गिरिडीह जिला को जोड़ने वाली पंचखेरो जलाशय पर पुल निर्माण और कर्मा धाम का सडक निर्माण सहित कई समस्या को रखा। समस्या सुनने के बाद उन्होंने अश्वासन दिया कि समस्या का समाधान जल्द किया जायेगा। मौके पर पूर्व प्रमुख सावित्री देवी, गिरिडीह भाजपा जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, मुखिया बेदु साव, सांसद प्रतिनिधि शंभू सिंह, नवीन सिंह, डॉ अंसार आलम, जावेद मस्तान, नितिन चंद्र गुप्ता, प्रवीण चंद्र गुप्ता, उत्तम कुमार सिन्हा, रवि सिंह, सब्बन अली, दामोदर विश्वकर्मा समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पबरा स्कूल के संगीत शिक्षक पर छात्राओं से अश्लील हरकत करने का आरोप

**प्रभारी प्रधानाध्यापक ने संगीत शिक्षक मोहम्मद इरफान से स्पष्टीकरण मांगा**

**अभिभावकों ने संगीत शिक्षक की सेवा को समाप्त करने की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय पबरा में कार्यरत संगीत शिक्षक पर वहां की छात्राओं के साथ अश्लील हरकत करने का गंभीर आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि शिक्षक ने विद्यालय की ही एक छात्रा को बहला-फुसलाकर प्रेम जाल में फंसाया और उसके साथ अश्लील हरकत की। आरोप है कि संगीत शिक्षक मोहम्मद इरफान द्वारा संगीत शिक्षण के क्रम में लड़कियों को गलत जगह पर पकड़ कर संगीत सिखाने का काम करते हैं। जिससे भयभीत होकर लड़कियों ने अपने-अपने अभिभावक को सूचित किया। संगीत शिक्षक के इस कृत से लड़कियों ने अपने-अपने घर में विद्यालय जाने से इनकार करने लगीं। तब अभिभावकों द्वारा विद्यालय जाकर संज्ञान लिया कि आखिर लड़कियां विद्यालय क्यों नहीं जाना चाहती हैं। अभिभावक ने इस मामले की जांच किया तो पाया कि संगीत शिक्षक द्वारा संगीत शिक्षण में लड़कियों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं एवं शरीर के अंगों को अपने हाथ से सिखाने के बहाने छुआ करते हैं। ताजा घटना 18 अगस्त की है। उस दिन संगीत शिक्षक ने स्कूल से छुट्टी ली थी। विद्यालय के ही नाबालिग दलित छात्रा को बहला फुसला कर हजारीबाग बुलाया था। छात्रा स्कूल के बहाने दिनभर घर से गायब रही। देर रात कुछ ग्रामीणों द्वारा छात्रा को लौटकर गांव आते देखा गया। गहनता से पूछने पर छात्रा ने खुद स्वीकार किया कि वह पूरे दिन अपने संगीत शिक्षक के साथ हजारीबाग में थी। इज्जत और बदनामी के डर से परिजन 19 से 25 अगस्त तक मामले को दबाने की कोशिश की। लेकिन 26 अगस्त को वे विद्यालय पहुंचे। प्रभारी प्रधानाध्यापक मोहम्मद एजाज से शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जिसकी जानकारी प्रभारी प्रधानाध्यापक को लगी और उनके द्वारा इस संबंध में संगीत शिक्षक से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। ग्रामीणों द्वारा जब विद्यालय पहुंच कर जानकारी प्राप्त किया गया तो बताया गया कि लड़कियों द्वारा लगाया जा रहा आरोप सही है। यह भी ज्ञात हुआ कि संगीत शिक्षक लड़कियों को अपने अभिभावक को नहीं बताने हेतु धमकी तक देते थे। ग्रामीणों ने ऐसे संगीत शिक्षक को किसी अन्य विद्यालय में स्थानांतरण या पदस्थापन ना करके उनकी सेवा को समाप्त करने की मांग की है। मामले की जानकारी जिला शिक्षा पदाधिकारी हजारीबाग के साथ हजारीबाग डीसी, एसपी, सांसद, विधायक और सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को भेजा गया है।

# झंडा चौक पर मॉक ड्रिल, सड़क पर दिखा दंगा जैसी स्थिति

**दंगा, भीड़ और अफवाहों पर नियंत्रण का हुआ अभ्यास**





आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** ईद मिलाद-उन-नवी पर्व को सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से हजारीबाग झंडा चौक में पुलिस बल द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास में दर्जनों पुलिसकर्मी और फोर्स शामिल हुए। मॉक ड्रिल का नेतृत्व हजारीबाग एएसपी अमित कुमार, प्रशिक्षु आईएएस आंनद शर्मा ने किया। मॉक ड्रिल में दंगा नियंत्रण, भीड़ नियंत्रण, और अफवाहों पर नियंत्रण की रणनीतियों का अभ्यास किया गया। पुलिस बल को आंसू गैस के गोले, दंगाइयों की पहचान के लिए रंगीन पानी के छिड़काव और तेज प्रतिक्रिया दल की तैनाती की जानकारी दी गयी। यह अभ्यास किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल की तत्परता को दर्शाता है। एएसपी और प्रशिक्षु आइएएस ने बताया कि माक ड्रिल के माध्यम से यह जता दिया कि वह शांतिपूर्ण तरीके से पर्व को संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन तैयार है। मॉक ड्रिल के दौरान दंगा फसाद की काल्पनिक स्थिति पैदा की गयी। इस दौरान पुलिस ने नकली उपद्रवियों पर लाठी बरसाए और आंसू गैस की गोली छोड़ें। उपद्रवी की भूमिका में भी पुलिसकर्मी ही थे और इसे नियंत्रित करने वाली भी पुलिसकर्मी ही। उपद्रवी तत्वों से निपटने, पत्थर बाजी से लेकर अश्रु गैस छोड़ने, हवाई फायरिंग, पानी की बौछार करने, लाठी चार्ज से लेकर रबड़ की गोली चलाने के तरीके आजमाए गये। पुलिस को भीड़ में गिरफ्तार करने की कार्यवाही के तरीके की जानकारी दी गयी। पुलिस के जवानों को बताया गया कि किसी घायल को कैसे तुरंत अस्पताल पहुंचाना है। एंबुलेंस को भीड़ से कैसे निकालना है। इसकी भी जानकारी दी गयी।

## विस्थापन और पुनर्वास आयोग नियमावली बनने से पीड़ितों को न्याय मिलने की उम्मीद

**विस्थापितों के बिना विकास अधूरा है और जब तक प्रत्येक विस्थापित को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक मेरा संघर्ष जारी रहेगा : रौशन लाल चौधरी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि राज्य मंत्री परिषद की बैठक में झारखंड राज्य विस्थापन और पुनर्वास आयोग के गठन की स्वीकृति दी गयी है। यह निर्णय केवल एक आयोग के गठन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उन तमाम आदिवासी, मूलवासी, किसान, मजदूर, भूमिहीन परिवारों के जीवन संघर्ष की स्वीकृति है, जो वर्षों से विकास के नाम पर उजड़ते आए हैं और जिनकी समस्याएं लगातार अनसुनी की जाती रही हैं। झारखंड राज्य के लाखों विस्थापित परिवारों के संघर्ष की ऐतिहासिक जीत का प्रतीक है। विधायक श्री चौधरी ने कहा कि हमने पहली बार 18 मार्च 2025 को हजारीबाग जिला के पकरी बरवाडीह, केरेडारी, चट्टी-बरियातू सहित विभिन्न परियोजनाओं से प्रभावित विस्थापितों की समस्याओं को लेकर विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना दी थी। उस समय उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि जब तक राज्य स्तर पर विस्थापन आयोग का गठन नहीं होगा, तब तक विस्थापितों की पीड़ा का समाधान संभव नहीं है। इसके बाद बजट सत्र के अंतिम दिन 27 मार्च 2025 को उनके गैर-सरकारी संकल्प पर विस्तृत बहस हुई। बहस के क्रम में सरकार ने विधानसभा के पटल पर यह ठोस आश्वासन दिया कि 90 दिनों के भीतर आयोग का गठन किया जायेगा। परंतु दुर्भाग्यवश 150 दिन बीत जाने के बाद भी आयोग अस्तित्व में नहीं आ सका।

इसीलिए मैने एक बार फिर मॉनसून सत्र के पहले ही दिन ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित कराया और विस्थापित परिवारों की पीड़ा को मजबूती से सदन में उठाया। निरंतर दबाव और विस्थापितों की अपेक्षाओं को देखते हुए अंततः आज राज्य मंत्रिपरिषद ने आयोग गठन की ऐतिहासिक स्वीकृति प्रदान कर दी। उक्त बातें बड़कागांव विधायक का रोशन लाल चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा। श्री चौधरी ने आगे राज्य सरकार को इस महत्वपूर्ण कदम के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि यह निर्णय सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है। उन्होंने मुख्यमंत्री और संबंधित मंत्रियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोग तभी सफल होगा जब इसमें सच्चे प्रतिनिधि, विशेषज्ञ और जमीनी अनुभव वाले लोग शामिल किये जायेंगे।

उन्होंने विस्थापित भाइयों और बहनों से अपील की कि वे इस ऐतिहासिक उपलब्धि को केवल एक घोषणा के रूप में न देखें, बल्कि इसे अपने अधिकार की जीत मानते हुए आगे भी संगठित रहकर आयोग के कार्यों पर नजर रखें। विधायक ने कहा कि वे विस्थापितों की आवाज को लगातार सदन से सड़क तक उठाते रहेंगे।

## घर से नकदी समेत कई समान की चोरी



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती मडमो पंचायत भवन के नजदीक एक घर से बीती रात चोरी हो गयी। इस संबंध में मकान मालिक डुगेश्वरी देवी पति स्व.थानु महतो ने बताया कि घर में रात के अंधेरे में चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की अंजाम दिया। कहा कि मै अबला और विधवा महिला हूं। जो मै दो बच्चों के साथ घर में रहती हूं, जो रात में पुराना घर में रहती हूं और दिन को नया घर में रहती हूं, प्रतिदिन के तरह आज रात भी ताला बंद करके मै पुराना घर दोनों बच्चों को लेकर चली गयी। जब सुबह आई तो देखी ताला तोड़ा गया है और घर के बहुत से समान तीतर बितर है। जिसमें घर में कर्मा पर्व मनाने के लिए रखे दो हजार नगद और मोबाइल चार्जर चोरो ने लेकर फरार हो गये। घटना की सुचना पाकर पंचायत समिति सदस्य बहराम हांसदा पीड़िता की घर जाकर जायजा लिया और घटना की कड़ी निंदा की और कहा की चोर कहि बाहर के नही है गाव के ही शरारती तत्वों का हाथ है।

## झारखंड की प्राकृतिक धरोहर : हर ओर बिखरी काशी के फूलों की सफेदी

# मौसम, परंपरा और धार्मिकता का संगम है काशी फूल

दीपक सिंह



**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** काशी के फूल झारखंड में बहुत आयत मात्रा में पाये जाते हैं। कहा जाता है कि काशी के फूल फोटोस झाड़ जंगल यही सब झारखंड की पहचान भी है। काशी के फूल बरसात जाने का प्राकृतिक अनाउंसमेंट भी है। अगस्त के आखिरी सप्ताह से काशी के फूल खिल जाने लगते हैं। सड़क किनारे हो जंगल हो या फिर पहाड़ों में इसकी चमक मोतियों जैसे सफेद नजर आती है। जिससे देखने में और खूबसूरत लगने लगता है।

पर्यावरणविद मुरारी सिंह कहते हैं कि काशी के फूल का फूलना बरसात के जाने का इशारा भी होता है। वहीं नवरात्रि व पर्व त्यौहार आने का भी इशारा होता है। इसका उपयोग आयुर्वेदिक दवाई बनाने में भी किया जाता है। वही पूजा रूम में झाड़ू नहीं लगाने के चलते काशी के डंठल से ही झाड़ू बनाया जाता है, जिसे पूजा घर में लोग झाड़ू के रूप में इस्तेमाल करते हैं।

मुरारी सिंह आगे बताते हैं कि रामचरितमानस में काशी फूल का उल्लेख अरण्यकांड में गोस्वामी तुलसीदास द्वारा किया गया है, जहां शरद ऋतु के आगमन और वर्षा के अंत का संकेत देते हुए एक चौपाई मे तुलसीदास कहते हैं कि..फूले कास सकल महि छाई, जानहुं बरखा कृत प्रकट बुढ़ाई. इस चौपाई का अर्थ है कि जब काशी के फूल पूरी धरती पर छा जाते हैं, तो ऐसा लगता है जैसे वर्षा ने अपने सफेद बाल में अपना बुढ़ापा प्रकट कर दिया हो।

काशी के फूल कोयले के भंडार में भी उगा है। जहां कल कोयले के पहाड़ पर सफेद काशी के फूल मोती समान चमक रहे हैं।

## झारखंड सरकार के मुख्य सचिव अलका तिवारी हजारीबाग पहुंची



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के मुख्य सचिव अलका तिवारी अपने निजी दौरे के क्रम में हजारीबाग पहुंचीं। मुख्य सचिव हजारीबाग परिसदन भवन में कुछ पलों के लिए रुकीं, जहां डीसी शशि प्रकाश सिंह और एसपी अंजनी अंजन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। मौके पर परिसदन भवन में मौजूद झारखंड के मुख्य न्यायाधीश तारलोक सिंह चौहान से मुख्य सचिव अलका तिवारी ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान इन्हें गार्ड ऑफ ऑनर का सम्मान दिया गया।

## मनसा पूजा को लेकर बैठक



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अचलजामों स्थित मनसा मंदिर प्रांगण में बुधवार को अचलजामों पंचायत मुखिया प्रतिनिधि तापेश्वर रजक की अध्यक्षता में ग्रामीणों ने मनसा पूजा आयोजन को लेकर एक बैठक की गयी। बैठक में उपस्थित सभी टोलो के ग्रामीणों द्वारा मनसा पूजा शांति और हर्षोल्लास के साथ मानने को लेकर विचार-विमर्श की गयी। जिसमें ग्रामीणों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि छह सितंबर की शाम में मां मनसा देवी की विधिवत पूजा-अर्चना की जायेगी, वही सात सितंबर को पाठा बली, शाम में भव्य मेला रात्रि में मां मनसा देवी प्रतिमा का विसर्जन के साथ पूजा का समापन होगा। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि तापेश्वर रजक ने कहा कि सभी अपने-अपने घरों और गलियों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दे, साथ ही लोगों से अपील करते हुए कहा कि लोग नशा का सेवन नहीं करें, ताकि पूजा और मेला में कोई भी बाधा उत्पन्न नहीं हो। इस अवसर पर पूजा कमिटी के अध्यक्ष कुणाल कुमार कसेरा, सचिव पूर्व मुखिया हरीश पटेल, पूर्व प्रमुख अशोक कुमार गुप्ता, मोहन महतो, संजय कुमार राय, अजीत कुमार गोस्वामी, मुरली कसेरा, कुणाल कसेरा, राहुल कसेरा, प्रकाश कुमार महतो, धनेश्वर कसेरा, हरिलाल कसेरा, लटन कसेरा, छोटू कसेरा, जीवन कसेरा, दीपक कसेरा, गंगाधर कसेरा, बीरेंद्र कसेरा, महेश कसेरा, रितेश कसेरा, मित्रजीत रजवार, राजू गोस्वामी, कुंदन पासवान, रुपेश कसेरा, केदार कसेरा, कुंजबिहारी कसेरा, मनोज कसेरा, बहादुर कसेरा समेत काफी संख्या में ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

## हजारीबाग सांसद ने बेरहो मध्य विद्यालय में किया उन्नयन कार्य का शिलान्यास



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय बेरहो में हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल ने उन्नयन कार्य का शिलान्यास नारियल फोड कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चों के माता - पिता की यह सोच होनी चाहिए कि वे बच्चों को सरकारी विद्यालय में पढ़ाएं। सरकारी विद्यालय के शिक्षक प्रशिक्षित और प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण होकर ही आते हैं। कहा कि लोकसभा का कोई ऐसा पंचायत नहीं होगा, जहां विकास कार्य नहीं करवाया जायेगा, विकास करना ही मेरी पहली प्राथामिकता है। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, सांसद प्रतिनिधि सह प्रमुख संतोष मंडल, मुखिया सुरेश यादव, उपेंद्र पांडेय, गौतम कुमार, पूनम देवी, रजनीकांत चौधरी, कौलेश्वर मिश्रा, कृष्णा साव, जीतन यादव, संदीप गंझु, निखिल सिंह, सुशांत सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

## गोड्डा- दिल्ली एक्सप्रेस का ठहराव नावाडीह स्टेशन पर करने की मांग



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** गोड्डा- दिल्ली एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 14050 का ठहराव नावाडीह स्टेशन पर करने की मांग को लेकर नावाडीह पंचायत की मुखिया बैजन्ती देवी और समाजसेवी बसन्त साव ने कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी के दिल्ली आवास पर जाकर ज्ञापन सौंपा है। मुखिया व समाजसेवी बसंत साव ने बताया है कि इस क्षेत्र के यात्रियों को दिल्ली जाने के लिए बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यदि उक्त एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव नावाडीह में हो जाये तो आसपास के हजारों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। ज्ञापन सौंपते हुए मुखिया बैजन्ती देवी व समाजसेवी बसन्त साव ने कहा है कि नावाडीह व आस पास के इलाके की बड़ी आबादी दिल्ली, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में रोजगार और शिक्षा के लिए आवागमन करती है। ठहराव होने से न केवल यात्रियों को सुविधा होगी बल्कि स्टेशन का भी महत्व बढ़ेगा। वहीं सांसद कोडरमा अन्नपूर्णा देवी ने आश्वासन दिया कि वे इस मांग को रेलवे मंत्रालय के समक्ष रखकर ठहराव की स्वीकृति दिलाने का हर संभव प्रयास करेंगे।

## स्वास्थ्य भवन निर्माण में घोर अनियमितता



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित चलकुशा समुदाय स्वास्थ्य केंद्र परिसर में निर्माणाधीन स्वास्थ्य भवन की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गये हैं। स्थानीय लोगों की शिकायत पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष मोइन उद्दीन और प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी ने मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि भवन निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर लापरवाही बरती जा रही है। मोइन उद्दीन ने स्पष्ट कहा कि ढलाई में सीमेंट बेहद कम और बालू की मात्रा कहीं अधिक है। दीवार और फर्श पर बालू ही बालू दिखाई दे रहा है। वहीं प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी ने आरोप लगाया कि शौचालय टंकी की ढलाई चिप्स गिट्टी की जगह साधारण गिट्टी से कर दी गयी है। मजदूरी कर रही महिला श्रमिक ने चौंकाने वाला खुलासा किया कि तीस धामा बालू में सिर्फ एक बोरी सीमेंट डाला गया है। वहीं मौके पर मौजूद टाइल्स मिस्त्री ने भी माना कि बालू की सही नापी नहीं की गयीहै और केवल अनुमान लगाकर सीमेंट डाला जा रहा है। गंभीर अनियमितता की सूचना पर पत्रकारों ने बीडीओ से दूरभाष के माध्यम से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं हो सकी। फिलहाल, स्थानीय जनता इस निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर गहरी नाराजगी जता रही है और उच्च अधिकारियों से जांच की मांग कर रही है।

## दुर्गा पूजा समिति की हुई बैठक



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू रेलवे स्टीम कॉलोनी स्थित दुर्गा मंडप के परिसर में दुर्गा पूजा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रणब मुखोपाध्याय ने की। बैठक में आगामी दुर्गा पूजा कार्यक्रम की तैयारी पर विस्तार से चर्चा की गयी। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी सदस्य अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभायेंगे। बैठक में सर्वसहमति से समिति का पुनर्गठन भी किया गया। जिसमें संरक्षक सीनियर डीएमई डीजल पतरातू सहायक संरक्षक निशांत सिंह, अध्यक्ष प्रणब मुखोपाध्याय उपाध्यक्ष रेलवे के सभी डिपो इंचार्ज सचिव भुवन बराईक सहसचिव श्याम बिहारी तिवारी, अजय कुमार सिंह, संयुक्त सचिव आर्यन चौधरी, कृष्ण कुमार, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी रवि सिंह, गोविंद तिवारी, पंडाल प्रभारी, सरोज प्रसाद, धनंजय सिंह, संगठन सचिव सुनील पाठक, बृजभूषण गोस्वामी, मेला प्रभारी, संतोष कुमार, बिट्टू कुमार सिंह, पूजा प्रभारी, धर्मेंद्र बाबू, अमरदीप का चयन किया गया। बैठक में कमेटी के सदस्य मौजूद थे।

## विधायक रोशन लाल चौधरी का प्रयास रंग लाया, विस्थापितों की ऐतिहासिक जीत



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** विस्थापितों की ऐतिहासिक जीत पर बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित भाजपा नेता योगेश दांगी के आवासीय कार्यालय में बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया। प्रेस वार्ता में विधायक श्री चौधरी ने बताया कि झारखंड राज्य में लाखों विस्थापित परिवारों के संघर्ष को ऐतिहासिक जीत मिली है। राज्य मंत्री परिषद ने मंगलवार को झारखंड राज्य विस्थापन एवं पुनर्वास आयोग के गठन की स्वीकृति प्रदान कर दी। उन्होंने इस निर्णय को सिर्फ आयोग के गठन तक सीमित नहीं बताया बल्कि इसे आदिवासी, मूलवासी, किसान और भूमिहीन परिवारों के जीवन संघर्ष की बड़ी जीत बतायी। कहा कि वर्षों से विकास परियोजनाओं के नाम पर उजड़े हुए विस्थापित परिवारों की समस्याओं का समाधान अब संस्थागत रूप से संभव हो सकेगा। विधायक रोशन लाल चौधरी ने बताया कि उन्होंने 18 मार्च 2025 को हजारीबाग जिला के कई प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर विस्थापितों की समस्याओं को लेकर विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना दी थी। इसके बाद 27 मार्च 2025 को गैर-सरकारी संकल्प प्रस्तुत किया गया था। लंबे संघर्ष और 150 दिन की प्रतीक्षा के बाद अंततः आयोग गठन का ऐतिहासिक फैसला हुआ। विधायक ने राज्य सरकार का आभार जताते हुए कहा कि यह निर्णय केवल घोषणा न रहकर विस्थापित परिवारों के जीवन में वास्तविक बदलाव लायेगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि यदि आयोग की कार्यप्रणाली में ढिलाई बरती गयी तो विस्थापितों की आवाज एक बार फिर सदन से सड़क तक उठाई जायेगी। आयोग की रिपोर्ट और सिफारिशों के आधार पर अब राज्य सरकार ठोस नीतिगत निर्णय लेगी। विधायक चौधरी ने कहा कि विस्थापितों का विकास केवल पीड़ा की कहानी नहीं रहेगा, बल्कि न्यायपूर्ण और समावेशी विकास का प्रतीक बनेगा। प्रेस कांफ्रेंस में भाजपा जिला मंत्री संजीव कुमार बाबला, भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, छोटानागपुर प्रमंडली प्रभारी योगेश दांगी, मंडल उपाध्यक्ष अमरेश सिंह, मुखिया व्यास पांडेय, सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा, विनोद सिंह, राकेश चौधरी, संजय दांगी, राजन पांडेय, अनूप सिंह, मिंटू कुमार आदि शामिल थे।

## जेएसएलपीएस पुंडी महिला समिति की वार्षिक आमसभा



**कुजू (आजाद सिपाही)।** जेएसएलपीएस के पुंडी आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता संकुल अध्यक्ष शाहीन खान व संचालन सचिव संदीपा केशरी, लेखापाल सरोज हांसदा, कोषाध्यक्ष पिंकी देवी ने संयुक्त रूप से की। सभा में मुख्य रूप से कुजू पूर्वी मुखिया ललिता देवी, कुजू पश्चिमी मुखिया जयकुमार ओझा, कुजू दक्षिणी मुखिया राकेश कुमार पंसस सरिता सहाय, संकुल समन्वयक विकास उरांव, आईपीआरपी लखी देवी शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर व आगत अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत गान गाकर तथा पुष्पगुच्छ भेंटकर किया गया। इस दौरान सदस्य समुंद्र देवी ने महिला समूह से जुड़ने के बाद अब तक मिलने वाले आर्थिक फायदों को अपनी जुबानी से अवगत कराया। वहीं, लेखापाल सरोज हांसदा ने सदस्यों के बीच वार्षिक वित्तीय लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। जिसमें तीन करोड़ रुपए का लेन-देन समेत शुद्ध मुनाफे का वित्तीय विवरण दिया गया। वहीं, संकुल अंतर्गत लक्ष्य व उपलब्धियों से अवगत कराया गया। साथ ही, समूह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। इधर, संकुल अध्यक्ष शाहीन खान ने कहा कि जेएसएलपीएस संस्था महिलाओं को आर्थिक सहयोग कर आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका अदा कर रही है। उन्होंने मौजूद सदस्यों से सीआइएफ, आरएफ और वीआरएफ सहयोग राशि योजना के बारे में अत्यंत गरीब को जानकारी देने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह योजना बैंक से बहुत ही कम ब्याज दर पर उपलब्ध कराया जायेगा। मौके पर सुनीता देवी, सुमन देवी, पंक्षी खेस, लक्ष्मी, नजमा, रौशन, सुनीता बेदिया, दीपा झा, श्वेता अग्रवाल, प्यारी, चमेली समेत दर्जनों सदस्य शामिल रहे।

## जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रकृति पर्व करमा



**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिले में बुधवार को बहनों द्वारा भाइयों के सुख समृद्धि और दीर्घायु की कामना का प्रकृति पर्व करमा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। करमा का पर्व करने वाली युवतियां और महिलाओं ने करम डाली की पूजा अर्चना किया। इसके बाद पारंपरिक वाद्ययंत्र नगाड़ा व मांदर के थाप पर झूमर किया। करमा पर्व को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में काफी चहल पहल देखा गया। करम का पर्व करने वाली युवतियां और महिलाएं नाचते गाते नदी तालाब में जाकर स्नान किया। तब तक घर के पुरूष जंगल जाकर करम डाली लाए। गांव के अखरा में करम डाली स्थापित किया गया। युवतियों और महिलाओं ने निर्जला उपवास कर संध्या में समूह के साथ पूजा स्थलों पर गाड़े गये करम पेड़ की पूजा अर्चना कर भाइयों के सुख समृद्धि और दीर्घायु होने की कामना किया। करमा का पर्व करने वाली युवतियों ने बताया कि यह पर्व भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक का पर्व है। जिसमें बहनों द्वारा भाई के दीघार्यु की कामना करते हुए पूजा अर्चना किया जाता है। इधर दूसरी ओर करमा पर्व पर किसान तबके के लोग अपने धान की फसलों में भी करम की डाली गाड़कर ईश्वर से अच्छी उपज की कामना किया। सदर प्रखंड क्षेत्र के डाढ़ा, पकरिया, लरकुवा, संघरी, संदली, मर्दनपुर, सेसांग, सजना, अहूरी आदि आदिवासी बहुल गांव में बड़ी धूमधाम से करमा पूजा का आयोजन किया गया। उक्त गांवों में बुधवार की शाम से करमा महोत्सव पर झूमर कार्यक्रम शुरू हुआ जो गुरुवार की सुबह करम डाली के विसर्जन तक चलेगा।

# लाइन होटल में मनचलों ने युवती से की छेड़खानी, विरोध करने पर चलायी गोली

**दो मनचलों ने दिया घटना को अंजाम, सीसीटीवी से हुई पहचान, पुलिस जांच में जुटी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ में दो मनचलों ने युवती से छेड़खानी किया। विरोध करने पर गोलीबारी कर दी। यह घटना बुधवार को रांची-पटना मुख्यमार्ग एनएच 33 पर पटेल चौक और कल्याणी ढाबा में हुआ है। इस वारदात में कार पर सवार दो युवकों और तीन युवतियों की जान बाल बाल बची, लेकिन गाड़ी का शीशा टूट गया। इस घटना के बाद रामगढ़ थाना पुलिस भी हरकत में आई और अब उन लोगों की तलाश कर रही है, जिन लोगों ने गोली चलाकर पुलिस को चुनौती दी है।

**अमन तिवारी और शिवम अनजान लोगों से भिड़ गये:** युवती से छेड़खानी की जानकारी मिलते हैं शिवम अपने दोस्त अमन तिवारी और तीनों लड़कियां उस अनजान शख्स से भिड़ गये जिसने अश्लील टिप्पणी की थी। इसके बाद होटल के लोगों ने उन लोगों को समझाकर कार में बिठाया। होटल से निकलते ही उन दो लोगों ने यामाहा मोटरसाइकिल से उनका पीछा किया और पटेल चौक के पास उनकी गाड़ी पर गोली चला दी। जब वे लोग डर से वापस होटल पहुंचे तो सीसीटीवी कैमरे में अपराधियों की पहचान हुई।



**कल्याणी ढाबा में युवतियों के साथ हुई छेड़खानी**

रामगढ़ थाने में 28 वर्षीय युवक विमल कुमार सोनी ने इस पूरी घटना की सूचना दर्ज कराई है। भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के रिवर साइड के रहने वाले शिवम कुमार सोनी ने पुलिस को बताया कि मंगलवार की रात 1:00 बजे वह बुध बाजार से टाटा टिगोर कार जेएच 01 डीवाई 7514 से निकला था। रास्ते में बुध बाजार के पास ही अपनी जान पहचान की तीन युवतियों को कार में बिठाया। वे उन लोगों को खाना खिलाने के लिए निकला था। रास्ते में सभी होटल और रेस्टोरेंट बंद होने के कारण वे लोग रामगढ़ फोरलेन हाईवे पर पहुंच गये। वहां उन लोगों ने कल्याणी ढाबा को खुला देखा और उसके बाद कल्याणी ढाबा में खाना खाने के लिए बैठ गए। सुबह 4:00 बजे खाना खाने के बाद वे लोग निकलने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान गुनगुन कुमारी आइसक्रीम लेने दोबारा होटल में गयी। वहीं पर बैठे हुए दो लोगों ने उसपर अश्लील टिप्पणी की।

**सीसीटीवी से हुई मनचलों की पहचान :** शिवम ने पुलिस को बताया कि कल्याणी ढाबा में पहुंचते ही उन लोगों ने देखा कि उनकी कर का शीशा टूटा हुआ है और बाएं दरवाजे पर गोली का निशान है। उन्होंने तत्काल कार के मालिक विक्रम कुमार सोनी को वहां बुलवाया। सीसीटीवी फुटेज में देखकर अनिल यादव और मनोज महतो के रूप में पहचान हुई है। उन लोगों ने मोटरसाइकिल से पीछा कर युवक और युवतियों को जान से मारने की नीयत से गोली चलाई थी।

**अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए हो रही छापेमारी :** रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने बताया कि जिन अपराधियों के द्वारा गोली चलायी गयी है, उनकी पहचान कर ली गयी है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी भी जारी है। उनके घरों और संदिग्ध ठिकानों पर पुलिस पहुंच रही है। जल्द ही उनकी गिरफ्तारी कर ली जायेगी।

# दो हिंदू नेताओं के बीच हुए झगड़े के बीच चमका हथियार

**विहिप और हिंदू रक्षा दल के नेता ने थाने में दिया आवेदन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** शहर में हिंदू संगठन में शामिल दो नेताओं के बीच का झगड़ा चर्चा का विषय बन गया है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस झगड़े के बीच हथियार चमकाए जाने की बात भी सामने आयी है। विहिप के जिला मंत्री छोटू वर्मा के द्वारा पुलिस को दिये गये आवेदन में कहा गया है कि वह एक सामाजिक कार्यकर्ता है और कुछ आसामाजिक कार्यकर्ता उनसे नाराज रहते हैं। 31 अगस्त की रात वे खाना खाकर सुरेंद्र लाइन होटल से निकल रहे थे, तभी विकास नगर निवासी दीपक मिश्रा पिता सुरेंद्र मिश्रा, अनिल यादव, अंबुज पांडे, शुभम पांडे और अन्य दो लोगों ने उनके साथ मारपीट करने लगे। उन लोगों ने उन्हें कहा कि उनके होटल का बकाया बिल का भुगतान अभी करना होगा। उनके मना करने पर अनिल यादव ने अपने कमर में रखे रिवाल्वर को भी चमकाया। इसी दौरान दीपक मिश्रा ने उनकी जेब से 12 हजार रुपये निकाल लिए। उन लोगों ने कहा कि वे गिरोह के आदमी है और वह कुछ भी कर सकते हैं। इस घटना के बाद 1 सितंबर की सुबह में मॉर्निंग वॉक के दौरान श्रवण होटल के पास उन सभी अभियुक्तों ने एक बार फिर उन्हें घेर लिया। विहिप नेता छोटू वर्मा ने उनका विरोध किया तो उन लोग ने उनके साथ हाथापाई की। छोटू वर्मा ने पुलिस से इस पूरे मामले की जांच करने और सीसीटीवी फुटेज में दर्ज हुए वीडियो को देखकर आसामाजिक और अपराधी किस्म के लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की है।



**हिंदू रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष पर हुआ हमला :** दूसरा आवेदन हिंदू रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने भी थाने में दिया है। उन्होंने कहा है कि 31 अगस्त की रात वे अपने मित्र अंबुज पांडे के साथ नया मोड़ कुजू से लौट रहे थे और सुरेंद्र होटल में खाना खाने रुके। वहां पहले से ही छोटू वर्मा, गौतम महतो और छह अन्य लोग मौजूद थे। इन लोगों को देखकर उन लोगों ने टिप्पणी करनी शुरू कर दी। जैसे ही वह अनदेखा कर आगे बढ़े, तभी छोटू वर्मा ने बियर के बोतल से उनका सिर फोड़ दिया। साथ ही इस टूटे हुए बोतल से दोबारा हमला किया। तब तक दीपक मिश्रा ने उनका हाथ पकड़ लिया। अंबुज पांडे जब उन्हें बचाने आए तो गौतम महतो ने भी बियर की बोतल से उसके सिर पर हमला किया जिससे अंबुज का सिर फट गया। इसके बाद में दोनों भाग कर रामगढ़ थाने पहुंचे। लेकिन छोटू वर्मा और गौतम महतो उनका पीछा करते हुए थाने पहुंचे और वहां भी जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने भी इस मामले में कार्रवाई करने की मांग की है।

## निर्माणाधीन पीवीयूएनएल प्लांट में बड़ा हादसा

# तीन मजदूर घायल





आजाद सिपाही संवाददाता

**पतरातू।** पतरातू प्रखंड अंतर्गत निर्माणाधीन पीवीयूएनएल प्लांट में गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गयी, जब इकाई संख्या-2 में काम कर रहे तीन मजदूर अचानक हादसे का शिकार हो गये। हादसा प्लांट के अंतर्गत कार्यरत आरपीपी नामक कंपनी में हुआ। इस दौरान तीनों मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल मजदूरों में गढ़वा निवासी मिराज अंसारी, लातेहार बरवाडीह थाना क्षेत्र के भोला बैठा और पंजाब निवासी जगदीश सिंह शामिल हैं। तीनों को आनन-फानन में पीएसटीपीपी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रेफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि प्लांट में सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। मजदूरों को बिना उचित सेफ्टी किट समेत जरूरी उपकरणों के खतरनाक जगहों पर काम कराया जा रहा है।

## एटीएम मशीन में फंसा कार्ड, हेल्प लाइन पर किया फोन, तो खाता से कट गया 40 हजार रुपया





**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर में एटीएम मशीन से पैसे निकालना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। ना तो एटीएम से पैसे निकले और ना ही उसका कार्ड मशीन से बाहर आ पाया। जब परेशान व्यक्ति ने एटीएम मशीन के ऊपर लगे हेल्पलाइन नंबर पर फोन किया तो उसके खाते से 40 हजार रुपये कट गये। परेशान व्यक्ति प्रदीप महतो तत्काल रामगढ़ थाने पहुंचे और साइबर क्राइम की इस सूचना को दर्ज कराया है। मूल रूप से भुरकुंडा रिवर साइड के रहने वाले प्रदीप महतो रामगढ़ टायर मोड के पास रहकर मैकेनिक का काम करते हैं। बुधवार को वह अपने घर से एटीएम कार्ड लेकर पैसे निकालने निकले। ब्लॉक कार्यालय के पास एक एटीएम में उन्होंने अपना कार्ड डाल। उनका कार्ड मशीन में ही फंस गया। परेशान हो कर उन्होंने एटीएम मशीन के ऊपर हेल्पलाइन नंबर 7280907156 पर कॉल किया। फोन उठाने वाले व्यक्ति ने उन्हें सहयोग करने का आश्वासन दिया। काफी देर तक वह उन्हें वहां रुकने को कहता रहा। इसके बाद वह खुद एटीएम मशीन पर आने की बात करने लगा। लेकिन इस दौरान प्रदीप महतो लघुशंका करने गये। इसी बीच उनका कार्ड गायब हो गया। थोड़ी ही देर बाद उनके खाते से 40 हजार कटने का मैसेज भी मोबाइल पर आ गया। पुलिस इस साइबर क्राइम की जांच कर रही है।

# गोला में डरा रहा टीबी मरीजों का आंकड़ा

**आठ माह में संख्या डेढ़ सौ के पार**

अंजनी कुमार

**गोला।** गोला में टीवी मरीजों की संख्या घटने के बजाय बढ़ रही है। यह चिंता का विषय है। टीबी उन्मूलन के लिए सरकार द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। फिर भी मरीजों की संख्या में इजाफा जारी है। आलम यह है कि अगस्त माह में टीबी मरीजों की संख्या 158 पहुंच गयी है। आंकड़े पर गौर करें तो जनवरी 2025 से अगस्त 2025 तक टीबी के 158 मरीज चिह्नित किया गया है। यह आंकड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का है। अगर निजी अस्पतालों में मरीजों को देखा जाये तो यह आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। विदित हो कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत वर्ष 2025 तक टीबी जैसी संक्रामक बीमारी को जड़ से खत्म करने का लक्ष्य रखा गया है। जबकि प्रखंड में हर माह टीबी मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। बताया गया कि टीबी मरीजों का उपचार 9 माह से 2 साल तक चलता है। टीबी मरीजों की संख्या बढ़ने का मुख्य कारण अधिकतर मरीजों द्वारा बीच में ही इलाज और नियमित रूप से दवा का सेवन करना छोड़ देना है। विभाग द्वारा निक्षय मित्र योजना की शुरूआत की गयी है। इस योजना के तहत मरीजों को गोद लिया जाता है। इसके लिए सरकार और विभाग अपने स्तर से पूरी तरह से प्रयासरत है। अभी एक दूसरे को जागरूक होने की आवश्यकता है। ताकि टीबी के खिलाफ लड़ाई में आसानी से विजय प्राप्त किया जा सके।



**CCL** Fuelling Sustainable Growth
सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनीरत्न कंपनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कंपनी)

**सूचना**

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं । इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं ।

## प्रसूता की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग की खुली नींद, क्लिनिक किया सील



**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत नावाडीह गांव स्थित एक अवैध क्लिनिक में झोलाछाप डाक्टर की लापरवाही से सोमवार शाम एक प्रसूता की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग की नींद खुली। मंगलवार देर शाम को सवास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध तरीके से संचालित क्लिनिक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए, क्लिनिक को सील कर दिया गया है। चतरा सिविल सर्जन जगदीश प्रसाद ने कहा कि प्रसूता की मौत के मामले में जो लोग दोषी हैं, उनके खिलाफ एफआइआर दर्ज हो चुकी है। आगे भी उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी तथा क्लिनिक सील कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि क्लिनिक का कोई वैध रजिस्ट्रेशन नहीं था और यह अवैध रूप से संचालित हो रहा था। ज्ञात हो कि हंटरगंज थाना क्षेत्र के सेलवार गांव की प्रसूता की मौत ने न सिर्फ परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया बल्कि पूरे प्रखंड के लोगों में गुस्से है। आक्रोशित ग्रामीणों ने मंगलवार की अहले सुबह लगभग 1 घंटे तक चतरा - डोभी मुख्य पथ को जाम कर दिया था। पिछले तीन दिनों के अंदर हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों ने दो महिला और एक चार वर्षीय बच्चे की गलत इलाज कर जान ले लिया।

## दिगवार में पर्व को लेकर बढ़ी सुरक्षा व्यवस्था



**कुजू (आजाद सिपाही)।** पुलिस प्रशासन ने करम व जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर्व के मद्देनजर दिगवार चौक पर तीसरे दिन भी पुलिस बल की तैनाती रही। वहीं, तीन शिफ्ट में तैनात मजिस्ट्रेट और पुलिस बल क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सजग दिखे। इधर, कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष सिंह ने दोनों पर्वों को लेकर स्वयं मॉनिटरिंग करते नजर आ रहे है। वहीं, पुलिस बल लगातार हूटर के माध्यम और पैदल गस्ती की जा रही है। मालूम हो कि गत एक सितंबर को दिगवार में दो समुदाय के बीच मामूली झड़प के बाद से हीं पुलिस बल की तैनाती की गयी है।

## रोटरी रामगढ़ सिटी ने सातवां स्थापना दिवस मनाया



**रामगढ़(आजाद सिपाही)।** रोटरी रामगढ़ सिटी ने अपना सातवां स्थापना दिवस एक होटल में धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर चार्टर प्रेसिडेंट उमेश राजगढ़िया ने केक काट कर कार्यक्रम की सुरुवात की। अध्यक्ष आदर्श चौधरी ने चार्टर अध्यक्ष उमेश राजगढ़िया और सभी पूर्व अध्यक्ष रूपेश गुप्ता, संदीप अग्रवाल, हरीश चौधरी, रवि अग्रवाल और अनिल गोयल को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उमेश राजगढ़िया ने कहा कि रोटरी रामगढ़ सिटी की यह यात्रा उनके लिए गर्व का विषय है और वे सदैव क्लब की प्रगति और सेवा कार्यों में सहयोग देते रहेंगे। साथ ही इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष आदर्श चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि सभी सदस्यों के सहयोग से ही रोटरी रामगढ़ सिटी निरंतर सेवा कार्यों में नये आयाम स्थापित कर रहा है और आने वाले समय में भी समाजहित में ऐसे कार्य और अधिक गति से होंगे। सचिव रोहित पंसारी ने सभी सभी पूर्व अध्यक्षों का आभार प्रकट किया और कहा की आज रोटरी रामगढ़ सिटी जिस मुकाम पर पहुंची है इसमें सभी पूर्व अध्यक्षों का योगदान है और हमलोग आगे भी इसे ऐसे ही कायम रखेंगे। कार्यक्रम में राजकुमार अग्रवाल, विकास अग्रवाल, भरत गोयल, विशाल अग्रवाल, राजू अग्रवाल, कृष्ण बंसल, प्रकाश अग्रवाल, पंकज जैन, दीपक खंडेलवाल, अजय अग्रवाल और सुमन चौधरी मौजूद थे।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और प्राप्त ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नज़रअंदाज़ कर दिया जाएगा। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-साउथ-25-26-10, दिनांक: 03.09.2025। कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता (साउथ)/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन राजखरसावां-पदापहाड़, पदापहाड़-जारोली, पदापहाड़-बलानी खदान, जीएक्स प्रमुख खंड में विभिन्न यार्डों की विभिन्न लूप लाइनों में 15.176 टीकिमी. के लिए सम्पूर्ण ट्रैक नवीकरण [सीटीआर(एस)]। **निविदा मूल्य:** ₹ 3,36,79,178.56। **बयाना राशि:** ₹ 3,18,400। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** ₹ 0। **खुलने की तारीख:** 25.09.2025। निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाता/ बोलीदाताओं के पास क्लास-I I I डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। **द्रष्टव्य:** ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क जारी किये जायेंगे (प्राधिकारी - रेलवे बोर्ड की पत्र संख्या 2020/सीई-I/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)। (PR-593)

**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. CAOCRSPBBS-23-2025, दिनांक : 25.08.2025

**कार्य का नाम :** खोरधा रोड मण्डल के बारुवा - मन्दसा स्टेशन मेन लाइन के बीच रलवे कि.मी. 662/9-11 पर समपार सं. 358 के बदले में रलवे कि.मी. 662/9-11 पर प्रस्तावित स्पैन 1X36.0 मीटर कम्पोजिट गर्डर + 2X 24.0 मीटर कम्पोजिट गर्डर + 3X18.75 मीटर T-Beam गर्डर + 1X10.50 मीटर T-Beam गर्डर के साथ रोड ओवर ब्रिज (ROB) का निर्माण।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 50,79,99,073.96, EMD : ₹ 26,90,000.00

कार्य पूरा होने की अवधि : 24 (चौबीस) महीने ।

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 22.09.2025 को 1500 बजे ।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फार्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

**निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढ़ना चाहिए एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत सत्यापित और हस्ताक्षरित अनुलग्नक-B, G & G1 जमा करने साथ, निविदा दस्तावेज के चैप्टर 2 के अनुलग्नक-I, निविदा फॉर्म (द्वितीय शीट) की जाँच सूची, पैरा 3.1 (अतिरिक्त जाँच सूची) सहित सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।**

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण / RSP / भुवनेश्वर
PR-93/CI/25-26

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 04 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# मिक्स्ड सिग्नल

चीन से पीएम मोदी, पुतिन और शी की मुलाकातों के बीच, अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो ने भारत-अमेरिकी संबंधों को संभालने का प्रयास किया है। पीयूष गोयल का ट्रेड डील पर बातचीत जारी रखने का बयान सकारात्मक है।

पूरी दुनिया में जब चीन से आयी पीएम नरेंद्र मोदी, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और शी चिनफिंग के बीच की केमेस्ट्री दिखाती तस्वीरों का विश्लेषण हो रहा है, तब अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत-अमेरिकी संबंधों को संभालने की कोशिश की है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का यह बयान भी सकारात्मक संदेश देता है कि ट्रेड डील के लिए अमेरिका के साथ बातचीत चल रही है।

**टाइमिंग महत्वपूर्ण :** टैरिफ पर अड़ियल रुख के बावजूद ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन में ऐसे लोग हैं, जो अमेरिका के लिए भारत के रणनीतिक महत्व को समझते हैं। मार्को रुबियो उनमें से एक हैं। उनका बयान ही नहीं, उसकी टाइमिंग भी अहम है। जिस दिन अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारत के साथ व्यापारिक रिश्ते को एकतरफा बताया, उसी दिन रुबियो ने इस साझेदारी को 21वीं सदी का निर्णायक रिश्ता करार दिया। उन्होंने दोनों देशों की जनता के बीच बनी मित्रता को इंडिया-यूएस पार्टनरशिप का आधार बताकर हाल में आयी कटुता को दूर करने का प्रयास किया है।

**ट्रंप की छवि ऐसे राजनेता की बन चुकी है, जिसकी नीतियां अस्थिर हैं और जो व्यक्तिगत पसंद-नापसंद के आधार पर बदलती रहती हैं। अपने पहले कार्यकाल में भी ट्रंप ने कई ऐसे बयान दिये थे, जिनके बारे में बाद में वाइट हाउस को सफाई देनी पड़ी।**

**पुरानी आदतः** ट्रंप की छवि ऐसे राजनेता की बन चुकी है, जिसकी नीतियां अस्थिर हैं और जो व्यक्तिगत पसंद-नापसंद के आधार पर बदलती रहती हैं। अपने पहले कार्यकाल में भी ट्रंप ने कई ऐसे बयान दिये थे, जिनके बारे में बाद में वाइट हाउस को सफाई देनी पड़ी। भारत-पाकिस्तान के बीच कश्मीर मसले पर मध्यस्थता का प्रस्ताव हो या अमेरिकी चुनाव में दखल के मामले में रूस को क्लीनचिट देना - ट्रंप ने अपने विदेश विभाग को कई बार असमंजस में डाल दिया था।

**अलग रुख :** अगर मौजूदा हालात को देखें, तो अब भी कुछ वैसा ही होता दिख रहा है। ट्रंप का रवैया बातचीत के सारे रास्ते बंद करने का है, लेकिन अमेरिकी रणनीतिकार जानते हैं कि इससे चीजें और बिगड़ जाएंगी। वैसे भी पश्चिमी मीडिया पीएम मोदी की चीन यात्रा और वहां पूतिन से उनकी मुलाकात को अमेरिकी डिप्लोमैसी के लिए बड़े झटके के रूप में देख रहा है।

**संयुक्त अभ्यासः** हालांकि भारत ने कभी संवाद का रास्ता बंद नहीं किया। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का बयान इसका सबूत है। दुनियाभर में कारोबारी रिश्तों का विस्तार करने के बावजूद नई दिल्ली ने वॉशिंगटन के साथ पुराने संबंधों को नहीं छोड़ा है। इस कड़ी में यह भी अहम है कि दोनों देशों की सेनाएं संयुक्त अभ्यास के लिए अलास्का में जुटी हैं।

अभिमत
आजाद सिपाही

**जब डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के शिष्यों और मित्रों ने उनका जन्मदिन मनाने की इच्छा प्रकट की, तब उन्होंने अत्यंत विनम्रता से कहा 'यदि आप मेरे जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाएं तो मुझे अधिक प्रसन्नता होगी, क्योंकि यह मेरे व्यक्तित्व की नहीं, अपितु समस्त शिक्षकों की गरिमा का उत्सव होगा।' यह वाक्य उनकी उदारता और शिक्षा-प्रेम का द्योतक है।**

# शिक्षक दिवस : गुरु परंपरा और राष्ट्र निर्माण का संकल्प



**प्रो. (डॉ.) मनोज कुमार**

भारत की संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च तथा अनुपम माना गया है। शिक्षक समाज का वह आधार स्तंभ है, जो न केवल ज्ञान का प्रसार करता है, बल्कि जीवन की अंधकारमय राहों को आलोकित करता है और विद्यार्थियों के चिंतन, आचरण तथा व्यक्तित्व को उपयुक्त दिशा प्रदान करता है। गुरु ही सृजन के प्रेरक, संरक्षण के आधार और जीवन के सत्य के उद्घाटक हैं।

'गुरु' शब्द संस्कृत के 'गु' (अंधकार) और 'रु' (निवारण करने वाला) शब्द से बना है, जिसका अर्थ है- अज्ञान रूपी अंधकार को दूर करने वाला। अतः गुरु वह है ज्योति है जो शिष्य के जीवन से अज्ञान का अंधकार मिटाकर ज्ञान, सत्य और विवेक का प्रकाश फैलाता है। भारतीय परंपरा में गुरु को केवल शिक्षक नहीं, बल्कि जीवन-द्रष्टा और पथप्रदर्शक माना गया है, जो शिष्य के व्यक्तित्व, चरित्र और संस्कार का निर्माण करता है। इसी कारण गुरु को साक्षात ब्रह्म के समान पूजनीय स्थान प्रदान किया गया है- गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः। गुरुर्साक्षात परब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः॥

**भारतीय परंपरा में गुरु को केवल शिक्षक नहीं, बल्कि जीवन-द्रष्टा और पथप्रदर्शक माना गया है।**

शिक्षक दिवस का प्रारंभ 1962 में हुआ, जब हमारे देश के द्वितीय राष्ट्रपति, अद्वितीय शिक्षक और महान दार्शनिक डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने अपने जन्मदिवस को उत्सव के रूप में मनाने के बजाय इसे शिक्षकों के सम्मान में समर्पित करने का सुझाव दिया। जब उनके शिष्यों और मित्रों ने उनका जन्मदिन मनाने की इच्छा प्रकट की, तब उन्होंने अत्यन्त विनम्रता से कहा 'यदि आप मेरे जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाएं तो मुझे अधिक प्रसन्नता होगी, क्योंकि यह मेरे व्यक्तित्व की नहीं, अपितु समस्त शिक्षकों की गरिमा का उत्सव होगा।' यह वाक्य उनकी उदारता और शिक्षा-प्रेम का द्योतक है। तब से यह दिन भारत में शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान का प्रतीक बन गया है।



डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जीवन और उनका शिक्षा-दर्शन आधुनिक भारत के लिए आदर्श है। उनका मानना था कि शिक्षा केवल तथ्यों और सूचनाओं का संकलन नहीं है, बल्कि यह मनुष्य के बौद्धिक, नैतिक और आध्यात्मिक विकास का साधन है। उनके शब्दों में 'सच्ची शिक्षा से हम मानवता को महान बना सकते हैं।' यह विचार स्पष्ट करता है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में अंक लाना या डिग्री अर्जित करना नहीं, बल्कि व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास करना है। उन्होंने शिक्षा को व्यक्ति और समाज के विकास का आधार माना है। शिक्षक दिवस हमें उनके इस दर्शन को स्मरण करने और शिक्षा के प्रति उनके योगदान को सम्मान देने का अवसर प्रदान करता है।

भारतीय इतिहास और साहित्य में गुरु का गौरवशाली स्थान रहा है। रामायण में गुरु वशिष्ठ और विश्वामित्र अपने शिष्यों को केवल शास्त्र विद्या ही नहीं सिखाते, बल्कि उनमें जीवन का आदर्श भी गढ़ते हैं। महाभारत में गुरु द्रोणाचार्य युद्धकला का शिक्षण देते हुए अपने शिष्यों को कर्तव्य और धर्म का बोध कराते हैं, वहीं भगवान श्रीकृष्ण स्वयं अर्जुन का सारथी होकर यह सिद्ध करते हैं कि गुरु केवल कक्षा तक सीमित नहीं होता, बल्कि जीवन की हर परिस्थिति पर पथप्रदर्शक होता है। प्राचीन गुरुकुल प्रणाली इसी गहन शिक्षा-दर्शन पर आधारित थी, जहां शिक्षा का तात्पर्य केवल शास्त्रज्ञान नहीं, बल्कि श्रम, अनुशासन, सेवा और आत्मसंयम था। इसी कारण गुरु और शिष्य का संबंध आजीवन आत्मीयता और श्रद्धा से जुड़ा रहता था।

आज के डिजिटल युग में शिक्षक की भूमिका और भी महत्त्वपूर्ण हो गयी है। तकनीकी प्रगति और सूचना क्रांति ने शिक्षण पद्धतियों को नया स्वरूप प्रदान किया है। ऑनलाइन कक्षाएं, डिजिटल शिक्षण उपकरण, और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे नवाचारों ने शिक्षकों के सामने नए अवसर और चुनौतियां प्रस्तुत की हैं। प्रतिस्पर्धा की होड़ और अंक-प्राप्ति की दौड़ ने शिक्षा को सीमित और यांत्रिक बना दिया है। ऐसे में शिक्षक का उत्तरदायित्व और अधिक बढ़ जाता है कि वह विद्यार्थियों को केवल सूचना नहीं, बल्कि विवेक, नैतिकता और जीवन-मूल्य प्रदान करें। हालांकि, तकनीक शिक्षक की जगह नहीं ले सकती। एक शिक्षक का मानवीय स्पर्श, उनकी प्रेरणा, और उनकी समझ विद्यार्थियों के लिए अपरिहार्य है। शिक्षक न केवल विषय ज्ञान करते हैं, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता, और आलोचनात्मक चिन्तन की क्षमता विकसित करते हैं।

शिक्षक के महत्त्व को केवल जानकारी या पाठ्यक्रम तक सीमित करना उसके योगदान को अत्यधिक संकुचित कर देना है, क्योंकि शिक्षक मात्र विषय का अध्यापक नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र का शिल्पकारहोता है। वह अपने विद्यार्थियों के अंतःकरण में सद्गुणों का बीज बोता है, उनके जीवन में संस्कारों की गंगा प्रवाहित करता है। शिक्षा यदि केवल जीविकोपार्जन तक सीमित हो जाये तो उसका उद्देश्य अधूरा रह जायेगा, क्योंकि उसका मूल उद्देश्य व्यक्ति को विवेकशील और उत्कृष्टमानव बनाना है।

इतिहास साक्षी है कि चाहे कोई आदर्श व्यक्तित्व हो, महान वैज्ञानिक, रचनाशील कलाकार या दूरदर्शी चिंतक, उनकी सफलता के पीछे किसी न किसी गुरु की प्रेरणा, मार्गदर्शन और तपस्या अनिवार्य रूप से रही है। यदि राष्ट्र को सुदृढ़, संस्कारित और प्रगतिशील बनाना है तो शिक्षक के गौरव और गरिमा को पुनः प्रतिष्ठित करना होगा। इसीलिए कहा गया है 'गुरु बिन ज्ञान नहीं और ज्ञान बिन जीवन नहीं।'

यह स्पष्ट है कि शिक्षक दिवस केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि यह हमारे राष्ट्र की आत्मा का उत्सव है। शिक्षक वह दीपशिखा हैं जो स्वयं जलकर अज्ञान का तमस हरते हैं और ज्ञान का आलोक फैलाकर नयी पीढ़ी को जीवन-दर्शन का मार्ग दिखाते हैं। वे केवल विद्या के वाहक नहीं, बल्कि संस्कृति के संरक्षक, नैतिकता के प्रवर्तक और प्रगति के पथप्रदर्शक भी हैं। अतः इस पावन अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम गुरुजनों की गरिमा को अक्षुण्ण रखेंगे, उनकी चुनौतियों को समझते हुए उनके कार्यों में सहयोग करेंगे और शिक्षा को मात्र ज्ञानार्जन का साधन न मानकर उसे मानवता, संस्कार और विवेक का पथप्रदर्शक बनायेंगे। उनकी यह साधना और तपस्या निरंतर प्रवाहित होती रहे और हम सब मिलकर उनके इस यज्ञ में सहभागी बनें, यही शिक्षक दिवस के पुनीत अवसर पर शिक्षकों के प्रति वास्तविकसम्मान होगा।

**(लेखक मारवाड़ी महाविद्यालय, रांची के प्राचार्य हैं)**

## कोल्हान की खबरें

### बोड़ाम के खोकरो गांव में पुलिया निर्माण की मांग



**जमशेदपुर/ बोड़ाम (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा स्थित बोड़ाम प्रखंड के पहाड़पुर पंचायत अंतर्गत खोकरो गांव में पुल निर्माण नही होने से बरसात के दिनों में ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के लगभग 100 परिवार के लिए नाला पार करना सबसे बड़ी बाधा बन गया है। जिसमे कारण रोजाना ग्रामीणों को कठिनाई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।ग्रामीणों के अनुसार दलमा पर्वत से निकला यह नाला बरसात में उफान मारने लगता है। जिससे गांव के दोनों हिस्सों हासाडीह और बाद्दाडीह के बीच आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है। इन दोनों टोला में लगभग 100 से 150 परिवार रहते हैं। जिन्हें हर साल मानसून में बड़ी मुश्किल झेलनी पड़ती है। गांव के लोगों का कहना है सबसे अधिक समस्या स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को होती है। बच्चे रोज स्कूल आने-जाने में जोखिम उठाते हैं। वहीं बीमार होने पर मरीजों को नाले के उस पार ले जाना ग्रामीणों के लिए चुनौती बन जाता है। पहाड़पुर पंचायत के मुखिया अजब सिंह ने कहा इस नाले पर पुलिया निर्माण अति आवश्यक है। वर्षों से ग्रामीण इस समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गयी। मौके पर मौजुत फूलचंद सिंह सरदार, जनार्दन सिंह सरदार, माधव सिंह, सुखदेव सिंह, लेदू सिंह, सावित्री सिंह और जानकी सिंह ने संयुक्त रूप से विधायक, सांसद और जिला प्रशासन से जल्द से जल्द पुलिया का निर्माण कराने की मांग की।

### करम पर्व भाई-बहन के अटूट रिश्ते और प्रकृति के साथ गहरे जुड़ाव के प्रतीक : समीर कुमार मोहंती




**बहरागोड़ा (आजाद सिपाही)।** आदिम मुंडा महाल विकास समिति चाकुलिया द्वारा आयोजित प्राकृतिक पर्व करमा का बहरागोड़ा में धूमधाम से आयोजन हुआ। बुधवार को कार्यक्रम के दौरान मुख्य अथिति विधायक समीर कुमार मोहंती शामिल हुए। इस अवसर पर पारंपरिक करमा नृत्य और गीतों ने कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का संचार किया गया। मौके पर विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा करमा सिर्फ एक पर्व नहीं बल्कि भाई-बहन के अटूट रिश्ते और प्रकृति के साथ हमारे गहरे जुड़ाव के प्रतीक है। उन्होंने जोर देकर कहा आज प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों के दौर में करमा पर्व हमें पेड़-पौधों,नदियों और धरती माँ का सम्मान करना सिखाती हैं। उन्होंने आदिम मुंडा महाल विकास समिति की सराहना करते हुए कहा ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और संस्कृति से जोड़ते हैं। विधायक श्री मोहंती युवाओं से अपील की वे अपनी संस्कृति और परंपरा को गर्व से अपनाएं और आगे बढ़ाएं। विधायक समीर मोहंती ने कहा अगर हम अपनी प्रकृति को नहीं बचाएंगे तो हमारा अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। जंगल, पहाड़ और नदियों की रक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है। मौके पर समिति अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद सिंह मुंडा, देव मुंडा, आशीष मानकी, भारत मुंडा, मोतीलाल मुंडा, संतोष मुंडा, शंकर मुंडा, झामुमो नेता गौतम दास, विशाल बारिक, सुजीत दास, गणेश दत्ता, राम बास्के, मनोज महतो, कृति सुंदर महतो, नितीश आनंद समेत सैकड़ो गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जमशेदपुर में दिन दहाड़े ज्वैलरी दुकान में लूट

**मालिक को किया घायल, जांच में जुटी पुलिस**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर स्थित सोनारी थाना क्षेत्र में अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने दिन दहाड़े वर्धमान ज्वैलर्स में लूट की घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। बुधवार को अपराधियों ने वर्धमान ज्वैलर्स में बंधुक के नोक पर लगभग 5 से 6 लाख (60ग्राम) की गहना लेकर चलते बने। उस दौरान दुकान के मालिक रोकने का प्रयास किया लेकिन बंदूक के बट से सर में हमला कर सभी अपराधी भाग निकले। अपराधियों के द्वारा एक राउंड गोली चलाने की बात भी सामने आरही है। उधर घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी, सोनारी थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस दल बल के साथ घटना स्थल पहुच कर जांच में जुट गई। मौके पर स्थानीय शुशांत शेखर ने बताया अपराधियों ने लूट के दौरान वर्धमान ज्वैलर्स के मालिक पर बंदूक के बट से हमला कर घायल कर दिया। लूट की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरा में कैद है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।बताया जारहा है लूट की घटना में 6 हथियारबंद अपराधियों ने दुकान में प्रवेश कर वहां मौजूद कर्मियों को कनपटी पर पिस्टल रखकर दहशत फैलाई। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार अपराधी योजनाबद्ध तरीके से सोना दुकान में घुस कर हतियार के बल पर लगभग 60 ग्राम सोना जिसका मूल्य 5 से 6 लाख रुपये लूट कर फरार हो गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

मौके पर सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया वर्धमान ज्वैलर्स में अपराधियों ने लगभग 11 बजे पहले आए थे और पांच सोने का चेन पसंद किया था। अनुमान लगाया जा रहा है कि यह चोरी के नियत से आए थे उसके बाद फिर लगभग 1:00 बजे दुकान में आया और घटना को अंजाम दिया। उन्होंने बताया की फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर कार्रवाई में जुट गई है। बहुत जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी होगी। वही जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने सोनारी में दिनदहाड़े हुई लूट की घटना पर गहरी चिंता जतायी। उन्होंने कहा सोनारी में यह तीसरी वारदात है। इससे पुलिस की साख पर सवाल खड़ा होता है। पुलिस अफसरों को चाहिए थाने के सिपाहियों, अधिकारियों, सूचकों को टाइट करें। सीसीटीवी में सारी चीजें कैद हो गई हैं। पुलिस रात भर में अपराध करने वालों को पकड़ें और इसका खुलासा करें।

### स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट का शिक्षक सम्मान समारोह कल



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** आगामी 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के व्यावहारिक पहलुओं पर एक संगोष्ठी और शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। साकची स्थित मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल सभागार में होने वाले सम्मान समारोह में मुख्य अथिति विधायक सरयू राय शामिल होंगे। बुधवार को इसकी जानकारी देते हुए विधायक सरयू राय ने बताया राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में शिक्षकों और अभिभावकों के बीच स्पष्ट जानकारी आवश्यक है। हाल ही में 11वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाओं को लेकर उत्पन्न कठिनाइयाँ इस बात का प्रमाण हैं। झारखंड में शिक्षा नीति को समग्रता से लागू करने की ठोस तैयारी नहीं हो पायी है। प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा में आधारभूत ढांचा कमजोर है तथा योग्य शिक्षकों की भारी कमी है।उन्होंने कहा संगोष्ठी में तीन शिक्षा विशेषज्ञ प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा पर झारखंड में एनइपी के प्रभाव पर अपने विचार रखेंगे। इस अवसर पर जमशेदपुर पश्चिम और पूर्व विधानसभा क्षेत्र के विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, पुरस्कार प्राप्त और चर्चित शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार,आवश्यक सुविधाओं का सृजन,परीक्षाफल में सुधार और मेधावी विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान सुनिश्चित करना है। यह आयोजन स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के तत्वावधान में होगा।

# अपने पिता रामदास सोरेन की राजनीतिक विरासत संभालेंगे सोमेश

**अरुण सिंह**

**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के मृत्यु से खाली हुई घाटशिला विधानसभा सीट पर उजचुनाव होना तय है। यह चुनाव बिहार विधानसभा के आनेवाले चुनाव के साथ ही होगा, लगभग यह भी तय है। उपचुनाव को देखते हुए पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त डॉ कर्ण सत्यर्थी एवं घाटशिला के अनुमंडल पदाधिकारी सुनील चंद्रा की अगुवाई में मतदाता पुनरीक्षण का काम शुरू हो गया है। जिला प्रशासन चुनाव आयोग के निर्देशानुसार अपने काम में जुट गया है। उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा का प्रत्याशी कौन होगा? इसे लेकर घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के झामुमो नेता - कार्यकर्ताओ में किसी तरह का



किन्तु - परन्तु नहीं है। घाटशिला, मुसाबनी, धालभूमगढ़, गुडाबांधा, जादूगोड़ा के जमीनी नेता-कार्यकर्ताओ को पार्टी नेतृत्व ने इशारा कर दिया है कि घाटशिला में अब झामुमो का तीर-कमान सोमेश चंद्र सोरेन के हाथ में सौंपा जा रहा है। यहां के कार्यकर्त्ता सोमेश के नाम पर सहमत होकर मंगलवार को घाटशिला में संपन्न कार्यक्रम में अपनी सर्वसम्मत मुहर लगा चुके हैं। बाकी है तो सिर्फ पार्टी नेतृत्व की आधिकारीक घोषणा और सोमेश के नाम पर यह घोषणा किए जाने की फॉर्मेलिटी भी जल्द ही पूरा कर लेगा पार्टी मुख्यालय इसे लेकर पार्टीजन पूरी तरह निश्चिन्त है। बता दें कि सोमेश चंद्र सोरेन स्व रामदास सोरेन के तीन में सबसे बड़े पुत्र हैं। सोमेश ने बीटेक किया है। कुछ दिनों तक टाटा मोटर्स में जॉब भी कर चुके हैं सोमेश। नौकरी छोड़कर फिलहाल वे टाटा मोटर्स एवं टाटा पावर में आउटसोर्सिंग का काम संभाल रहे हैं। सोमेश भले ही राजनीति में इससे पहले कभी प्रत्यक्ष रूप से शामिल नहीं रहे, लेकिन कभी - कभार अपने पिता के साथ घाटशिला आते - जाते रहे हैं। गांव - शहर के पार्टी कार्यकर्त्ता इन्हें अच्छी तरह जानते- पहचानते हैं।

### सरायकेला-खरसावां में बालू घाटों की नीलामी प्रक्रिया शुरू

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले में बालू घाटों की नीलामी प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस बार घाटों को दो समूहों में बांटा गया।चांडिल क्षेत्र में ग्रुप ए के लिए सोरो जरगोडीह, सोरो बिरडीह, बामुंडीह गोविंदपुर सापदा और बालीडीह चांडिल के घाट शामिल हैं। इनकी सरकारी बोली लगभग 25 करोड़ रुपये से शुरू होगी।सरायकेला क्षेत्र में ग्रुप बी में सरजामडीह, नुआडीह, चमारु, जादुडीही, बालीडीह-राजनगर, लक्ष्मीपुर और बालीडीह चांडिल घाट शामिल हैं। इसकी सरकारी बोली लगभग 20 करोड़ रुपये से शुरू होगी।नीलामी ऑनलाइन ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर होगी। ताकि पारदर्शिता बनी रहे। बड़े पूंजीपतियों के भाग लेने की संभावना जतायी जा रही है। इसको लेकर छोटे पूंजीपति काफी चिंतित हैं।

### सरायकेला खरसावां छउ नृत्य शाखा केंद्र का सुचारु रूप से होगा संचालित : दशरथ गागराई



**खरसावां (आजाद सिपाही)।** राजकीय छऊ नृत्य कला केंद्र सरायकेला खरसावां शाखा केंद्र में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।बुधवार को विधायक दशरथ गागराई की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लंबे समय से बंद पड़े खरसावां केंद्र को पुनः सुचारु रूप से संचालित करने का निर्णय लिया गया। विधायक गागराई ने कहा छऊ कला जिले की धरोहर है। किसी क्षेत्र की पहचान उसकी भाषा, संस्कृति और कला से होती है। उन्होंने कलाकारों को आश्वासन दिया खरसावां शैली छऊ के विकास के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे। बैठक में खरसावां राजघराने की रानी अपराजिता देवी, विधायक पत्नी बसंती गागराई, सरायकेला आर्टिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं कई प्रमुख कलाकार मौजूद रहे। इस अवसर पर कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी और छऊ कला के उत्थान पर चर्चा की।बैठक में निर्णय लिया गया शीघ्र ही एक संचालन समिति गठित की जाएगी। सरायकेला, खरसावां एवं मानभूम शैली के कलाकारों का प्रतिनिधिमंडल संबंधित मंत्री और मुख्यमंत्री से मुलाकात कर तीनों केंद्रों को सक्रिय करने की पहल की जाएगी।

## पीडीजे ने किया बीडीएसयू में विधि विभाग का उद्घाटन

# जो हमेशा सीखने को तैयार होता है जीवन में वही आगे बढ़ता है: पीडीजे

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर में बुधवार को विधि विभाग (Department of Law) का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, गढ़वा के कौशल किशोर झा और गढ़वा न्यायालय के विभिन्न न्यायिक अधिकारी जिसमे शिवनाथ त्रिपाठी, आशुतोष कुमार पांडे, कुमार विपुल और नरेंद्र कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत छात्र छात्राओं द्वारा स्वागत गान और नृत्य से किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि, न्यायालय के न्यायिक अधिकारियो, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह और कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया कर किया और विवि के कुलाधिपति ने मुख्य अतिथि को पौधा, स्मृति चिह्न एवं अंगवस्त्र दे कर सम्मानित किया।

प्रारंभ में मुख्य अतिथि और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, गढ़वा के कौशल किशोर झा द्वारा विधि विभाग का उद्घाटन फीता काट कर किया गया और पूरे विभाग का भ्रमण कर निरिक्षण किया गया एवं उनके द्वारा हर्ष व्यक्त कर संतोष जाहिर किया गया। श्री किशोर ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए पांच महत्त्वपूर्ण पी(P) अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि धैर्य से व्यक्ति परिस्थितियों का सामना करना सीखता है, दृढ़ता उसे निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है, विन्रमता उसे मंज़िल तक पहुंचने का अवसर प्रदान करता है, समय की पाबंदी एवं लगन उसे नयी ऊंचाइयों तक ले जाती है। और पूरी जीवन सिखने की ललक उसे बुलंदियों तक पहुंचाती है।

विधि विभाग के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कर रहे बाबू दिनेश विश्वविद्यालय के कुलाधिपति और वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक दिनेश प्रसाद सिंह ने कहा कि परिसर में विधि शिक्षा की शुरूआत लंबे इंतजार के बाद आखिरकार संभव हो पायी है। मेरी तमन्ना थी कि वर्ष 2005 से ही हमारे कैंपस में विधि शिक्षा की व्यवस्था हो, जो आज सफल हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि विधि विभाग की स्थापना केवल एक शैक्षणिक उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह समाज में न्याय, अधिकार और कर्तव्य की समझ विकसित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

सत्र के प्रारंभ में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एम के सिंह ने सभी अतिथियों, प्राचार्यो, शिक्षको एवं छात्र-छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की स्थापना से पूर्व विभिन्न महाविद्यालयों में परंपरागत पाठ्यक्रम जैसे डेंटल, होम्योपैथीक, नर्सिंग, एएनएम, बीएड कोर्स संचालित होते आ रहे है। और इसी क्रम में इंजीनियरिंग, प्रबंधन, सूचना एवं तकनिकी, स्नातक, स्नातकोत्तर, फार्मेसी, विधि जैसे नए पाठ्यक्रमों की शुरूआत की गयी है। इन पाठ्यक्रमों के संचालन से विश्वविद्यालय का शैक्षणिक दायरा विस्तृत हुआ है और विद्यार्थियों को रोजगारपरक एवं पेशेवर शिक्षा उपलब्ध हो रही है।

इसी क्रम में गढ़वा के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश शिवनाथ त्रिपाठी ने कहा कि विधि केवल एक विषय नहीं बल्कि समाज को दिशा देने वाला आधार है। उन्होंने विधि के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थियों को चाहिए कि वे टेक्नोलॉजी को समझें, भाषा (लैंग्वेज) को मजबूत करें और विधि के उद्देश्य को गहराई से आत्मसात करें।

कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर अजय भूषण प्रसाद ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, प्राचार्य, संकायाध्यक्ष, शिक्षक, गैर शिक्षण कर्मचारी एवं छात्र छात्रों को धन्यवाद ज्ञापित किया क मंच संचालन नर्सिंग के सहायक प्रोफेसर निलोफेर प्रवीण के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ ललन कुमार, सीईओ सुभाष कुमार, प्रशासनिक अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह एवं विभिन्न कॉलेज के प्राचार्य, संकायाध्यक्ष, गैर शिक्षण कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया करमा पूजा



**करमा पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत करने और सामाजिक एकता का संदेश देने वाला पर्व है: विधायक आलोक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरिया।** भंडरिया प्रखंड के नौका परभन बाबा देव स्थल में प्राकृतिक व बहन ने अपने भाई के लंबे उम्र व अटूट प्रेम और आस्था का पर्व करमा पूजा बड़े ही हर्षोल्लास और परंपरागत रीति-रिवाज के साथ मनाया गया। हर साल की तरह इस बार भी भादो मास की एकादशी तिथि को यह पर्व पूरे धूमधाम से आयोजित किया गया।

पूजा की शुरूआत प्राचीन मान्यता के अनुसार नौका स्थित दाढ़ी कुआं से जल उठाने के साथ हुई। महिलाएं और पुरुष श्रद्धालुओं ने कलश में जल लेकर परंपरागत गीतों व नृत्य के बीच बाबा देव स्थल पहुंचे और जलाभिषेक कर अखाड़े में लगाये गये करम डाली की विशेष पूजा अर्चना की गयी। बहनों ने अपने भाइयों की लंबी उम्र और समृद्धि की कामना करते हुए उपवास रखा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया पुर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी सहित अन्य मंचासीन को पुजा समिति की ओर से अंगवस्त्र देकर व फुलमाला पहहनाकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि करमा पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत करने और सामाजिक एकता का संदेश देने वाला पर्व है। उन्होंने आयोजन समिति को सफल कार्यक्रम के लिए धन्यवाद देते हुए स्थानीय संस्कृति को जीवित रखने की सराहना की। मंच का संचालन शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह ने किया, वहीं आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष आनंदी सिंह, कोषाध्यक्ष बिरजू सिंह, मुख्य संरक्षक विनय सिंह, सलाहकार जीतन सिंह और धनंजय सिंह विरेंद्र सिंह की अहम भूमिका रही।

नौका परभन बाबा देव स्थल के अलावा भंडरिया प्रखंड मुख्यालय के टेनटाड़ और जामौती में भी विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन हुआ। दोनों जगहों पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े और पूरी निष्ठा के साथ करमा डाली की पूजा की। पूरे दिन श्रद्धालु उत्साहपूर्वक पूजा-अर्चना और पारंपरिक अनुष्ठानों में डूबे रहे, वहीं शाम होते-होते करमा गीतों की गूंज ने पूरे क्षेत्र का माहौल सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया।

इस मौके पर जिला परिषद सदस्य हिरवंती देवी, भंडरिया पंजाब नेशनल बैंक के केसियार सुहेल कक्षा हरिदास तिर्की आदिवासी महासभा के अध्यक्ष नीलम कुजूर केश्वर क्रिकेटर प्रखंड प्रमुख रुक्मिणी कुमारी, बडगड प्रखंड प्रमुख शांति देवी, उप प्रमुख श्रद्धा देवी, कुंवर सिंह, अंबिका सिंह, सुशील सिंहा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पंडा नदी में डूबने से बच्ची की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** केतार थाना क्षेत्र अंतर्गत ताली गांव में करमा पूजा के दिन शाम में पंडा नदी में स्नान करने के दौरान एक बच्ची की मौत डूबने से हो गयी। उसे तत्काल ईलाज हेतु सीएचसी भवनाथपुर लाया गया, जहां तैनात चिकित्स्क डॉ. शैलेंद्र कुमार ने मृत घोषित कर दिया। मृत बच्ची का नाम ताली निवासी सोनम कुमारी 8 वर्ष पिता सत्यनारायण विश्वकर्मा है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है, कि करम डाल स्थापित करने के बाद कर्मा पूजा के लिए सोनम कुमारी व्रत रखी अन्य बच्चियां के साथ बुधवार की देर शाम स्नान करने अपने गांव के ही समीप पंडा नदी में गयी थी, इसी दौरान पंडा नदी में स्नान के क्रम में बच्चियां गहरे पानी में डूबने लगी, शोर गुल सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने कुछ को सुरक्षित निकाल लिया लेकिन सोनम कुमारी गहरे पानी में डूब गयी, उसे किसी तरह पानी से बाहर निकाल कर सीएचसी भवनाथुर लाया गया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। खबर लिखे जाने तक पंडा नदी में डूबे अन्य बच्चियों की तलाश जारी था।

## कार और मोटरसाइकिल की टक्कर में दो बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल



भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया बडगड मुख्य सड़क के नौका गांव स्थित बडका पुल के समीप कार व मोटरसाइकिल के भीषण आमने सामने टक्कर में दो बाईक पर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में बाहर भंडरिया निवासी बुटन मांझी के पुत्र अंतु मांझी व जग्गु मांझी के पुत्र रवि मांझी का नाम शामिल हैं। घटना कि तत्काल सूचना भंडरिया थाना प्रभारी सुभाष कुमार पासवान को दिया गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच सडक पर पडें दोनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरिया लाया गया, जहां चिकित्सकों के द्वारा दोनों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढवा रेफर कर दिया गया है। वहीं भंडरिया पुलिस दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर थाना लाया।

## इद मिलादुन्नबी की तैयारियों को लेकर बैठक

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। ईद मिलादुन्नबी की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से सद्दाम आलम को सदर चुना गया। बैठक में पर्व को शांति, आपसी भाईचारे और सौहार्द्र के साथ मनाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। श्री बंशीधर नगर के चेचारिया ग्राम स्थित बगईयाटांड़ मेंझ्र ईद मिलादुन्नबी के मौके पर आयोजित बैठक उत्साह और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी पर्व की तैयारियों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गयी। सभी लोगों ने सर्वसम्मति से सद्दाम आलम को कमिटी का सदर (अध्यक्ष) चुना और वहीं उपाध्यक्ष गब्बर खान, कोषाअध्यक्ष शोएब आलम उर्फ गुड्डू, सचिव तनवीर खान उर्फ विक्की उप सचिव अबूताज बाबू और सूचना मंत्री एहसान खान को बनाया गया है।

# बच्चों को सेकेंडरी और हायर सेकेंडरी शिक्षा प्राप्त करने के लिए बाहर जाने की जरूर नहीं : अलखनाथ पांडे

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** गुणवत्ता युक्त शिक्षा के साथ यहां के बच्चों को सेकेंडरी एवं हायर सेकेंडरी शिक्षा प्राप्त करने के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़े। इसी मुख्य लक्ष्य को निर्धारित कर आर के पब्लिक स्कूल की स्थापना श्री बंशीधर नगर में की गयी थी, जिसमें आरके पब्लिक स्कूल श्री बंशीधर नगर ने ऊंची मुकाम को हासिल करने में सफलता प्राप्त किया है। उक्त बातें आरके पब्लिक स्कूल अधौरा श्री बंशीधर नगर के निदेशक अलखनाथ पांडे ने पत्रकारों से बात करते हुए कही। उन्होंने कहा कि विद्यालय में उच्च योग्यताधारी प्रिंसिपल, शिक्षक और अनुभवी मैनेजमेंट हो तो श्री बंशीधर नगर के बच्चों को दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, रांची, पटना या देश के अन्य कोने में जाने की आवश्यकता नहीं है। उनको देश के किसी भी स्थान के बराबर शिक्षा बंशीधर नगर ऊंटरी में दी जा सकती है और दिया जा रहा है।

श्री पांडे ने बताया कि विद्यालय के नये प्रिंसिपल के रूप में पन्नालाल जी को नियुक्त किया गया है जो कर्नाटक, हिमाचल, बेंगलुरु सहित कई जगहों पर शिक्षण कार्य में अपना सेवा दिए हैं, उच्च योग्यता धारी है। उनके अनुभव का फायदा अब श्री बंशीधर नगर के बच्चों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि सर्वांगीण विकास की बात हम सब करते हैं लेकिन सर्वांगीण विकास के लक्ष्य को कैसे हासिल किया जाये, इसका रोड मैप बहुत सारे विद्यालयों के पास नहीं है। हम कह सकते हैं कि लगभग 32 वर्षों के अनुभव के अनुसार शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य करने के बाद सर्वांगीण विकास के लिए बच्चों के बीच सकारात्मक माहौल का निर्माण करना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिले के आरके पब्लिक स्कूल के बच्चों ने विद्यालय से पढ़कर आईआईटी, आईपीएस, डॉक्टर, जैसे बड़े-बड़े पदों पर कार्य कर रहे हैं जो क्षेत्र के प्रतिभा को दर्शाता है। पांडे ने कहा कि शिक्षा प्रणाली में लैब का होना अति आवश्यक है इसलिए विद्यालय ने हाई टेक्नोलॉजी युक्त, आधुनिक लैब का निर्माण करने का निर्णय लिया है, जो अगले एक महीने में तैयार होकर बच्चों के लिए उपलब्ध हो जायेगा। मौके पर नियुक्त प्रिंसिपल पन्नालाल जी उपस्थित थे।

## किसी भी परिस्थिति में अभद्र भाषा का प्रयोग लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ है : शशांक



युवा समाजसेवी शशांक शेखर।

कांडी (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर विधानसभा के पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही और मंत्री इरफान अंसारी के बीच हुए नोक-झोंक सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बीजेपी कार्यकर्ताओं में रोष देखने को मिल रही है। इस घटना पर प्रखंड क्षेत्र के युवा समाजसेवी एवं दृष्टि यूथ ऑर्गेनाइजेशन के प्रधान सचिव शशांक शेखर द्विवेदी ने आपत्ति जतायी है। उन्होंने फोन पर मंत्री इरफान अंसारी से बातचीत करते हुए कहा कि मंत्री जैसे उच्च और प्रतिष्ठित पद पर बैठे व्यक्ति से संयमित और मर्यादित भाषा की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी परिस्थिति में अभद्र भाषा का प्रयोग लोकतांत्रिक परंपराओं और सामाजिक शिष्टाचार के खिलाफ है। शशांक शेखर ने कहा, 'जब जनप्रतिनिधि ही अभद्र भाषा का प्रयोग करेंगे तो उनके कार्यकर्ताओं से शालीन व्यवहार की उम्मीद कैसे की जा सकती है?'

## मेराल: निर्माणाधीन हाइवे सड़क के दोनों तरफ बनाये गये नाली का पटिया घटिया किस्म का है : झामुमो

**कई जगह टूटकर दे रहा है दुर्घटना का आमंत्रण, नहीं सुधार हुआ तो होगा आंदोलन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड के झामुमो नेताओं ने थाना मुख्यालय में निमार्णाधीन 39 सड़क के दोनों तरफ बनाए गए नाली के ऊपर लगाया गया पटिया (ढक्कन) को घटिया किस्म और निम्न स्तर का होने से कई जगहों पर पटिया टूट जाने से खतरा का घर बना हुआ है। नेताओं ने कहा कि पटिया में लोहे छड़ की जगह प्लास्टिक का रड लगाया गया है, जिससे कोई भी गाड़ी के लोड से टूट जा रहा है। इसको लेकर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सूर्यप्रकाश ने कहा कि हाईवे निर्माण कंपनी एम जी कंस्ट्रक्शन कंपनी को इसका सुधार के लिए एक हफ्ते का समय दिया जाता है फिर भी अगर सुधार नहीं हुआ तो झामुमो की प्रखंड कमिटी इसकी शिकायत सूबे के मुख्यमंत्री से करेगी एवं मेराल की जनता एवं व्यवसायी की सुगमता के लिए जरूरत पड़ने पर आंदोलन भी किया जायेगा। मौके पर युवा प्रखंड अध्यक्ष ज्ञान रंजन मिश्रा, व्यवसायी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सह झामुमो नेता नवीन जायसवाल ने कहा कि कंपनी की लापरवाही हमेशा देखने को मिलती है जो एक्सीडेंट को न्योता देने के समान है।

## सहिया साथी कार्य में करें सहयोग : डॉ असजद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी की अध्यक्षता में बुधवार को प्रखंड स्तरीय मासिक रिपोर्टिंग बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सभी ग्यारह क्लस्टर के सहिया साथी से ग्रामीण स्तर पर कार्यरत सभी सहिया के कार्य का मूल्यांकन किया गया। सभी उपस्थित सहिया साथी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कार्यों का प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत किया तथा सहिया द्वारा सहिया पोर्टल के प्रगति रिपोर्ट पर डॉ असजद अंसारी ने नाराजगी जाहिर रते हुए सभी सहिया साथी को अपने-अपने क्षेत्र में जाकर सहिया के कार्य को पोर्टल पर सईया से अपलोड करने एवं जो सहिया कार्य में शिथिलता बदलती है। उसका विस्तृत रिपोर्ट बनाकर प्रस्तुत करने तथा सहिया के कार्य में सहयोग करने का निर्देश दिया। साथ ही ईएचबीएनसी तथा एचबी वाईसी और आयरन फोलिक एसिड सिरप वितरण कार्य को ऑनलाइन एंट्री सहिया से कराने और सभी सहिया को अपने कार्य का निर्वहन सही तरीके से तथा समन्वय बनाकर करने का निर्देश दिया। बैठक में डॉ गोरखनाथ पांडेय, डॉ इश्तियाक अंसारी, कार्यालय प्रभारी ललन राम, बीटीटी आशीष कुमार, अनूप कुमार पिंकी देवी, सहिया साथी प्रमिला देवी, सीमा देवी, उषा देवी, संध्या देवी, क्लारा तिर्की सहित सभी सहिया साथी उपस्थित थी।

# पूरे हर्षोल्लास और सामाजिक सौहार्द्र के बीच मनेगा दुर्गा पूजा महापर्व : एसडीएम

**'कॉफी विद एसडीएम' : दुर्गा पूजा समितियों संग संवाद, पूजा की तैयारियों पर हुआ मंथन**

**स्वच्छता, प्रकाश, सुरक्षा, विधि व्यवस्था पर आए सुझाव, यथासंभव अमल का भरोसा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में बुधवार को लगभग दो दर्जन पूजा समितियों के 50 से अधिक सदस्यों की सहभागिता रही। संवाद में दुर्गा पूजा पर्व की तैयारियों को लेकर पूजा समितियों ने अपनी-अपनी समस्याएं और सुझाव विस्तार से रखे। जिन पर एसडीएम ने आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया।

**हेल्पलाइन नंबर जारी करें नगर निकाय :** इस दौरान एसडीएम ने नगर परिषद गढ़वा और मझिआंव नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे दुर्गा पूजा के लिए विशेष हेल्पलाइन नंबर जारी करें, ताकि न केवल पूजा समितियां बल्कि आम श्रद्धालु भी साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं से संबंधित अपनी शिकायतें और सुझाव सीधे दर्ज करा सकें।

**अवैध शराब पर कड़ाई बरतें :** कुछ पूजा समितियां ने परेशानी साझा करते हुए बताया कि पर्व त्यौहार के इस खुशनुमा दौर में कुछ अराजक तत्व नशा करके भक्तिभाव के रंग में भंग कर देते हैं। इस पर एसडीएम ने अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और सेवन पर प्रभावी रोक लगाने का भरोसा देते हुए कहा कि उत्पाद विभाग और पुलिस मिलकर विशेष अभियान चलायेंगे तथा वाहन चालकों का रैंडम अल्कोहल टेस्ट भी करेंगे।

**विधि व्यवस्था को लेकर आए कई सुझाव :** बैठक में विभिन्न पूजा समितियों के प्रतिनिधियों ने अलग-अलग समस्याएं रखीं। मां भगवती पूजा समिति नाहर चौक के कौशल कुमार ने आरती के समय अतिरिक्त पुलिस बल की मांग की। शिव मंदिर पूजा समिति लखना के भीम मिस्त्री ने कहा कि पिछली बार की तरह अवांछित स्थिति न होने पाये इसको लेकर प्रशासन को सजग रहना होगा।

**लाइसेंस निर्गत करने की मांग :** मां दुर्गा पूजा समिति नवादा के अध्यक्ष सुखबीर पाल ने अनुमंडल क्षेत्र की सभी पात्र समितियों को लाइसेंस निर्गत करने का अनुरोध किया। वहीं मां गढ़ देवी मंदिर समिति के अरविंद पटवा ने पूजा के दौरान असामाजिक तत्वों पर प्रभाऐ रोकथाम की बात रखी।

**पूजा के दौरान मांस मुर्गा की दुकान बंद रहें :** अरविंद पटवा सहित कुछ अन्य सदस्यों ने एसडीएम से अनुरोध किया कि दुर्गा पूजा पर्व के दौरान मांसझ्रमदिरा की दुकानों को प्रथमा से दसवीं तक बंद रखा जाये।

**राम-बांध तालाब की दुर्दशा पर चर्चा :** जय मां शेरावाली संघ टंडवा के अध्यक्ष दौलत सोनी ने रामबांध तालाब की दुर्दशा की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि उसमें 100 प्रतिशत जलकुंभी भर गयी है, जबकि सभी समितियों का विसर्जन यहीं होता है। इस पर एसडीएम ने नगर परिषद को तुरंत तालाब साफ कराने का निर्देश दिया। जय माता दी संघ सोनपुरवा के शंकर कुमार ने इस तालाब में होटलों के गंदे पानी के बहाव और किनारे लगी लाइटों की खराबी की शिकायत की।

# रिहायशी इलाके में शराब दुकान खोलने का विरोधी तेज, ग्रामीणों ने उपायुक्त से की बंद कराने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** शहरी क्षेत्र के रिहायशी इलाके में शराब का नया दुकान खोले जाने को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। लोगों का कहना है, कि पहले से ही गांव-गांव में अवैध शराब की बिक्री होती रही है, जिसके कारण समाज में कई तरह की समस्याएं उत्पन्न हुई हैं। अब मुख्य बाजार एवं घनी आबादी वाले क्षेत्र में सरकार द्वारा अधिकृत शराब दुकान खोलना ग्रामीणों को बिल्कुल नागवार गुजर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि शराब दुकान खुलने से खासकर युवाओं और नाबालिगों पर नकारात्मक असर पड़ेगा। शिक्षा पर ध्यान देने के बजाय युवा वर्ग नशे की ओर आकर्षित होंगे। इसके अलावा शाम होते ही नशे में धुत लोग बाजार और आसपास की गलियों में हुड़दंग मचायेंगे, जिससे आम महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े होंगे। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि शराब की दुकान खुलने से घरेलू कलह, आर्थिक तंगी और अपराध की घटनाएं बढ़ेंगी। विरोध कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में पहले से ही बेरोजगारी और गरीबी की समस्या गहरी है। ऐसे में शराब आसानी से मिलने लगे तो गरीब परिवार और अधिक प्रभावित होंगे।

इस पूरे मामले को लेकर ग्रामीणों ने गढ़वा उपायुक्त दिनेश कुमार यादव कों पत्र लिखकर रिहायशी क्षेत्र में शराब दुकान नहीं खोलने की मांग की है। ग्रामीण. राजा सिंह, अनूप गुप्ता, पहलाद गुप्ता, उदय गुप्ता, जितेंद्र कुमार, आशुतोष कुमार, कमलेश कुमार, पूजा देवी, पूनम देवी, सोनम देवी, पिंकी देवी, गुड़िया देवी, प्रियंका कुमारी, अंजू कुमारी, विमला कुमारी, रूबी देवी, कांति देवी, शीला देवी का कहना है कि यदि प्रशासन इस मामले को गंभीरता से नहीं लेता तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। कहा कि इस क्षेत्र पंजाब नेशनल बैंक, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, मेडिकल दुकान, कंप्यूटर सेंटर, कोचिंग सेंटर है इस शराब दुकान खुलने से बच्चे एवं महिलाओं पर दुष्प्रभाव पड़ेगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में वे शराब दुकान के सामने धरना-प्रदर्शन करेंगे और जनप्रतिनिधियों का घेराव भी किया जायेगा।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 04 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दूसरा घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार सदर प्रखंड में इन दिनों सड़क दुर्घटना में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। एनएच 39 पर स्थित नर्सरी के पास हुए सड़क दुर्घटना में एक की मौत हो गयी। वहीं एक घायल हैं। मृतक की पहचान ट्रैक्टर चालक विनोद उरांव सदर थाना क्षेत्र के दोगिला का रहने वाला बताया जा रहा है। वहीं घायल की पहचान रश्मि कुमारी (35) पति पिंटू भुईया राजहार के रूप में हुई है। वहीं ट्रैक्टर पर सवार तीसरा व्यक्ति मुनेश्वर गंझू बाल बाल बच गया।

घटना के बाद चेचिस का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। इधर घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना प्रभारी थाना प्रभारी सुरेंद्र महतो दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गये और घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल रश्मि कुमारी को रिम्स रेफर रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार चेचिस वाहन रांची की ओर से लातेहार की ओर आ रही थी वहीं नगर पंचायत का ट्रैक्टर कचरा लेकर लातेहार से उदयपुरा की ओर जा रहा था तभी साहवन ढाबा के आगे नर्सरी के पास दोनो वाहन की सीधी भिड़ंत गयी, जिसमें एक की मौत हो गयी और एक घायल हो गया। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शी रेश्मि देवी ने बताया कि घटना के समय चालक मुनेश्वर गंझू से विनोद उरांव ने नशे की हालत में गाड़ी मांग लिया और स्वंय चलाने लगा, जिसके बाद यह घटना घटी।

## 6 को लोहरदगा में ट्रक मालिकों की बैठक

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** ट्रक एसोसिएशन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से 6 सितंबर को बॉक्साइट ट्रक मालिकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जायेगी। यह बैठक एसोसिएशन के संरक्षक सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के थाना रोड स्थित आवास पर होगी। बैठक में एसोसिएशन की नयी कमेटी का गठन किया जायेगा। इसके लिए अमतीपानी, गुरदरी, सेरंगदाग, जालिम, भैंसबथान, न्यू अमतीपानी (चिरोड़ीह), कुजाम और विमरला क्षेत्र के सभी ट्रक मालिकों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में सभी की उपस्थिति अनिवार्य बतायी गयी है। संरक्षक धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि यह ऐतिहासिक बैठक होगी, जिसमें ट्रक मालिकों की एकजुटता पर बल देते हुए ठोस निर्णय लिए जायेंगे। आने वाले समय में ट्रक मालिकों के सामने आने वाली चुनौतियों का मिलकर डटकर मुकाबला किया जायेगा। बैठक को सफल बनाने की तैयारी की जा रही है।

# सेन्हा में छह हजार सीएफटी बालू जब्त, प्राथमिकी दर्ज



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के कलेहपाट-नंदगांव पथ किनारे वीकेएस कंपनी द्वारा अवैध रूप से बालू भंडारण की सूचना पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। ग्रामीणों से शिकायत मिलने के बाद अंचलाधिकारी पंकज कुमार भगत, राजस्व कर्मचारी विशाल कुमार और अंचल अमीन मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान पाया गया कि कंपनी द्वारा करीब छह हजार सीएफटी बालू का अवैध भंडारण किया गया है। कंपनी प्रबंधन से वैध कागजात और चालान की मांग की गई, लेकिन कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद सीओ पंकज कुमार भगत ने अवैध बालू को जब्त कर सेन्हा थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करायी। प्राथमिकी में वीकेएस कंपनी के प्रोपराइटर विजय कुमार साहू को नामजद किया गया है। थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने बताया कि इस मामले में सेन्हा थाना कांड संख्या 78/25 दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। जब्त बालू को चौकीदार की निगरानी में सुरक्षित रखा गया है। अंचलाधिकारी ने कहा कि यह कार्रवाई वरीय अधिकारियों के निर्देश पर की गयी है और बालू माफियाओं के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

## सेन्हा में नेत्रदान महादान कार्यक्रम आयोजित



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम के तहत नेत्रदान महादान पखवाड़ा के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय डांडू चितरी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नेत्र रोग चिकित्सक द्वारा शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्राओं और गांव के ग्रामीणों के साथ नेत्रदान महादान कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में नेत्र रोग चिकित्सक डॉ शशिकांत कुमार द्वारा नेत्रदान का महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि नेत्रदान करना क्यों आवश्यक है तथा नेत्रदान कब और कैसे किया जाता है। भारत मे नेत्रदान की पहली सफलता कब मिली उसके बारे मिली और नेत्र बैंक के बारे में बताते हुए आंखों का बचाव और नेत्र सुरक्षा के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही नेत्र से संबंधित विषय पर छात्र छात्रओं के बीच प्रतियोगिता करायी गयी। जिसमे वर्ग दशम के स्वीटी कुमारी प्रथम प्रियांशु कुमार द्वितीय तथा आशा कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त किये जिन्हें डॉ शशिकांत कुमार और शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका छात्र छात्राएं और सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## आंगन में कपड़ा धो रही महिला को सांप ने काटा, समय पर इलाज से बची जान



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के तिगरा लालपुर गांव में बुधवार को 31 वर्षीय प्रमिला उरांव अपने घर के आंगन में कपड़ा धो रही थीं। इसी दौरान अचानक एक जहरीले सांप ने उन्हें काट लिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन तुरंत उन्हें लोहरदगा सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें निगरानी में भर्ती कर लिया। डॉक्टरों ने बताया कि समय पर अस्पताल पहुंचने से बड़ी अनहोनी टल गयी और फिलहाल प्रमिला उरांव खतरे से बाहर हैं। बरसात के मौसम में सांपों की गतिविधि बढ़ने को देखते हुए चिकित्सकों ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि सांप के काटने की स्थिति में झाड़-फूंक या घरेलू उपचार में समय न गंवाकर तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचें, क्योंकि समय पर दिया गया उपचार ही जीवन बचा सकता है।

## सदाफल देव आश्रम सह गौशाला लुकइया में कल आयेंगे संत प्रवर विज्ञान देव महाराज



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा के लुकइया आश्रम में विहंगम योग के संत प्रवर श्री विज्ञान देव महाराज के पावन सान्निध्य में संचालित राष्ट्रव्यापी स्वर्वेद संदेश यात्रा के तहत स्थानीय सदाफल देव आश्रम सह गौशाला लुकइया में 5 सितंबर को भव्य आयोजन की तैयारी जोरों पर है। लातेहार जिला संत समाज के द्वारा प्रचार सह संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। विदित हो कि यह यात्रा 29 जून को कश्मीर के श्रीनगर स्थित ऐतिहासिक लाल चौक पर तिरंगा लहराकर शुभारंभ हुई था। कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत की आत्मिक चेतना को जाग्रत करने के उद्देश्य से निकली यात्रा का भव्य स्वागत मंगलवार 5 सितंबर को चंदवा में किया जायेगा। कार्यक्रम में सुपूज्य संत प्रवर श्री विज्ञान देव महाराज द्वारा जय स्वर्वेद कथा और ध्यान-साधना का अभ्यास कराया जायेगा। यह आयोजन आगामी 25 और 26 नवम्बर 2025 को वाराणसी में होने वाले 25,000 कुंडीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ के निमित्त राष्ट्रव्यापी जनजागरण का एक महत्वपूर्ण चरण है, जिसका उद्देश्य है जन-जन तक आत्मिक चेतना का संदेश पहुंचाना और स्वर्वेद जैसे दिव्य ज्ञानग्रंथ की अमृतधारा से जीवन को अभिसिंचित करना। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण एवं महाप्रसाद की भव्य व्यवस्था की गयी है। कार्यक्रम संयोजक बद्री प्रसाद, सत्संग प्रभारी झारखंड दक्षिणी नवाहीर उरांव, सह संयोजक मिंटू भुइयां, परामर्शक मिथिलेश सिंह, विजय प्रसाद समेत लातेहार तथा लोहरदगा संत समाज के पदाधिकारी कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर लगे है।

## बरवाडीह के चिकित्सा प्रभारी पर मनमानी का आरोप

# कैंटीन उद्घाटन में समिति के अध्यक्ष समेत अन्य को किया दरकिनार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** अधिकारी के आगे किसी का नहीं चलेगा इसका उदाहरण बरवाडीह स्वास्थ्य केंद्र के नव नियुक्त चिकित्सा प्रभारी डॉ मंटू कुमार दे रहे है। दरअसल कुछ माह पहले स्वास्थ्य विभाग के प्रबंधन समिति द्वारा बैठक कर यह निर्णय लिया गया था कि बरवाडीह का स्वास्थ्य केंद्र शहर से 3 किलोमीटर दूर हो गया है, जिसके वजह से हॉस्पिटल में भर्ती मरीज एवं परिजनों को खाने पीने किले काफी मसकत करना पड़ता है जिसके लिए स्वास्थ्य केंद्र में एक कैंटीन खोला जाये जिसमें सभी ने अपना समर्थन दिया था। वहीं बुधवार को बरवाडीह स्वास्थ्य केंद्र में मरीज एवं परिजन समेत आम जनता के लिए कैंटीन का व्यवस्था कर एक अच्छी पहल तो की गयी पर इस पहल को लाने वाले स्वास्थ्य विभाग के प्रबंधक समिति को ही कोई सूचना नहीं मिली। बरवाडीह चिकित्सा प्रभारी खुद ही अपने कुछ स्टाफ के साथ हॉस्पिटल में कैंटीन का उद्घाटन कर दिया। जो साफ दर्शाता है कि हम अधिकारी के सामने प्रबंधक समिति कुछ भी नहीं है। वहीं इस संबंध में जिला चिकित्सा प्रभारी डॉ राज मोहन खलखो ने कहा कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में कैंटीन की व्यवस्था की जा रही ताकि खाने पीने में मरीज समेत अस्पताल में आने वालो लोगों को किसी भी तरह का परेशानी न हो। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि हम तो अभी-अभी लातेहार जिला में आए है, मुझे इसकी पूरी जानकारी नहीं है और आज वैसे भी करमा पर्व को लेकर छुट्टी है, पर हम बरवाडीह प्रभारी से बात करते है वहीं उन्होंने बरवाडीह प्रभारी से बात कर बताया कि बरवाडीह स्वास्थ्य केंद्र में कैंटीन का उद्घाटन जरूर हुआ है यह लगभग 6 माह पहले प्रबंधन समिति के द्वारा बरवाडीह स्वास्थ्य केंद्र में कैंटीन खोलने का निर्णय लिया गया था। उन्होंने कहा कि उद्घाटन में प्रबंधन समिति को सूचना नहीं दिया गया तो यह गलत है। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का प्रबंधन समिति का बैठक में हम शामिल थे और कैंटीन खोलने को लेकर चर्चा हुई थी जिसमें सभी का सहमति बना था कि बरवाडीह स्वास्थ्य केंद्र में कैंटीन खोला जाये। उन्होंने कहा कि कैंटीन का उद्घाटन को लेकर मुझे कोई जानकारी नहीं है, मुझे किसी के द्वारा कोई सूचना नहीं दी गयी है।

**जिला परिषद की बैठक में उठेगा मामला : संतोषी**

जिप सदस्य संतोषी शेखर ने कहा कि यह बहुत गंभीर मामला है उन्होंने कहा कि प्रबंधन समिति का गठन अस्पताल संचालन की पारदर्शिता और सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए किया गया है। ऐसे में अध्यक्ष को जानकारी नहीं देना बरवाडीह चिकित्सा प्रभारी पर सवाल खड़ा होता है।

**अध्यक्ष ने प्रभारी चिकित्सा पर मनमानी का लगाया आरोप**

**इस संबंध में प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मुझे इसकी कोई जानकारी नहीं है। प्रभारी अपना मनमानी कर रहा है स्वास्थ्य केंद्र में कैंटीन खोलने को लेकर प्रबंधन समिति का निर्णय भरपूर मिला था पर आज कैंटीन का उद्घाटन हो गया और प्रभारी द्वारा किसी को कोई सूचना नहीं दिया गया है जो साफ दर्शाता है कि प्रभारी को किसी से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रभारी पर कार्रवाई होगी। वहीं प्रबंधन समिति के सदस्य पंसस प्रवीण कुमार ने भी इसका विरोध किया है, इन्होंने भी बरवाडीह के स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी मंटू कुमार पर मनमानी करने का आरोप लगाया है।**

## करम पर्व और ईद-उल-मिलादुन्नबी को लेकर शांति समिति की बैठक



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना परिसर में बुधवार को करमा पर्व और ईद-उल-मिलादुन्नबी को लेकर शांति समिति की बैठक अंचलाधिकारी पंकज कुमार भगत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में दोनों पर्वों के आयोजन को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। अंचलाधिकारी ने बताया कि बुधवार दोपहर बाद से परंपरागत रीति-रिवाज के साथ करम डाली कटाई का कार्य होगा, शाम में अखाड़ा और सार्वजनिक स्थलों पर पूजा-अर्चना की जायेगी तथा गुरुवार को करम डाली का विसर्जन विभिन्न नदियों, तालाबों व अन्य जलाशयों में किया जायेगा। वहीं शुक्रवार को ईद-उल-मिलादुन्नबी के अवसर पर विभिन्न गांवों से जुलूस निकलेगा, जो भड़गांव स्थित बाजार टांड़ में आकर संपन्न होगा। थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने कहा कि पर्व-त्योहार के दौरान प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहेगा। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी असामाजिक तत्व की गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दें। बैठक में एसआइ रविकांत कुमार, अविनाश राम, एएसआई राजकुमार बैठा, असरफी बहेलिया सहित शौकत अंसारी, इम्तियाज अंसारी, त्रिलोकी सिंह, फिरोज अंसारी, मुनेश्वर साहू, मुस्ताक अंसारी समेत शांति समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## समाजसेवी विकास मित्तल कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए रवाना



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा के समाजसेवी विकास मित्तल ने कैलाश मानसरोवर यात्रा पर निकले उन्होंने कहा कि देश की सुख समृद्धि शांति के लिए मानसरोवर कैलाश यात्रा पर निकल रहे हैं मेरी यात्रा चंदवा कंचन नगरी से रवाना हुआ है। रांची से दिल्ली दिल्ली से काठमांडू और काठमांडू से कैलाश मानसरोवर की यात्रा पूरी होगी। हमारे टीम में भारत से 54 लोग हैं। जो सभी लोग एक जत्था में कैलाश मानसरोवर के लिए जाएंगे। श्री मित्तल को घर से ही तिलक चंदन और माला पहनकर इन्हें मंगलमय यात्रा का शुभकामनाएं दी गयी। इस अवर पर कृष्ण केसरी, शंभू प्रसाद, अनिल भगत, संजीव कुमार, प्रमोद प्रसाद, लाल अमर नाथ शाहदेव, अनूप अग्रवाल, जनार्दन प्रसाद, मिंकु शर्मा, संजय प्रसाद, नीतीश कुमार, आकाश कुमार, विवेक अग्रवाल, राकेश कुमार सिंह, मोहिनीश कुमार, सौरभ कुमार,विवेक अग्रवाल विनय अग्रवाल सभी लोगो ने रांची एयरपोर्ट तक छोड़ने गए। लोगों ने कहा कि विकास मित्तल कैलाश मानसरोवर की यात्रा को पूरा करेंगे भगवान शिव मंगलकामना पूर्ण करेंगे।

# चार बीआरसी एंटरप्रेन्योर का चयन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2025-26 में संचालित नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग (एनएमएनएफ) योजना का क्रियान्वयन हेतु बुधवार चयनित 05 कलस्टर के बीआरसी एंटरप्रेन्योर चयन हेतु आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कुल 7 आवेदनों पर विचार किया गया और चयनित 5 कलस्टर अंतर्गत 4 बीआरसी एंटरप्रेन्योर का चयन किया गया। साथ ही, अन्य आवेदकों को अभी प्रेरित किये जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। इस योजना के कार्यान्वयन हेतु लोहरदगा जिला के विभिन्न एसएचजी, एफपीओ, पैक्स के इच्छुक महिला सखियों द्वारा आवेदन समर्पित किया गया था। उपायुक्त द्वारा चयनित बीआरसी एंटरप्रेन्योर को जिला में जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु अन्य किसानों को भी प्रेरित किये जाने की दिशा में कार्य किये जाने और अन्य संभावनाओं पर निर्देश दिए गये। बैठक में जिला उद्यान पदाधिकारी सौरभ लोहानी, जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, जिला सहकारिता पदाधिकारी विजय तिर्की, कृषि वैज्ञानिक डॉ किरण सिंह, जिला पशुपालन पदाधिकारी रमेश उरांव, प्रगतिशील किसान अखिलेश कुमार सिंह, प्रदान के जिला समन्वयक, जेएसएलपीएस के प्रतिनिधि व अन्य उपस्थित थे।

## परिजनों से कहा-सुनी के बाद युवक ने खाया जहर, बची जान

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के सदर थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक घरेलू विवाद के चलते 19 वर्षीय युवक ने जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिवारिक सूत्रों के अनुसार, युवक ललित उरांव का किसी मामूली बात को लेकर परिजनों से कहा-सुनी हो गयी थी। बहस के बाद ललित भावुक और आवेशित हो गया और उसने घर में रखे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। घटना की गंभीरता समझते हुए परिजनों ने तुरंत उसे लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने तुरंत उपचार शुरू किया। समय रहते इलाज मिलने से युवक की जान बच गयी।

## भाइचारे और सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील



**कुडू/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू थाना परिसर में बुधवार को जश्ने ईद मिलादुन्नबी एवं करमा पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता कुडू सीओ संतोष उरांव ने की। बैठक को संबोधित करते हुए सीओ ने कहा कि दोनों पर्व भाइचारे और आपसी सौहार्द के साथ मनाये जाये। उन्होंने लोगों से अपील की कि त्योहार के दौरान शांति और सद्भाव का वातावरण बनाये रखें। वहीं, कुडू थाना प्रभारी मनोज कुमार ने कहा कि अफवाहों से बचें और किसी भी अप्रिय स्थिति में प्रशासन को तुरंत सूचना दें। कुडू उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने कहा कि सभी समुदायों को मिलजुल कर पर्व मनाना चाहिए, जिससे सामाजिक एकता की मिसाल कायम हो। बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा की। बैठक में अंचलाधिकारी संतोष उरांव, थाना प्रभारी मनोज कुमार, उप प्रमुख ऐनुल अंसारी के अलावा सद्भावना मंच के सदस्य सलीम अमीर, कांग्रेस अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष कमरुल इस्लाम, आदिवासी छात्र संघ जिला अध्यक्ष अवधेश उरांव, हलीम अंसारी, संजय चौधरी, नईम खान, खुर्सीद खान, कनवर लाल खान, बबलू मुंडा, कुलदीप उरांव, सजाद अंसारी, बिश्राम उरांव, सुबोध उरांव, इकबाल आलम, संजय कुमार साहू, बैजनाथ सिंह, विजय ठाकुर, राजू उरांव, शमशाद अंसारी, मो. अफरोज, इस्तेयाद अंसारी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मंजूरमती उच्च विद्यालय में धूमधाम से मनाया करमा



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा के महादेव आश्रम स्थित मंजूरमती उच्च विद्यालय में प्राकृतिक करमा पर्व बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव मदन मोहन पांडेय, प्रधानाचार्या मनोज्ञा पांडेय, शिक्षकगण तथा जूनियर व सीनियर वर्ग के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पारंपरिक गीत-संगीत और नृत्य प्रस्तुत कर करमा पर्व की सांस्कृतिक महत्ता को जीवंत किया। इस मौके पर सचिव मदन मोहन पांडेय ने बच्चों को संस्कृति और परंपरा से जुड़ने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्या मनोज्ञा पांडेय ने करमा पर्व के सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जुड़े रहने का संदेश दिया। पूरे विद्यालय परिसर में करम देवता की सामूहिक पूजा-अर्चना की गई। शिक्षक और विद्यार्थियों ने समाज की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। पर्व के दौरान विद्यालय परिसर पूरी तरह उत्सवमय वातावरण में सराबोर रहा।

# शुरू हुआ 'आदि कर्मयोगी अभियान' का जिला प्रोसेस लैब

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** 30 अगस्त 2025 से 2 सितम्बर 2025 तक लोहरदगा ज़िले में जिला प्रोसेस लैब का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान ब्लॉक मास्टर ट्रेनर्स को डिस्ट्रिक्ट मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षित किया गया। विशेष रूप से सौरव कुमार वर्मा, प्रतिनिधि - जनजातीय कार्य मंत्रालय कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी गणमान्य अतिथियों ने अभियान की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे आदिवासी अंचलों के लिए परिवर्तनकारी पहल बताया। आदि कर्मयोगी अभियान का लक्ष्य देशभर के 1 लाख जनजातीय गांवों तक पहुंचना और 20 लाख परिवर्तनकारी नेताओं (आदि कर्मयोगी, आदि सहयोगी और आदि साथी) को तैयार करना है। लोहरदगा जिले में यह अभियान 7 प्रखंडों के 205 गांवों में आगे बढ़ाया जायेगा। जिला लैब प्रक्रिया के दौरान 42 ब्लॉक मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया गया, जो अब अपने-अपने प्रखंडों और गांवों में इस अभियान को आगे ले जायेंगे। प्रशिक्षण में विशेष रूप से मौजूदा कार्यप्रणाली की समीक्षा, दृष्टिकोण एवं व्यवहार में बदलाव की आवश्यकता, अंतर्विभागीय समन्वय और समुदाय-केंद्रित योजनाओं पर बल दिया गया। अब तक अधिकांश विभाग अलग-अलग काम करते रहे हैं, लेकिन इस अभियान के माध्यम से सभी विभाग मिलकर आदिवासी समुदायों की वास्तविक जीवन समस्याओं को पहचानकर उनका समाधान करेंगे। प्रशिक्षण में पीएम जनमन, डा जगुआ जैसे महत्त्वपूर्ण फ्लैगशिप कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी चर्चा हुई। समापन सत्र में प्रखंड एवं ग्राम स्तर तक अभियान को गति देने के लिए कार्ययोजना तैयार की गयी और प्रशिक्षित ब्लॉक मास्टर ट्रेनर्स को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। आदि कर्मयोगी अभियान केवल एक प्रशिक्षण नहीं, बल्कि आदिवासी समाज में नयी चेतना और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता हुआ एक जनांदोलन है। उक्त कार्यक्रम में इस दौरान उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक-आइटीडीए, जिला कल्याण पदाधिकारी, डीपीआरओ, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सिविल सर्जन सहित जिला एवं प्रखंड स्तर के अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## बाबा चंद्रशेखर मिश्र का निधन, क्षेत्र में शोक



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा नगर क्षेत्र शोकाकुल है। चंद्रशेखर आजाद चौक तेतरतर पूजा समिति के संरक्षक, महान शास्त्रज्ञानी, भूतपूर्व शिक्षक एवं सनातन धर्म के प्रचारक बाबा चंद्रशेखर मिश्र का बुधवार की सुबह 5 बजे हृदयगति रुक जाने से निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे शहर में शोक की लहर दौड़ गयी। उनके निधन पर धार्मिक संगठनों, सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपने अपने तरीके से शोक संवेदना प्रकट किया है। बाबा मिश्र का अंतिम संस्कार भक्सो मुक्ति धाम में संपन्न हुआ, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु, शुभचिंतक एवं गणमान्य लोग उपस्थित होकर अंतिम विदाई दी। सरल स्वभाव, मृदु भाषण और शिक्षाविद व्यक्तित्व के धनी बाबा मिश्र सदैव समाज के मार्गदर्शक रहे। ब्राह्मण समाज में उनकी अग्रणी भूमिका और पुरोहित कर्म की शास्त्रोक्त विधियों के निर्वहन ने उन्हें विशिष्ट पहचान दिलाई थी। भाजपा नेता त्रिवेणी दास ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा चंद्रशेखर मिश्र का जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 04 सितंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# चैनपुर सूर्य मंदिर तालाब में ही हो मां दुर्गा की पूजा : अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने बुधवार को चैनपुर वासियों को चैनपुर-नेवरा रोड विधानसभा से स्वीकृत होने पर बधाई दी। कहा कि वित्तमंत्री के सहयोग और पलामू सांसद के प्रयास के बिना यह संभव नहीं था। इस रोड के लिए वहां की जनता और सभी वार्ड पार्षद के साथ ही पूर्व प्रमुख विजय कुमार गुप्ता के लगातार आंदोलन को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने विधायक आलोक कुमार चौरसिया को भी बधाई दी जिन्होंने विधानसभा में अपनी बात मजबूती से रखी। इस दिन अरुणा शंकर ने सहायक नगर आयुक्त से वकालत करते हुए कहा कि चैनपुर 34 नंबर वार्ड सूर्य मंदिर तालाब जो अब उद्यान का रूप ले चुका है वहां गत चार वर्षों से मां दुर्गा की पूजा होते आ रही है। इस वर्ष भी मां दुर्गा की पूजा होनी चाहिए। कहा कि इस स्थल पर पहले से ही मां दुर्गा और छठ पूजा होती आ रहा है। इस वर्ष भी वही हो। इसमें निगम किसी प्रकार का व्यवधान ना डालें, बल्कि हिंदुओं के इस पवित्र त्योहार को अपने सहयोग से और भी सुव्यवस्थित करें। प्रथम महापौर ने कहा कि निगम से अनुरोध है कि चैनपुर बाजार क्षेत्र में भी डेकोरेटिव लाइट्स दुर्गा पूजा से पहले लगे, ताकि मेरा चैनपुर भी शहर की तरह चमके। उन्होंने कहा कि मेरे निजी खर्च से चैनपुर अश्मशान घाट का जीर्णोद्धार चल रहा है जो जल्द बनकर तैयार हो जाएगा। उसके बाद तुरंत हमारे अभिभावकों का कार्यालय दुरुस्त किया जाएगा। उन्होंने चैनपुर की जनता से अपील की है कि पूजा के क्रम में बड़ा तालाब उद्यान के फूल पत्ती को नष्ट न करें यह आपकी संपत्ति है इसका देखरेख भी करना आपका दायित्व है।

# करमा झारखंड की सांस्कृतिक विरासत और आस्था का त्योहार : डॉ शशिभूषण

## विभिन्न जगहों पर आयोजित हुआ करम महोत्सव, बहनों ने की करम डाली की पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** जिले के पांकी प्रखंड के ग्राम राधाडीह, सुरजौन, अहीर गुरहा और बघमारी में बुधवार को करमा महोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता शामिल हुए। उन्होंने कहा कि करमा महोत्सव महज कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह झारखंडी सभ्यता को जिंदा रखने का महोत्सव है। कहा कि पश्चामी सभ्यता का प्रभाव पड़ा है, लेकिन हमारी संस्कृतिक कभी खत्म नहीं होगी। उक्त त्योहार प्रकृति को बचाने के साथ ही अपनी सभ्यता और संस्कृतिक को भी बचाने का पर्व है। लाखों बहनें अपनी भाइयों की रक्षा के लिए करम डाल की पूजा करती है, ताकि भाई संस्कृतिक की रक्षा कर सके। इस मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रो बच्चन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, लोहरसी मंडल अध्यक्ष रोशन सिंह, कमेश यादव, रीमा शर्मा, मंटू शर्मा योगेंद्र उरांव, रामाअवतार उरांव और सुंदरलाल उरांव आदि उपस्थित थे।



करम महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल विधायक डॉ शशिभूषण मेहता एवं अन्य गणमान्य लोग।

# बाबा नगरी देवघर पहुंचे चार धाम और 12 ज्योतिर्लिंग की पैदल यात्रा पर निकले शंकर



**देवघर (आजाद सिपाही)।** चार धाम और 12 ज्योतिर्लिंग की पैदल यात्रा पर निकले शंकर बुधवार को बाबा नगरी पहुंचे। उत्तर प्रदेश के मेरठ के पास एक गांव के रहने वाले शंकर पेशे से एक किसान है। बाबा केदारनाथ और काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने के बाद बाबा बैद्यनाथ धाम तीसरी ज्योतिर्लिंग पर बुधवार को यहां पहुंचे हैं। शंकर ने बताया कि वे जिस राज्य में जाते हैं इनको पहचान के मित्र मिल ही जाते हैं। वह उनके साथ यात्रा पर चलते हैं। इसके अलावा पूरी यात्रा यह अकेले ही तय करते हैं। बैद्यनाथ धाम में दर्शन करने के बाद यह जगन्नाथ पुरी की यात्रा पर निकलेंगे। 50 वें दिन यह तीसरी ज्योतिर्लिंग बाबा बैजनाथ के दरबार में पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि यह चार धाम और 12 ज्योतिर्लिंग की यात्रा पूरी करने में तकरीबन 11 से 12 महीने का समय लगेगा। यह यात्रा समाज कल्याण और विश्व कल्याण के अलावा भारत विकास के लिए कर रहे हैं।

# लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल में बुधवार को शिक्षक-अभिभावक सम्मेलन सह विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक एवं अभिभावकों ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें शिक्षक और अभिभावक ने मिलकर बच्चों की समस्याओं को एक-दूसरे से अवगत कराया। इसमें बच्चों में अनुशासन की कमी, खान-पान और मोबाइल का लत मुख्य रूप से शामिल था। इन समस्याओं को सुनते हुए विद्यालय प्रबंधक शशीकेश कश्यप ने सभी माताओं-अभिभावक से अपील की कि सबसे पहले हमें और आपको अनुशासनात्मक कार्य करना होगा। मोबाइल से खुद को दूर रखना होगा, तभी हमारे बच्चे मोबाइल से दूरी बना सकते हैं। वहीं, बच्चों को जंक फूड से दूर रखने और घर का बना भोजन ही विद्यालय भेजने की अपील की गयी। कहा कि जब अभिभावक को बहूत जरूरी कार्य हो तभी अपने बच्चों को विद्यालय से अनुपस्थित करें अन्यथा प्रतिदिन विद्यालय भेजें। यही नहीं, सभी अभिभावक अपने बच्चों को एक घंटा समय प्रतिदिन अवश्य दें। ताकि बच्चों का विकास तीव्र गति से हो सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुश कुमार, अभिषेक कुमार, गणेश राम, दीपक कुमार, नेहा अग्रवाल, नीलम राय, पूजा कुमारी, मधु कुमारी, प्रियंका कुमारी, माया कुमारी, सुषमा कुमारी, नैना कुमारी, काव्या, रानी सिंह आदि का विशेष योगदान रहा।

# खेल के मैदान से तय होता है सत्ता का सिंहासन: अविनाश



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड के हरिनामाड़ हाईस्कूल मैदान में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सतबरवा बनाम बिरसानगर के बीच मैच खेला गया। दोनों टीम कांटे की टक्कर दी और मैच बराबरी पर रहा। इस दौरान पैनाल्टी दिया गया जिसमें मैच और भी रोमांचक दौर से गुजरा। इसके बाद कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सतबरवा की टीम ने जीत हासिल की और विजेता का ट्रॉफी अपने नाम किया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मैदान पर पहुंचे शहीद नीलांबर पीतांबर फुटबॉल टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत कि.ा गया। ट्रॉफी के साथ खेल के मैदान का भ्रमण करते हुए अविनाश देव ने दर्शकों का अभिवादन किया और सेंटर पहुंच कर दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इसके बाद जोरदार किक मारते हुए खेल की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि यह नीलांबर पीताम्बर की धरती है। भगवान बिरसा की माटी है। यहां से मरांग गोमके सरीखे अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी पैदा हुए हैं। आज भी खेल की दुनिया में भारत का प्रतिनिधित्व झारखंड के खिलाड़ी कर रहे हैं। पलामू की प्रतिभा बहुत ही लाजवाब है जहां अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी इस वर्ष ही खेल कर गये हैं। ईमानदारी और खेल भावना से अगर खेलें तो भारत का इतिहास है खेल के मैदान से सत्ता के सिंहासन पर खिलाड़ी आसीन हुआ है। अगर खिलाड़ी ड्रग्स के दाग को धोने में कामयाब हो गए तो वह दिन दूर नहीं जब आप सत्ता के गलियारे में चहलकदमी करेंगे। सरकार से भी गुजारिश रहेगी कि गांव की प्रतिभा को प्लेटफॉर्म मिले इसके लिए और सघन खेल के मैदान की जरूरत है जो उसे दुरुस्त और संसाधन संपन्न करने की जरूरत है। बेहतर खिलाड़ियों को प्रशिक्षण और प्रोत्साहन स्वरूप नौकरी की हम उम्मीद करते हैं। इस मौके पर ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक प्रदीप नारायण, अमित सिंह, समाजसेवी संतोष चौधरी, अध्यक्ष लालजी चौधरी, मुख्य संयोजक कामता प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष उदित चौधरी, कॉमेंटेटर अभिजीत यादव, रेफरी मुन्ना तिवारी, नागेंद्र तिवारी, लालू चौधरी, वीरेंद्र चौधरी, ज्योतिष शर्मा, अभिषेक तिवारी, अमित चौधरी, राजकुमार चौधरी, अमित सिंह, प्रदीप नारायण, सुनील यादव, त्रिपुरारी प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# देवघर पहुंची मुख्य सचिव अलका तिवारी, दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी बुधवार को देवघर परिसदन पहुंचीं। इस दौरान मौके पर उपस्थित डीसी नमन प्रियेश लकड़ा और एसपी अजीत पीटर डुंगडूग ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद परिसदन परिसर में मुख्य सचिव को गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया।



# कांग्रेस जिलाध्यक्ष को लेकर मची होड़ रांची से दिल्ली तक की लग रही है दौड़

**- मुन्नम संजय, अजय कुमार, दिनेश मंडल, जीवन प्रकाश, दीपकसिंह और रवि केशरी के नाम आगे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव को लेकर जिले में काफी गहमा गहमी है। संभावित जिलाध्यक्ष अपने आकाओं के बल पर रांची से लेकर दिल्ली तक दौड़ लगा रहे है। कभी देवघर जिला कांग्रेस का महत्वपूर्ण गढ़ माना जाता था, लेकिन पूर्व की जिलाध्यक्षों के कारण यह किला ध्वस्त हो गया है। इतना ही नहीं कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के राजू ने तो यहां तक कह दिया कि कांग्रेस में गैर भाजपाई शामिल होकर पार्टी को कमजोर कर रहे हैं, जिस कारण पार्टी गर्त में चली गई है। ऐसे लोगों को चिन्हित कर ही पार्टी को आगे बढ़ाया जा सकता है। बताते चलें कि निवर्तमान जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश का कार्यकाल समाप्त हो चुका है, लेकिन वे पंचायत कमेटी को प्रमाणपत्र बांटने में लगे है। उनके साथ पूर्व जिलाध्यक्ष मुन्नम संजय, दिनेश मंडल भी देखे जा रहे है। यह कार्य पूर्व में होने चाहिए था उसे अब जिलाध्यक्ष चुनाव के दौरान किया जा रहा है। जो यहां आने वाले पार्टी के पर्यवेक्षकों को गुमराह करने जैसा दिख रहा। चर्चा है कि मुन्नम संजय जिलाध्यक्ष पद से हटने के बाद अपनी पैरवी के बल पर डमी के रूप में उदय प्रकाश को जिलाध्यक्ष का ताज दिलाये, लेकिन पार्टी में उनकी ही चलती रही। जिलाध्यक्ष के बगल में उनकी भी एक शानदार कुर्सी लगाई गई, जहां बैठकर वे कार्यकर्ताओं को फरमान सुनाते दिखते थे। इनका जिलाध्यक्ष पद से अभी तक मोहभंग नहीं हुआ है। इस बार पुनः जिलाध्यक्ष पद की रेस में खुद शामिल कर लिया है। वहीं, झाविमो से जिला कमेटी में आए दिनेश कुमार मंडल को महा सचिव बनाया गया था। इस बार ये भी जिलाध्यक्ष बनने की होड़ में है, लेकिन मुन्नम संजय के साथ भी है। इससे प्रतीत होता है कि ये प्रदीप यादव के बल पर अपना भाग्य आजमा रहे है। वहीं, नगर अध्यक्ष रवि केशरी नगर निगम चुनाव में मेयर प्रत्याशी के रूप में पेश कर चुके हैं। अब कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद को लेकर भी भागदौड़ कर रहे। भूतपूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह के पुत्र दीपक सिंह राजपूत भी जिलाध्यक्ष पद के लिए दावेदारी पेश करते दिख रहे है। इनकी पहुंच मंत्री दीपिका पांडेय सिंह तक है, जिसनी पहुंच राहुल गांधी तक है। ऐसे में दीपक सिंह राजपूत को अपनी भूमिका सही लग रही। ऐसे भी उनके पिता के कार्यकाल में पार्टी जितना मजबूत था अब नहीं रही है। पूर्व जिलाध्यक्ष जीवन प्रकाश भी अब बुढ़ापे में फिर एक बार जिलाध्यक्ष बनने की जुगत में है। कांग्रेश नेता दिनेशानंद झा पार्टी से छह साल के लिए निष्काशित है। फिर भी वे खुद की कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद पर आसीन होने की आस को लेकर रांची और दिल्ली की दौर में लगे हुए है। इनके ऊपर कई आपराधिक मामले भी दर्ज है। इधर, एक कांग्रेसी नेता ऐसे भी है जिसे पार्टी ने कभी कोई तरजीह नहीं दी, लेकिन अजय कुमार पिछले 25 वर्षो से कांग्रेस की सेवा करते आ रहे है। ये फिलहाल इंटक के प्रदेश सचिव के पद पर रहकर जिले संगठन को तैयार कर दिये हैं। साथ ही सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में मृतप्राय सेवादल में जान डालने का काम किया है। अजय कुमार ने भी खुद को जिलाध्यक्ष पद के लिए दावेदारी पेश करते हुए कहा कि वे अपने कार्य का पार्टी से दाम चाहते है।

# करम पर्व मानव सृजन का त्योहार है : जयराम महतो

**नावाडीह/बेरमो (आजाद सिपाही)।** नावाडीह प्रखंड के चपरी शिव मंदिर प्रांगण में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की ओर से पंचायत स्तरीय प्राकृतिक पर्व करम के अवसर करम आखडा का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में डुमरी विधायक सह पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम कुमार महतो भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि करम पर्व मानव सृजन का त्योहार है। यह झारखंड की सभ्यता संस्कृति से जुड़ा है। यह पर्व प्रकृति एवं भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है। करम के दिन बहनें अपने भाइयों के सुख समृद्धि ओर दीर्घायु की कामना करती हैं। इसकी शुरूआत सात से नौ दिन पूर्व युवतियों द्वारा अपने अपने जलश्रोत जैसे नदी, तालाब से बांस से बने टुपॉञ, डालिञ में बालू सहित कई प्रकार के बीज जैसे धान, रमहा, बाटला, बुट, सेइरसा, जइने, मेथी, सेइरसा, कुलथी जौ, गेंहू, उड़द, मुंग और जनहाइर आदि का बीजारोपण कर अपने-अपने देउआ भूता पूजा एवं आराधना कर जावाडाली के साथ युवतियों द्वारा करम गीत जाये जाते हैं। मौके पर केंद्रीय उपाध्यक्ष मोतीलाल महतो, भारतीय क्रातिकारी मजदूर संघ के अध्यक्ष अजय कुमार महतो, केंद्रीय सचिव टिंकु शर्मा, केंद्रीय सदस्य सुरज पांडेय, जिप सदस्य फुलमति देवी, मुखिया आरती देवी, वार्ड सदस्य महेश कुमार महतो, विजय कुमार महतो एवं गोतम मुंडा आदि थे।

# समाजसेवी ने रक्तदान कर बचायी प्रसूता की जान



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही।** शहर के एक निजी क्लिनिक में भर्ती महूदंड पंचायत के चोरपहरा गांव निवासी बच्चन पासवान की पुत्री गुड्डी देवी को प्रसव के दौरान उनके शरीर में खून की कमी हो गयी। जिससे उसकी हालत नाजुक बनी हुई थी। डॉक्टरों ने पीड़ित महिला को तत्काल रक्त चढ़ाने की सलाह दी। महिला के शरीर में हिमोग्लोबिन की मात्रा काफी कम थी। आर्थिक अभाव के कारण रक्त नहीं मिल पा रहा था। परिजनों ने इसकी सूचना महूदण्ड पंचायत के युवा समाजसेवी सह मुखिया पति शिवशंकर यादव को दी। शिवशंकर ने तुरंत पीड़िता को रक्त देने का निर्णय लिया, जिससे उसकी जान बच सकी। शिवशंकर यादव ने कहा कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है। वे जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहते है। वहीं, महिला के परिजनों ने शिवशंकर यादव का आभार व्यक्त किया है।

# समाजसेवी ने बरवाडीह गांव में बच्चों के बीच वितरित किया खेल सामग्री



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पीपरा प्रखंड क्षेत्र के तेंदुई पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी अरविंद कुमार सिंह ने बुधवार को बरवाडीह गांव में ग्रामीणों से जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों के बीच खेल सामग्री का वितरण किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के लिए खेल सामग्री की व्यवस्था करना बहुत जरूरी है। इससे न केवल उनकी शारीरिक विकास में मदद मिलेगी, बल्कि मानसिक विकास भी होगा। कहा कि वह आगे भी इस तरह के कार्यक्रमों को जारी रखेंगे। वहीं ग्रामीणों ने अरविंद कुमार सिंह का स्वागत किया और उनके कार्यों की सराहना की।

## प्रकृति पूजा करमा पर ट्री मैन ने लगाया कर्मदेव का पौधा

# प्रकृति और श्रद्धा का संगम है करमा पूजा: डॉ कौशल किशोर

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** शहर के पांकी रोड स्थित टेढ़वा नदी के निकट स्थित अपने फार्म हाउस में विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु ट्री मैन के नाम से मशहूर डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने बुधवार को कन्या पूजन करते हुए अपनी चार पोतियों के साथ कर्मदेव जी का पौधा लगाकर उसकी पूजा की। उन्होंने कहा कि कर्म पूजा शुद्ध रूप से प्रकृति पूजा होता है, जो सबके जीने का आधार है। यह पूजा केरल, असम, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के आदिवासी समाज के लोग विशेष रूप से करते हैं। क्योंकि धनरोपनी का समय समाप्त होने पर स्वास्थ्य एवं अच्छी फसल की कामना के लिए करमा में प्रकृति पूजा किया जाता है। यह पूजा दुनियां के तमाम लोगों को करना चाहिए। क्योंकि प्रकृति पूजा से ब्रह्मांड का और कन्या पूजन से सृष्टि की रचना होती है। कल्पवृक्ष पर रक्षाबंधन कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर आराध्या जायसवाल, आशिविका जायसवाल, अनुषा जायसवाल, आद्रिका जायसवाल, संतोष कुमार और रामू कुमार आदि उपस्थित रहे।

# कृषि निदेशक ने किया टैगोर कृषि कॉलेज का निरीक्षण



**देवघर (आजाद सिपाही)।** झारखंड कृषि निदेशक भोर सिंह यादव बुधवार को देवघर स्थित रविन्द्र नाथ टैगोर कृषि महाविद्यालय पहुंचे। उन्होंने आधुनिक तकनिकी का प्रयोग करते हुए कृषि क्षेत्र में बेहतर परिणाम करने की सलाह दी। कहा कि फलद्वार वृक्षारोपन कर ज्यादा मुनाफा एवं पोषण सुरक्षा प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने परिक्षेत्र परिभ्रमण किया एवं उचित सुझाव दिये। साथ ही ब्रीडर वीज, एवं आधार वीज के उपज में आगे आने का सुझाव दिये। इस क्षेत्र के किसानों के हित के लिये उपयोगी फल एवं सब्जी लगाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाय। प्रशिक्षण देने के लिए कॉलेज के वैज्ञानिक को प्रेरित किये। इस मौके पे उपस्थित जिला कृषि पदाधिकारी डॉ वीणा टुड्डू पूर्ण सहयोग करने के लिए आश्वस्त किया। बाद में निदेशक ने कृषि विज्ञान केन्द्र सुजानी का भ्रमण किया एवं किसान गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें देवघर जिला के प्रगतिशील किसान एफ पीओ के सदस्य ने भाग लिया। किसान गोष्ठी में किसानों के समस्या को निदेशक ने सुना और समस्या दूर करने का आश्वासन दिया। पुनः संयुक्त जिला कृषि कार्यालय का निरीक्षण किया। इस मौके पर विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की समिक्षा की और योजना को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र सुजानी देवघर में भोर सिंह यादव, कृषि निदेशक, ने केंद्र की गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने बीज उत्पादन को बढ़ावा देने, उच्च मूल्य वाली फसलों की खेती और जैविक खेती को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर जानकारी दी। मौके पर मौजूद एफपीओ के सदस्यों, एनजीओ के प्रतिनिधियों और प्रगतिशील किसानों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की और उचित सुझाव दिए। वहीं, जिला उद्यान पदाधिकारी यशराज ने उद्यान विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी मुकेश कुमार, भूमि संरक्षण पदाधिकारी चौधरी और आत्मा के उप परियोजना निदेशक अरविंद कुमार राय उपस्थित थे। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रमुख डॉ राजन कुमार ओझा ने केंद्र की गतिविधियों से निदेशक को अवगत कराया और किसानों की समस्याओं से अवगत कराया।

## सोलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी घाघरा में करमा उत्सव का आयोजन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** सोलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी में बुधवार को पारंपरिक करमा उत्सव बड़े हर्षोल्लास और सांस्कृतिक रंगारंग माहौल में मनाया गया। अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। कार्यक्रम की शुरूआत सचिव अंकिताश्री और प्राचार्य चंद्रकांत पाठक ने पारंपरिक पूजा एवं कर्मा वृक्ष की स्थापना के साथ की। इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने लोकगीत, लोकनृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों के जरिये करमा पर्व की महत्ता को जीवंत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर प्राचार्य श्री चंद्रकांत पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि करमा पर्व हमारी सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। यह पर्व हमें प्रकृति और मानव के बीच संतुलन बनाए रखने का संदेश देता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अतिथियों ने सामूहिक नृत्य में भाग लेकर कर्मा पर्व की परंपरा को आत्मसात किया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और परंपराओं के संरक्षण का संदेश देना रहा। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## कोनबिर में पंचायत ओरिएंटेशन का आयोजन



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कोनबीर पंचायत में बुधवार को पंचायत स्तरीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बेहतर स्वच्छता, स्वास्थ्य और पोषण को अपनाने के महत्वपूर्ण विषय पर उपस्थित ग्रामीणों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वारा पंचायत के सदस्यों ग्रामीणों को जागरूक करने में न केवल मदद करेगा बल्कि ग्रामीणों के स्वच्छता स्वास्थ्य ओर पोषण में भी सुधार होगा। ग्रामीणों के जीवनस्तर में सकारात्मक बदलाव आयेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कोनबीर मुखिया अमृता देवी, पंचायत के वार्ड सदस्य, ग्राम प्रधान, सेविका, स्वास्थ्य सहिया, जल सहिया, प्रदान संस्था के प्रतिमा कुमारी, सीता , आरती, सोनू सिंह समेत बीएलएफ -सीएलएफ के कैडर और ग्रामीण शामिल हुए।

## गुमला सदर अस्पताल में ब्रेन हेल्थ क्लिनिक का ऑनलाइन उद्घाटन




**गुमला (आजाद सिपाही)।** नीति आयोग के अंतर्गत सदर अस्पताल में ब्रेन हेल्थ क्लिनिक का उद्घाटन डॉ अनुपम अनुपम किशोर डॉक्टर सारिब अहमद ने फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। क्लीनिक का उद्घाटन झारखंड के सभी जिलों में ऑनलाइन किया गया। ब्रेन हेल्थ क्लीनिक में मिर्गी लकवा माइग्रेन आदि रोगों का इलाज होगा। मौके पर नील कुसुम लकड़ा, नमिता कुमारी, विनोद कुमार,सुजीत कुमार महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय राजी करमा महोत्सव का आयोजन



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पड़हा टांड़, जाहूप कोकोटोली टोली में बुधवार को प्रखंड स्तरीय राजी करमा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जित कर पारंपरिक पूजा-अर्चना एवं करमा वृक्ष की विधिवत पूजा की। महोत्सव में महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक गीत-संगीत और नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना दिया। सतीश उरांव ने करमा पर्व को जनजातीय समाज का प्रमुख त्योहार बताते हुए कहा कि यह पर्व समाज में एकता, भाईचारा और सामूहिकता का प्रतीक है। महोत्सव में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। मंच पर उपस्थित अतिथियों में रामलाल, सोमेश्वर, रमेश्वर, राजेश, प्रेमलाल, अशोक, सुनील, संजय, दीपक, देवकुमार, राहुल, पंकज, प्रदीप, सुकदेव एवं त्रिभुवन पाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। सभी ने सामूहिक रूप से करमा महोत्सव की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## कोनबीर में बारिश से गिरा विधवा का घर



**बसिया (आजाद सिपाही)।** बारिश का ऐसा बरपा कहर की विधवा का आशियाना ही छिन लिया। अब विधवा को सिर छुपाने के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। पूरा मामला बसिया प्रखंड के कोनबीर बाजार टांड़ के समीप रहने वाली विधवा महिला माया देवी का है। बारिश के कारण विधवा का दो रूम का कच्चा मकान धाराशायी हो गया। अब सभी लोग सास की घर पर शरण ले रखे हैं। विधवा के पति करमु राम जो पेशे से चालक थे और उनकी मृत्यु पूर्व में हो चुकी है। विधवा के दो पुत्र सुरज राम और बादल राम समेत एक पुत्री चंदा कुमारी है। आर्थिक रूप से काफी कमजोर विधवा दुसरे के घरों में बर्तन मांज और झाड़ू पोछा लगा कर परिवार का भरण पोषण कर रही है। लेकिन नियति ऐसी बनी कि बारिश के कारण विगत दिनों मकान क्षतिग्रस्त हो गया था। वहीं मंगलवार की रात हुई बारिश के कारण पूरा मकान ध्वस्त हो गया। विधवा माया देवी ने गुमला उपायुक्त से अंबेडकर आवास देने की मांग की है।

# ब्राउन शुगर के साथ एक युवक गिरफ्तार, दूसरा फरार

कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय विद्यार्थियों को चार हजार प्रति ग्राम में ब्रॉउन शुगर बेचने के लिए आये थे

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला पुलिस ने 8 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक युवक को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है।

गुमला थाना में प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने बुधवार की दोपहर 12:30 बताया पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि के ओ कॉलेज पुग्गू रोड फुटबॉल मैदान के पास कुछ लोगों के द्वारा ब्रॉउन शुगर की खरीद बिक्री की जा रही है। त्वरित छपामारी दल का गठन किया गया। जिसमें अनुमंडल पुलिस



पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव थाना प्रभारी महेंद्र करमाली पुलिस अवर निरीक्षक संजीवन उरांव, सुनील कुमार, स्वर्ण सुदीप्तो, समीर अंसारी और सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे। पुलिस जब पुग्गू रोड स्थित फुटबॉल मैदान पहुंची तो पुलिस बल को देखकर कुछ लोग भागने लगे। भागने के क्रम में एक युवक को दौडाकर पकड़ लिया गया। पकड़ाए युवक का नाम पता पूछने पर रितेश केसरी उम्र 21 वर्ष पिता रमेश केसरी घाटों बगीचा का निवासी बताया। तलाशी लेने पर उसके ट्राउजर के पॉकेट से दो मोबाइल फोन और एक पारदर्शी प्लास्टिक में ब्राउन शुगर मिला। जिसका वजन करने पर 8 ग्राम पाया गया। वहीं एक स्कूटी भी पुलिस ने जप्त किया गया है। जिसका उपयोग ब्रॉउन शुगर की खरीद बिक्री करने हेतु किया जाता था जो रितेश केसरी के बड़े भाई नितेश केशरी के नाम से है। ब्रॉउन शुगर के संबंध में पूछने पर बताया कि यह अपने एक मित्र शशि साहु उर्फ जुब्बा जो दीपक ग्लास स्टोर मेन रोड गुमला का रहने वाला है के साथ कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय विद्यार्थियों को 4000 प्रति ग्राम में ब्रॉउन शुगर बेचने के लिए आया था। वहीं मौके से शशि साहु उर्फ जुब्बा फरार हो गया। रितेश केशरी पूर्व में भी ब्रॉउन शुगर मामले में सिमडेगा जेल जा चुका है। वहीं पुलिस ने प्रेस वार्ता कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

## बिशुनपुर में पेड़ से टकरायी कार, छह लोग हुए घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** थाना सीमा क्षेत्र के घाघरा रोड स्थित जामुन मोड़ के समय मंगलवार देर रात एक वेगानार कार सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गयी जिससे कार में सवार मूंदार गांव निवासी जीतराम उरांव 34 वर्ष, राजू किंडो 36 वर्ष, अंजलि किंडो 34 वर्ष, सुनीता मींज 3 वर्ष, अमृता एका 13 वर्ष और जॉनय उराइन 60 वर्ष को गंभीर चोट लगी। राहगीरों की सूचना पर 108 एंबुलेंस के माध्यम से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया। बताया जाता है कि चालक राजू किंडो को कमर में चोट लगी थी जिसे देखते हुए चिकित्सकों ने गुमला सदर



अस्पताल रेफर कर दिया। जबकि बाकी सदस्यों को प्राथमिक उपचार उपरांत घर भेज दिया। जीतराम उरांव ने बताया कि मंगलवार को हम लोग पालकोट स्थित करौंदा बेड़ा गए थे जहां से लौट के क्रम में यह घटना घाटी है। इधर क्षतिग्रस्त कर को पुलिस ने थाना लाया है।

## वाहन जांच अभियान में 72 हजार जुर्माना की वसूली



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड के गम्हरिया स्थित घाघरा-लोहरदगा एनएच में जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दो दर्जन से अधिक लाइन ट्रक, बॉक्साइट ट्रक और बाइक को रोका गया तथा उनके कागजातों की जांच की गई। इस क्रम में जिन वाहनों के दस्तावेज अधूरे पाए गए और बाइक चालकों ने बिना हेलमेट गाड़ी चलायी, उनसे जुमार्ना वसूला गया। कुल मिलाकर 72 हजार की राशि वसूल की गयी। डीटीओ श्री जायसवाल ने मौके पर ही चालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि वाहन चलाते समय नियमों का पालन करना अनिवार्य है। खासकर बाइक चालकों को हमेशा हेलमेट पहनना चाहिए, क्योंकि एक चालक की लापरवाही कई जिंदगियों को खतरे में डाल सकती है। इस अभियान में डीटीओ के साथ परिवहन विभाग के कई कर्मी मौजूद थे।

## जुलूस-ए-मोहम्मदी के दिन शराब दुकानों को बंद रखने की मांग

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के मीडिया चेयरमैन सह प्रवक्ता आरिफ हुसैन अख्तर ने आगामी 5 सितंबर 2025 को निकाले जाने वाले ऐतिहासिक जुलूस-ए-मोहम्मदी को लेकर राज्य सरकार और गुमला जिला प्रशासन से मांग की है कि इस दिन पूरे जिले में शराब दुकानों को पूर्णतः बंद रखा जाये। उन्होंने कहा कि जुलूस-ए-मोहम्मदी मुसलमानों की आस्था और जज्बात का पर्व है। इस दिन नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के उम्मती बड़ी संख्या में सड़कों पर निकलकर अमन, मोहब्बत और भाईचारे का संदेश देते हैं। ऐसे मौके पर शराब की बिक्री माहौल को बिगाड़ सकती है और धार्मिक भावनाओं को आहत कर सकती है। ऐसे अवसर पर प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वातावरण पूरी तरह शांतिपूर्ण और पवित्र बना रहे।



## चिल्ड्रेन एकेडमी रन्हे में करमा महोत्सव धूमधाम से मनाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल 10+2 रन्हे में बुधवार को कर्मा पूजा महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और सांस्कृतिक धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुनीत मिंज और क्षेत्र की विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्र की मुखिया गीता उरांव उपस्थित रहीं। वहीं मौजूद मुख्य अतिथि पुनीत मिंज ने कहा कि कर्मा पर्व जनजातीय समाज की समृद्ध संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है, जिसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक है। वहीं मुखिया गीता उरांव ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उन्हें अपनी संस्कृति से जुड़े रहने का संदेश दिया। विद्यालय प्रबंधन ने अतिथियों एवं दर्शकों का आभार जताया और कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने का प्रेरणास्रोत हैं। इसके पूर्व विद्यालय परिवार ने अतिथियों का स्वागत पारंपरिक रीति-रिवाजों से किया। दीप प्रज्वलन के बाद मांदर और नगाड़ों की थाप पर विद्यार्थियों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किये। रंग-बिरंगी वेशभूषा में बच्चों ने कर्मा पर्व से जुड़ी सांस्कृतिक झलकियां पेश कर दर्शकों का मन मोह लिया।

## मछली पकड़ने गये व्यक्ति की खेत में गिरने से मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के पुग्गू खोपा टोली निवासी बुद्धदेव उरांव (38) की मौत खेत में गिरने से हो गयी। घटना मंगलवार की देर रात्रि 10:30 बजे की है, जब वह अपने खेत में मछली पकड़ने गया हुआ था। जानकारी के अनुसार खेत में पानी भरा हुआ था। इसी दौरान बुद्धदेव का पैर फिसल गया और वह पानी में जा गिरा। गिरने के बाद वह वहीं अचेत पड़ा रह गया और डूबने से उसकी मौत हो गयी। घटना की जानकारी देते हुए मृतक की पत्नी मीना उरांव ने बताया कि उसके पति देर रात जब घर नहीं लौटे, तो खोजबीन शुरू किए। काफी तलाश के बाद रात करीब 2:30 बजे उसे खेत में पानी के बीच पड़ा हुआ पाया गया। आनन-फानन में उसे सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## करमा और ईद मिलादुन्नबी को लेकर पुलिस ने किया मॉक ड्रिल



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले में करमा पर्व और ईद मिलादुन्नबी जैसे महत्वपूर्ण अवसरों पर शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से बुधवार को चंडाली स्थित पुलिस लाइन में एसपी हरिश बिन जमां के निर्देश पर माक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में पुलिस बल शामिल हुए। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष तैयारी की गयी। माक ड्रिल में पुलिसकर्मियों ने आपातकालीन स्थिति उत्पन्न होने पर त्वरित प्रतिक्रिया देने का अभ्यास किया। इसमें भीड़ नियंत्रण, दंगा-रोधी अभ्यास, आकस्मिक घटनाओं में लोगों को सुरक्षित निकालने और संदिग्ध स्थिति में तत्काल कार्रवाई की रणनीति पर विशेष बल दिया गया। मौके पर एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, सारजेंट मेजर अभिमन्यु कुमार, थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली समेत जिला पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## बसिया इंडोर स्टेडियम के उद्घाटन में जनप्रतिनिधियों को नहीं बुलाना खेद जनक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** बसिया में इंडोर स्टेडियम के उद्घाटन में जनप्रतिनिधियों को नहीं बुलाया गया। इसपर कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने खेद प्रकट किया है। कहा है कि किसी भी सरकारी कार्यक्रम या उदघाटन में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाना चाहिए। प्रशासन को इसकी समीक्षा करनी चाहिए कि कहां चूक हुई और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में इसकी पुनरावृति न हो। चूंकि जनप्रतिनिधियों के साथ इस प्रकार के सौतेले व्यवहार से वे खुद को उपेक्षित महसुस करेंगे और सरकारी योजनाओं का हिस्सा बनने से वंचित रह जायेंगे।

## जर्जर हो चुके नेशनल हाइवे सड़क बनाने को लेकर नुक्कड़ सभा और संवाद कार्यक्रम आज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** घाघरा चांदनी चौक स्थित नेशनल हाइवे-143 मुख्य पथ में जानलेवा गड्ढे हो चुकी सड़क को अविलंब मरम्मति करने को लेकर ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह 4 सितंबर 2025 को घाघरा में नुक्कड़ सभा तथा स्थानीय लोगों से चक्का जाम की सफलता के लिए संवाद भी करेंगे। विदित हो कि पिछले एक सप्ताह से घाघरा चांदनी चौक स्थित सड़क गड्ढे में तब्दील हो गया है, जहां कभी भी बड़ी दुर्घटना में लोगों की जान माल की भारी नुकसान हो सकती है। जिसे देखते हुए सरकार व जिला प्रशासन से 24 घंटे के अंदर सड़क की मरम्मति की मांग संभावित दुर्घटना को रोकने तथा जनहित में की गयी है ताकि आवागमन सुलभ हो सके। मामले की गंभीरता को देखते हुए सड़क मरम्मति नहीं होने की स्थिति में सड़क जाम की चेतावनी भी दी गयी है। सोयी हुई सरकार और जिला प्रशासन को जगाने और सड़क की जल्द मरम्मति हो इसके लिए 4 सितंबर 2025 को घाघरा में नुक्कड़ सभा तथा सड़क जाम की सफलता के लिए स्थानीय जिम्मेवार नागरिकों से संवाद कार्यक्रम श्री सिंह के द्वारा की जायेगी। ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट और झारखंड नवनिर्माण दल ने फिर से जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि जनहित में अविलंब सड़क मरम्मति का कार्य हो ताकि सड़क जाम का नौबत ही नहीं आएगा क्योंकि सड़क जाम का फैसला सरकार और पथ निर्माण विभाग की उदासीन रवैया को देखते हुए तथा सड़क जल्द बने जिससे दुर्घटना का शिकार कोई ना हो इसके लिए मजबूरीवस ली गयी फैसला है। अगर प्रशासन ध्यान नहीं देती है तो सड़क जाम के लिए स्थानीय लोग मजबूर होंगे।

## जोश और उत्साह से निकाला जायेगा जुलूस-ए-मोहम्मदी : आशिक अंसारी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय में जुलूस मोहम्मदी 'सललल्लाहोअलैहिवसल्लम' इस वर्ष शानदार तरीके से निकाला जायेगा। यह जानकारी देते हुए अंजुमन प्रवक्ता आशिक अंसारी ने बताया कि इसके लिए गुमला के सभी मुस्लिम मुहल्ला में बड़े शानदार ढंग की तैयारी की जा रही है। आजाद बसती, हुसैन नगर, थाना रोड, इसलामपुर, रजा कोलोनी बाजार टांड, चांदनी चौक, गौस नगर मुहल्ले में जुलूस ए मोहम्मदी 'सललल्लाहोअलैहिवसल्लम' को लेकर नौजवानों में काफी जोश और उत्साह देखा जा रहा है। जुलूस आगामी 5सितमबर 2025 दिन शुक्रवार को दिन के 8 बज सुबह से गौसिया मोती मस्जिद, बाजार टांड से शुरू हो कर इसलामपुर, बाबर गली, होते थाना रोड से टावर चौक, सिसई रोड पेट्रोल पंप तक जायेगी। वहां से लौट कर टावर चौराहा, मेन रोड, पटेल चौक लोहरदगा रोड थाना चौक होते हुए जामा मस्जिद के पास सलात ओ सलाम के बाद जुलूस खत्म होगी।

# गुमला और आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया करमा महोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला और आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार को करमा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कुंवारी कन्या व महिलाओं ने दिन भर उपवास रख कर शाम में श्रद्धा, भक्ति आस्था और विश्वास के साथ करम डाली की पूजा की और अपने भाईयों के सुख शांति समृद्धि और दीघार्यु जीवन की कामना की करमा का पर्व प्रकृति से प्रेम, सामाजिक सदभाव और कर्म करने का संदेश देता है। भादो शुक्ल पक्ष के एकादशी तिथि को सनातन धर्म में प्रकृतिक के प्रति आस्था व्यक्त करने के लिए करम डाली को गांव के पहान द्वारा आंगन या आखड़ा में लाने की परंपरा है। हिंदू सनातनी अपने आंगन में पुरोहित से करम देवी की पूजा कराते हैं। पुरोहित करमा व धरमा दो भाई की कहानी सुनाकर ईश्वर के प्रति



विश्वास पैदा करने और धर्म की रक्षा के लिए कर्म करने का संदेश देता है। इसी तरह सरना सनातनी आखरा में सामूहिक रूप से पूजा करते हैं। रात भर गीत संगीत व नृत्य कर रातजग्गा करते हैं और सुबह करम डाली को विसर्जित करते हैं। बुधवार को गुमला के पालकोट रोड स्थित राधा कृष्ण मंदिर में आचार्य कमलेश मिश्र के नेतृत्व में करम डाली की पूजा की गयी। देर शाम गुमला के श्री कृष्णा छात्रावास, एसएस स्कूल छात्रावास, कालेज छात्रावास, उरांव छात्रावास, शबरी आश्रम में सामूहिक रूप से पूजा अर्चना की गयी। करमा और धरमा दो भाईयों की कहानी सुनाकर सामाजिक सदभाव का संदेश दिया गया। करमा जनजातीय क्षेत्र का महत्वपूर्ण पर्व है जिस कारण सनातन धर्मावलंबियों में दिन भर उल्लास का माहौल था। मांदर की थाप में रात भर गीत संगीत और नृत्य कर करमा महोत्सव मनाया गया।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज में हुई करम डाली की पूजा



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज में बुधवार को कर्मा पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस उत्सव में पारंपरिक पूजा अर्चना धार्मिक अनुष्ठान एवं लोक नृत्यों को शामिल किया गया. सभी संकाय के विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया और उत्सव मनाया। करम डाली की पूजा की गयी और बहनें अपने भाइयों की सुख-समृद्धि व दीघार्यु जीवन की कामना की।

मान्यता है कि इस पर्व को बहनें अपने भाइयों के लिए करती हैं। इसके अलावा यह प्रकृति पूजन का भी प्रतीक जाना जाता है। गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज में कर्मा पूजा का उत्सव झारखंड की सांस्कृतिक विविधता, परंपराओं का सम्मान और संरक्षण करने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## अचानक ब्रेक लगाने से टेंपो ने टकरायी बाइक, दो लोग घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के टोटो स्थित कड़िया चौक के पास बुधवार की अपराह्न 4 बजे आगे चल रहे टेंपो ने अचानक ब्रेक मार दिया जिससे टेंपो के पीछे चल रहे दो बाइक में टक्कर हो गई। घटना में फोरी निवासी साकिब राजा और फैजान राजा घायल हो गए। दोनों घायलों को टोटो पिकेट की पुलिस ने पुलिस वाहन से सदर अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के मुताबिक दोनों युवक अपने गांव से टोटो की ओर जा रहे थे। इसी बीच आगे चल रहा टेंपो चालक अचानक ब्रेक लगा दिया। जिससे टेंपो के पीछे चल रहे दो बाइक में टक्कर हो गयी और दोनों युवक घायल हो गए।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें

www.azadsipahi.in

### बेरमो विधायक ने किया एक अरब 10 लाख रुपये की योजनाओं का शिलान्यास

# 156 करोड़ की लागत से बनेगी जैनामोड़ फुसरो दो लेन की सड़क : कुमार जयमंगल

- 99 करोड़ रुपए की लागत से होगा पिछरी-तेनुघाट सड़क का निर्माण
- भंडारीदह से खुटरी तक वाया भंडारीदह ट्रांसपोर्टिंग सड़क 930 करोड रुपए की लागत से बनेगी
-जब-जब मेरी आलोचना होती है मुझे काम करने की शक्ति मिलती है : विधायक


योजनाओं का शिलान्यास करते विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनुप सिंह।

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिछरी/बेरमो।** विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने पेटरवार प्रखंड के पिछरी से गोमिया प्रखंड के तेनुघाट तक बहूचर्चित नहर किनारे के सड़क चौडीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का बुधवार को अंगवाली के नहर किनारे शिलान्यास किया। विदित हो कि उक्त सड़क निर्माण की मांग लंबे समय से जनता द्वारा किया जा रहा था। इस पर संज्ञान लेते हुए बेरमो विधायक ने सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यह कार्य बोकारो पथ प्रमंडल की ओर से 99 करोड़ रुपए की लागत से कराया जाएगा। इसकी कुल दूरी 26.32 किलोमीटर है। इसमें 1.56 किलोमीटर जैनामोड़ फुसरो मुख्य मार्ग से नहर तक निर्माण होगा। नहर से तेनुघाट तक 24.75 किलो मीटर सड़क निर्माण होगा। जानकारी के मुताबिक विधायक ने इस दिन कुल एक अरब 10 लाख 14 हजार रुपए की लागत से बनने वाली योजनाओं की आधारशिला रखी। इसमें पेटरवार प्रखंड के पिछरी कॉलोनी साउथ ब्लॉक में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का मरम्मत और नवीकरण कार्य का शिलान्यास भी शामिल है। यह कार्य लगभग 19 लाख रुपए की लागत से होगा। वहीं, पेटरवार प्रखंड के राजकीयकृत उच्च विद्यालय अंगवाली में चार अतिरिक्त कमरा का निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया, जो बोकारो जिला ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल की ओर से 46.61 लाख रुपए की लागत से कराया जाएगा। वहीं, अंगवाली उत्तरी पंचायत भवन के सामने आयुष्मान आरोग्य मंदिर का मरम्मत और नवीकरण कार्य का शिलान्यास हुआ, उक्त कार्य 19 लाख रुपए की लागत से पूरा होगा। पेटरवार प्रखंड के ही अंगवाली दक्षिणी गाभरमोचरो में आयुष्मान आरोग्य मंदिर की मरम्मत और नवीकरण कार्य का भी शिलान्यास हुआ। जिस पर करीब 24.88 लाख रुपए खर्च होंगें। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि लोगों के विश्वास और प्यार की वजह से नहर किनारे सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास कर पा रहा हूं। कहा कि नहर से पिछली तक का बाईपास सड़क बनायी जा रही है। करीब छह किलोमीटर की सड़क निर्माण पर 17 से 18 करोड़ रुपये खर्च होंगें। इसके अलावा इस सड़क पर नये पुल का भी निर्माण होगा। उक्त सड़क करीब एस साल में बनकर तैयार हो जाएगा। फुसरो-जैनामोड़ सड़क को लेकर कहा कि उसका एक करोड़ रुपए की लागत से मरम्मती का टेंडर हो चुका है। जिसका काम गुरुवार से शुरू हो जाएगा। इसके अलावा दामोदर नदी पर पुल मरमती का कार्य 20 लाख रुपए से किया जाएगा। कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जैनामोड़ के तिलकामांझी चौक से लेकर फुसरो के निर्मल महतो चौक तक 156 करोड़ रुपए की लागत से डबल लाइन सड़क बनाने की स्वीकृति दे दी है। यह कार्य भी बहुत जल्द टेंडर कराकार प्रारंभ किया जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने 930 करोड़ रुपए का नावाडीह से भंडारीदह होते हुए खुटरी तक ट्रांसपोर्टिंग के लिए सड़क निर्माण कार्य का स्वीकृति दिया है। इसका भी टेंडर दो से तीन महीने में हो जाएगा। उन्होंने कहा कि लोग मेरी जितनी आलोचना करते हैं, मैं उतना ही विकास कार्य करता हूं। क्योंकि उसी से मुझे शक्ति मिलती है। इस मौके पर अंगवाली उत्तरी पंचायत मुखिया धर्मेंद्र कपरदार, पूर्व मुखिया गोरी नाथ कपरदार, कांग्रेस नेता शब्बीर अंसारी, परवेज अख्तर, गणेश मिश्रा, जीप सदस्य माला कुमारी, विनोद नायक, उदेश दुबे, हरप्रीत सिंह उर्फ विक्की सरदार, राजेंद्र सिंह, भीम पाल, आशीष पाल, रंजीत नायक, राजेश सिंह, बृजेश सिंह, राजेश दुबे, रियाज अंसारी आदि मौजूद थे।

## रिश्वत लेते भौंरा के सुपरवाइजर और सहायक सुपरवाइजर को सीबीआइ ने रंगे हाथों दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** सीबीआइ ने भौंसा सुपरवाइजर और सहायक सुपरवाइजर को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान राजकुमार सिंह और रामाश्रय गड़ेरिया के रूप में हुई है। दोनों पर बीसीसीएल से सेवानिवृत्त एक कर्मी से उनका बकाया लाभ दिलाने के बदले में 20 हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप है। हालांकि पीड़ित रिश्वत देने को तैयार नहीं था। उसने दोनों के खिलाफ सीबीआई से शिकायत कर दी थी। इसके बाद सीबीआई ने पूरे मामले की गहन जांच की और योजना बनाते हुए कार्यालय में जाल बिछाया। इसी दौरान दोनों आरोपी रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिए गये। उन्हें तत्काल हिरासत में ले लिया गया।



आरोपितों को गिरफ्तार कर ले जाती सीबीआइ की टीम।

सीबीआई एसपी ने बताया कि सेवानिवृत्त कर्मी एक महीने से अपने लाभ नहीं मिलने से परेशान थे। दोनों लगातार रिश्वत की मांग को लेकर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। सीबीआइ ने कार्रवाई कर न केवल आरोपियों को पकड़ा, बल्कि यह भी स्पष्ट किया कि केस के निष्पादन के समय रिश्वत की रकम भुक्तभोगी को वापस कर दी जाएगी और रुके हुए कार्य को भी पूरा किया जाएगा। सीबीआई एसपी ने अपील की कि यदि किसी भी कार्य के निष्पादन के बदले में आपसे रिश्वत मांगी जाती है, तो घबराने की जरूरत नहीं है। आप सीधे सीबीआई, एसीबी या अन्य सरकारी एजेंसियों के पास शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

## वाहन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी, युवक गिरफ्तार



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** शहरी क्षेत्र के क्रिश्चियन हिल के समीप स्थित राधा स्वामी संगठन के वाहन चालक शमीम अंसारी को धोखाधड़ी के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार शमीम अख्तर पर एक स्कीम के तहत कई लोगों से वाहन दिलाने के नाम पर राशि लेने एवं फाइनेंस कंपनी को भुगतान नहीं करने का आरोप है। वाहन फाइनेंस करने वाली कंपनी द्वारा इएमआई नहीं मिलने पर वाहन लेने वाले लोगों को परेशान किया जा रहा था। जिसके बाद लोगों ने संगठन के गांडेय विधानसभा से प्रत्याशी रह चुके शमीम अख्तर के खिलाफ थाने में शिकायत की। इसके बाद पचंबा पुलिस ने मंगलवार की देर रात को शमीम अख्तर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया। उधर, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश सिन्हा ने बताया कि राधा स्वामी संगठन की ओर से वाहन स्कीम सहित लोगों के लिए लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही है। वहीं, शमीम अख्तर के खिलाफ कुछ माह पूर्व 36 लोगों से संगठन के बजाय अपने खाते में पैसे लेने की शिकायत मिली थी। इसके लिए उसे नोटिस भी किया गया था, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिलने के कारण 24 जुलाई को शमीम अख्तर को संगठन से निष्कासित कर दिया गया था।

## करम वृक्ष का रोपण

**बोकारो (आजाद सिपाही)। प्रकृति पर्व करमा के अवसर पर बुधवार को स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान की ओर से बोकारो के पर्यावरण-मित्र वाटिका में पंडित गौरी शंकर ओझा मेमोरियल ट्रस्ट की अध्यक्ष समाजसेवी अनीता ओझा ने पवित्र वृक्ष करम का पूजनोपरांत रोपण कर प्रकृति संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया। बतातें चलें कि झारखंड में करमा पर्व विशेष आस्था एवं उल्लास पूर्वक मनाया जाता है। औरतें अपने भाई के सुख समृद्धि की कामना के लिए व्रत रखती हैं। साथ ही, फसलों की अच्छी पैदावार के लिए भी प्रकृति से निवेदन किया जाता है। पवित्र करम वृक्ष के साथ ही कई अन्य वृक्षों का भी रोपण किया गया।**

## बीएसएल कर्मचारी ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस विभाग में कार्यरत इंजीनियरिंग एसोसिएट मन्नान अली ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने रांची में आयोजित झारखंड स्टेट स्ट्रेंथलिफ्टिंग एवं इंक्लाइन बेंच प्रेस चैंपियनशिप 2025 की 85 किलोग्राम भार वर्ग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता 31 अगस्त को झारखंड स्ट्रेंथलिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित हुई, जिसमें राज्यभर से अनेक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच मन्नान अली ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए यह सफलता अर्जित की। बीएसएल शीर्ष प्रबंधन ने उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## एग्यारकुंड झामुमो किसान मोर्चा का गठन, विनोद मरांडी मनोनीत हुए अध्यक्ष

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को एग्यारकुण्ड प्रखंड अंतर्गत मैथन के रिक्रिशन क्लब में बैठक कर झामुमो किसान मोर्चा का गठन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एग्यारकुण्ड प्रखण्ड अध्यक्ष रामनाथ सोरेन ने की। बैठक में झामुमो के जिला अध्यक्ष लखी सोरेन और किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुन्ना साह भी उपस्थित रहे। इस दौरान सर्वसम्मति से विनोद मरांडी को किसान मोर्चा के एग्यारकुण्ड प्रखण्ड का अध्यक्ष चुना गया। वहीं, लखींद्र हंसदा को सचिव बनाया गया। इसकी जानकारी देते हुए किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुन्ना साह ने बताया कि झामुमो केंद्रीय समिति के आदेशानुसार झारखंड के सभी जिलों के प्रखंडों में किसान मोर्चा का गठन किया जा रहा है, ताकि हर प्रखंड के किसानों को लाभ मिल सके। वहीं, कोषाध्यक्ष दुलाल चंद्र बाउरी ने बताया कि जिले भर में 10 कमेटी गठन करना हैं। आज छठा कमेटी का गठन हो गया।

## सड़क हादसे में जेएसएलपीएस कर्मचारी की मौत, आक्रोशित लोगों ने किया एनएच जाम



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) 23 पर मेंडिकेंट हॉस्पिटल के समीप मंगलवार की रात सड़क हादसे में झारखंड स्टेट लाइवली हुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। इससे आक्रोशित लोगों ने बुधवार की सुबह से आईटीआई मोड़ से उकरीद मोड तक एनएच 23 को जाम कर प्रदर्शन किया। लोगों ने मांग थी की कि मृतक के आश्रित को सरकारी नौकरी दी जाए। साथ ही, सरकारी प्रावधानों के तहत मिलने वाला मुआवजा तुरंत प्रदान किया जाए। जानकारी के अनुसार जेएसएलपीएस के फील्ड थमेटिक कोऑर्डिनेटर विकास चटर्जी चास ब्लॉक स्थित अपने कार्यालय से मंगलवार की देर शाम बाइक से वापस सेक्टर 8 स्थित अपने आवास लौट रहे थे। तभी मेंडिकेंट हॉस्पिटल के समीप तेज रफ़्तार में आ रहे एक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। उधर, वाहन चालक मौके से वाहन सहित फरार होगया। घटना से गुस्साए लोगों ने उचित मुआवजा एवं आश्रित को सरकारी नौकरी देने की मांग को लेकर बुधवार की सुबह से ही आईटीआई मोड़ से उकरीद मोड तक एनएच 23 को जाम कर दिया। जिससे सड़क आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। स्थिति बिगड़ते देख मौके पर चास थाना प्रभारी सुभाष कुमार सिंह और सीओ पहुंचे और लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। वार्ता में सरकारी प्रावधानों के तहत उचित मुआवजा देने एवं अन्य मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने के भरोसा के बाद लोगों ने जाम हटा दिया।

## जामाडोबा जीतपुर में तीन आवास से लाखों की चोरी



**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** जोरापोखर थाना क्षेत्र के जीतपुर कोलियरी कालोनी में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने ठेका कर्मी उमेश पासवान सहित तीन घरों से डेढ़ लाख की मोबाइल, सोने-चांदी के जेवरात एवं नकदी की चोरी कर ली है। इस बाबत पीड़ित उमेश पासवान ने थाने में लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। उमेश ने कहा कि वह गर्मी की वजह से अपने घर में दरवाजा खोलकर सपरिवार सोए थे। तभी अज्ञात चोरों ने चहारदीवारी फांदकर घर में प्रवेश किया और अलमारी में रखा सोने का एक मांग टीका, एक जोड़ा झुमका, 10 नथिया, एक अंगूठी, तीन जोड़ा चांदी के पायल और चार हजार रुपये नकदी सहित अन्य सामान चोरी कर फरार हो गया। हालांकि चोरों के भागने के दौरान उमेश की पत्नी की नींद टूट गई। उनसे चोरों को भागते हुए देखा है। चोरों ने उमेश के अतिरिक्त उसके पड़ोसी फिरोज अंसारी के घर से मोबाइल और रत्न पासवान के घर से 900 रुपए नकदी चोरी कर फरार हो गये। हालांकि क्षेत्र में घटनास्थल के पास लगी सीसीटीवी कैमरे की जांच के बाद लोगों ने बताया कि घटनास्थल के समीप दो लोग साइकिल से देर रात घूमते देखे जा रहे हैं। पुलिस गंभीरता से जांच करे, तो घटना का उद्भेदन किया जा सकता है। उधर, जोड़ापोखर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मिहिजाम में करम महोत्सव का आयोजन, सैकड़ों लोगों ने की पूजा



**मिहिजाम (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत आदर्श ग्राम बड़जोड़ा पंचायत के बिनोद बिहारी महतो चौक में बिरसा बिनोद करम आखडा की ओर से झारखंड के राजकीय पर्व प्रकृति संरक्षण एवं भाई बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक विशाल करम महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आदिवासी कुड़मी समाज के केंद्रीय प्रधान प्रवक्ता सह संथाल परगना प्रभारी दीपक महतो केशरियार एवं विशिष्ट अतिथि जामताड़ा सदर सीओ अविश्वर मुर्मू शामिल हुए। इसमें बड़जोड़ा पंचायत सहित आसपास के सभी पंचायत के गांवों से भाई-बहनों एवं हजारों लोग शामिल हुए। इस दौरान सभी मिलकर करम आखडा में मांदर नगाड़ा के साथ करम गीत एवं झूमर एक साथ मिलकर नृत्य किया और करम महोत्सव मनाया। इस मौके पर समाजसेवी आरती महतो, जेएलकेएम जिला अध्यक्ष मंतोष महतो, मुखिया खुसबू टुडू, पंसस स्वर्णलता टुडू आदि मौजूद थे।

## सिंदरी में विक्षिप्त युवती से दुष्कर्म का प्रयास

**झरिया/सिंदरी (आजाद सिपाही)।** बलियापुर थाना क्षेत्र के सिंदरी सीमाटांड स्थित एक मंदिर में मंगलवार की रात विक्षिप्त युवती से दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद से आरोपित फरार है। वहीं, ग्रामीणों की शिकायत पर बलियापुर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक दिव्यांग युवती पांच दिन पहले भटकते हुए इस मंदिर में शरण ली थी। मंगलवार की रात एक युवक साइकिल से यहां आया और युवती से दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा। इसपर आसपास के कुछ लोगों की नजर पड़ गई। जब लोगों ने शोर मचाया तो आरोपी वहां से फरार हो गया। युवक की साइकिल को ग्रामीणों ने पुलिस को सौंप दिया है। चर्चा है कि ग्रामीणों ने कुकृत्य कर रहे युवक की पहचान कर ली है। इस संबंध में बलियापुर थाना प्रभारी (प्रभार) अशोक कुमार ने बताया कि विक्षिप्त युवती कुछ बोल पाने में असमर्थ है। उसके बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए पुलिस उसे लेकर इंटरप्रेटर के पास धनबाद ले गई है। जहां इंटरप्रेटर के माध्यम से उसके साथ घटित घटना की जानकारी लेने का प्रयास कर रहे हैं। इसके बाद उसका मेडिकल जांच कराया जाएगा।

### झारखंड की झोली में आये 64 मेडल, इनमें 52 बोकारो के

# आठ देशों के प्रतिद्वंदियों को मात देकर बोकारो डीपीएस स्कूल के प्रतिभागियों ने जीते 33 पदक

आजाद सिपाही संवाददाता


पदक जीतने वाले बोकारो डीपीएस स्कूल के प्रतिभारी एवं अन्य।

**बोकारो।** शिक्षा, नवाचार और कला के साथ ही खेल की दुनिया में भी डीपीएस बोकारो के छात्र-छात्राओं ने एक बार पुनः अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। मार्शल आर्ट विद्या में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अबकी बार अंतरराष्ट्रीय मानचित्र परअपनी खास पहचान बनाई। कोलकाता में आयोजित चौथी इंटरनेशनल कराटे चैम्पियनशिप में भारत सहित कुल आठ देशों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें ईरान, भूटान, कनाडा, पुर्तगाल, इंडोनेशिया, नेपाल और श्रीलंका की टीमें भी शामिल रहीं। खास बात यह रही कि पूरे झारखंड से डीपीएस बोकारो का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा। विद्यालय के जांबाज खिलाड़ियों ने अपने प्रतिद्वंदियों को धूल चटाकर कुल 33 पदक अपने नाम किये। झारखंड से रांची, बोकारो और सिंहभूम (चाईबासा, जमशेदपुर, सरायकेला-खरसांवा) क्षेत्र सहित अन्य जगहों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था, जिन्होंने कुल 64 पदक जीते। इनमें आधे से अधिक इसी स्कूल की झोली में आए। बोकारो के हिस्से में कुल 52 पदक आए। झारखंड को मिले कुल 64 पदकों में 14 स्वर्ण, 18 रजत और 32 कांस्य पदक शामिल हैं। जबकि, बोकारो को 11 स्वर्ण, 16 रजत एवं 25 कांस्य पदक मिले। वहीं, डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों द्वारा अर्जित 33 पदकों में 8 गोल्ड, 9 सिल्वर और 16 ब्रांज मेडल शामिल हैं। खिलाड़ियों ने कराटे की काता और कुमिते विधाओं में अपने दमखम दिखाए। विद्यालय की छात्रा रियांशी चौधरी ने काता और कुमिते, दोनों ही स्पधाओं में एक-एक स्वर्ण जीता। इसके अलावा, मायोन सरव एक गोल्ड (कुमिते), एक सिल्वर (काता), अनिका दास एक गोल्ड (कुमिते), आराध्या सुवन एक गोल्ड (कुमिते) एवं एक ब्रॉन्ज (काता), सिद्धि सुमन एक गोल्ड (कुमिते), एक ब्रॉन्ज (काता), नैतिक प्रसाद एक गोल्ड (कुमिते) एवं एक सिल्वर (काता), अर्घ्य सुवन एक सिल्वर (कुमिते), अथर्व कश्यप एक सिल्वर (कुमिते), युवान यश एक सिल्वर (कुमिते), एक ब्रॉन्ज (काता), भाव्या बिष्ट एक ब्रॉन्ज (कुमिते), एक सिल्वर (काता), ऋद्धिमा चौधरी कुमिते व काता में एक-एक ब्रॉन्ज, आरुष प्रकाश एक सिल्वर (कुमिते) व एक ब्रॉन्ज (काता), सान्वी शेखर काता में एक ब्रॉन्ज, एन सरवना सद्गु एवं रेयांश शेखर कुमिते में एक-एक ब्रॉन्ज, ऋषिता राज शर्मा, एक गोल्ड (काता) एवं एक ब्रॉन्ज (कुमिते), विहान कुमार एवं कृतिकेश कुमार मिश्रा कुमिते में एक-एक सिल्वर, आद्या प्रभा काता एवं कुमिते में एक-एक ब्रॉन्ज, सैयाती साक्षी काता एवं कुमिते में एक-एक ब्रॉन्ज और अर्णव झा कुमिते में एक सिल्वर मेडल जीतकर अव्वल रहे। प्रतियोगिता का आयोजन बीते 31 अगस्त को किया गया था, जिसमें देशभर से कुल 300 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए थे। सफल रहे प्रतिभागी अब साउथ एशियन गेम्स में हिस्सा ले सकेंगे।

# सभी जाति-धर्म से ऊपर थे दिशोम गुरु : अनूज सिन्हा

- दिशोम गुरू की स्मृति में बोकारो के सभी पंचायतों में होगा रात्रि पाठशाला का आयोजन : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** जिला प्रशासन की ओर से बीएससिटी के कैंप टू स्थित जायका हैपनिंग्स सभागार में बुधवार को संगोष्ठी आयोजित हुआ। जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में बतौर मुख्य अतिथि प्रसिद्ध लेखक, चिंतक एवं वरिष्ठ पत्रकार अनुज कुमार सिन्हा के अलावा अंतर्राष्ट्रीय लुप्तप्राय भाषा एवं संस्कृति प्रलेखन केंद्र डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के सहायक प्रोफेसर एवं निदेशक डॉ अभय सागर मिंज और डीसी अजय नाथ झा शामिल हुए। इनके अलावा डीडीसी शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, चास की अनुमंडल पदाधिकारी प्रांजल ढ़ांडा, डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता और बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ भी उपस्थित थे। संगोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और प्रशासनिक अधिकारियों ने दिशोम गुरू शिबू सोरेन के योगदान, विचारधारा और उनके विकास मॉडल पर विस्तार से चर्चा की। इस असर पर अनुज कुमार सिन्हा ने दिशोम गुरू के जीवनी पर प्रकाश डाला। कहा कि वह जाति और धर्म से ऊपर उठकर सभी वर्गों को साथ लेकर चलते थे। वे मानते थे कि विकास तभी संभव है जब हर तबके की सहभागिता सुनिश्चित हो। उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणा है। उन्होंने संगोष्ठी में उपस्थित स्कूली बच्चों को दिशोम गुरू से सिख लेते हुए संकल्प लेने और देश के प्रतिष्ठित सेवाओं में जाने की बात कहीं। वहीं, डॉ अभय सागर मिंज ने कहा कि आदिवासी का अर्थ केवल जंगल, पत्ता, रंग और नृत्य नहीं है। यह मानसिकता बदलनी होगी। अपनी संस्कृति और अपनी जड़ों को जानकर ही समाज में सहभागिता और विकास संभव है। कहा कि, सांस्कृतिक सापेक्षता के पुरोधा थे दिशोम गुरू शिबू सोरेन। उन्होंने 19 सूत्री विकास माडल को शुरू किया था, जिसका मकसद आदिवासी समाज का समग्र विकास करना था। जबकि डीसी ने दिशोम गुरू शिबू सोरेन से आदिवासी कल्याण आयुक्त के तौर पर हुई भेंट और आदिवासी समाज के विकास पर हुई चर्चा के संबंध में यादें साझा की। अपने व्क्तव्य में कहा कि हमें आदिवासियों को सिखाने के बजाय उनसे सीखने की चाह रखनी होगी। यही समावेशी दृष्टिकोण समाज को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि दिशोम गुरू की स्मृति में बोकारो जिले के सभी पंचायतों में रात्रि पाठशाला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कामगार-श्रमिक, किसान-बुजुर्ग शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। वहीं, गुरूजी की कर्मस्थली ललपनिया पंचायत के लुगुबुरू घंटाबाड़ी में कार्तिक पूर्णिमा से पूर्व उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित की जाएगी। संगोष्ठी का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि दिशोम गुरू शिबू सोरेन का जीवन और विचार सदैव प्रेरणा बने रहेंगे।

## दिल्ली में सोने के दाम 1.07 लाख रुपये के पार

**नयी दिल्ली।** 8 दिनों में सोने की कीमतों में काफी इजाफा देखने को मिल चुका है। दिल्ली सर्राफा बाजार में गोल्ड की कीमतों में करीब 7 हजार रुपये की बढ़ोतरी देखने को मिल चुकी है। खास बात तो ये है कि मौजूदा साल में गोल्ड के दाम में 28 हजार रुपये से ज्यादा की बढ़ोतरी देखने को मिल चुकी है। 31 दिसंबर 2024 को दिल्ली में सोने के दाम 78,950 रुपये प्रति दस ग्राम पर थे.सोने की कीमतों की रफ्तार में कोई कमी देखने को नहीं मिल रही है। आंकड़ों को देखें तो देश की राजधानी दिल्ली में सोने के दाम 8 कारोबारी सत्रों में करीब 8,000 रुपये का इजाफा देखने को मिल रहा है। विदेशी बाजारों में भी गोल्ड की कीमतों में तेजी देखी जा रही है।

### चीन ने अमेरिका तक दागने वाली मिसाइलें दिखायीं

# हम डरते नहीं, आगे बढ़ते हैं: जिनपिंग

- विक्ट्री डे परेड में माओ जैसी ड्रेस में पहुंचे राष्ट्रपति

एजेंसी

**बीजिंग।** दूसरे विश्व युद्ध में जापान की हार के 80 साल पूरे होने पर चीन में बुधवार को विक्ट्री डे परेड मनाया गया। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने राजधानी बीजिंग के थियानमेन चौक पर परेड की सलामी ली। जिनपिंग के भाषण के बाद सैन्य परेड निकाली गयी। जिनपिंग ने कहा कि चीन किसी की धमकियों से नहीं डरता और हमेशा आगे बढ़ता रहता है। उन्होंने लोगों से इतिहास याद रखने और जापान के खिलाफ लड़ने वाले सैनिकों को सम्मान देने की अपील की।



प्राप्त जानकारी के अनुसार परेड में हाइपरसोनिक ग्लाइड व्हीकल्स, वाइजे-21 एंटी-शिप क्रूज मिसाइल और जेएल-3 पनडुब्बी से छोड़ी जाने वाली बैलिस्टिक मिसाइल शामिल थी। वहीं डीएफ-5सी न्यूक्लियर इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल का एडवांस वर्जन 6एफ भी दिखाया गया। यह मिसाइल अमेरिका तक मार सकती है। बीजिंग में देश की अब तक की सबसे बड़ी सैन्य परेड का आयोजन किया। इसमें अंतरिक्ष में हमला करने वाली मिसाइल, रोबोट भेड़िए, बिना पायलट के उड़ने वाला फाइटर जेट, पानी के अंदर चलने वाला ड्रोन समेत कई आधुनिक इक्यूपमेंट शामिल है।

# भारत कभी समृद्ध देश था : शशि थरूर

### शशि थरूर ने अपने नये शो के पहले एपिसोड में बतायी ब्रिटिश लूट की कहानी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने घोषणा की है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म आरटी के लिए उनका नया शो 'इंपीरियल रिसीट्स' का पहला भाग लॉन्च हो गया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा, 'साम्राज्य वास्तव में क्या पीछे छोड़ गया? ये रसीदें एक और कहानी बयां करती हैं। इंपीरियल रिसीट्स एपिसोड 1: द एंपायर अब मेरे यूट्यूब चैनल पर लाइव है।' इस बीच, थरूर ने आठ साल पहले दिये गये अपने एक इंटरव्यू का एक अंश साझा किया, जिसमें उन्होंने बताया था कि ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से पहले भारत सबसे अमीर और समृद्ध देशों में से एक था। अफशिन रतनसी से बात करते हुए थरूर ने कहा था कि 1800 के दशक में, भारत वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 23 प्रतिशत था, जो 1947 तक गिरकर केवल 1.8 प्रतिशत रह गया। 250 वर्षों में ब्रिटेन का सकल घरेलू उत्पाद 347 प्रतिशत बढ़ा, जबकि भारत का घटता गया। थरूर ने कहा, 'ब्रिटेन एक गरीब, अविकसित देश से मानव सभ्यता का केंद्र, समृद्धि, स्वर्ण और वाणिज्य का केंद्र बन गया। दूसरी ओर, भारत तीसरी दुनिया के अभाव, गरीबी, बीमारी, कुपोषण और पीड़ा का केंद्र बन गया।' 1800 के दशक में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में भारत का हिस्सा 23 प्रतिशत था, जो 1947 में घटकर मात्र 1.8 प्रतिशत रह गया। भारत के औपनिवेशिक इतिहास में ईस्ट इंडिया कंपनी की भूमिका के बारे में पूछे जाने पर थरूर ने कहा, 'ब्रिटेन एकरूप भारत के प्रत्यक्ष प्रतिरूपों से भरा पड़ा है। एक बात जो आप लोगों ने कभी नहीं की, वह है माफी मांगना।' थरूर ने कहा, 'ब्रिटिश साम्राज्य के उपनिवेशवाद से पहले भारत दुनिया का सबसे अमीर देश था। मुगल सम्राट औरंगजेब के शासनकाल में भारत की विश्व अर्थव्यवस्था में 27 प्रतिशत हिस्सेदारी थी।' कांग्रेस सांसद ने यह भी कहा कि जब अंग्रेज कहते हैं कि हम औद्योगिक क्रांति की बस से चूक गये हैं, तो मेरा जवाब है: हम बस से चूक गये क्योंकि आपने हमें उसके पहियों के नीचे फेंक दिया। अंग्रेज आए और उन्होंने फलते-फूलते कपड़ा, जहाज निर्माण और इस्पात उद्योगों को नष्ट कर दिया।



### राज्यपाल का कानून बनाने में कोई रोल नहीं

# बंगाल, तेलंगाना, हिमाचल की सुप्रीम कोर्ट में दलील

- राज्यपालों-राष्ट्रपति के लिए डेडलाइन से जुड़ा मामला

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** विधानसभा से पास बिलों पर राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी की डेडलाइन तय करने वाली राज्यों की याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में लगातार सातवें दिन बुधवार को सुनवाई हुई। पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और हिमाचल की सरकारों ने विधेयकों को रोककर रखने की विवेकाधिकार शक्ति का विरोध किया। राज्यों ने कहा कि कानून बनाना विधानसभा का काम है, इसमें राज्यपालों की कोई भूमिका नहीं है। वे केवल औपचारिक प्रमुख होते हैं। राज्यों ने कहा कि केंद्र सरकार कोर्ट के डेडलाइन लागू करने के फैसले को चुनौती देकर संविधान की मूल भावना को कमजोर करना चाहती है। चीफ जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस ए.एस. चंदुरकर की बेंच ने सुनवाई की। कोर्ट ने मंगलवार को कहा था कि गवर्नर बिलों को अनिश्चितकाल तक लंबित नहीं रख सकते। अगली सुनवाई 9 सितंबर को होगी।



# बच्चा बदलने के आरोप में एक निजी अस्पताल के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराने की मांग को लेकर एक दंपति ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट एक अस्पताल के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की मांग करने वाली माता-पिता की याचिका पर विचार करने वाला है, जिसने कथित तौर पर प्रसव के तुरंत बाद उनके लड़के को एक लड़की से बदल दिया था। न्यायमूर्ति मनोज कुमार और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें रायपुर के एक निजी अस्पताल के निदेशक और उनकी पत्नी (जो अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं) के खिलाफ प्रसव के तुरंत बाद एक शिशु के अपहरण के कथित अपराध के लिए एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने से इनकार कर दिया था।

याचिकाकर्ता का कहना है कि उसने निजी अस्पताल में एक लड़के और एक लड़की को जन्म दिया, लेकिन जल्द ही उसे पता चला कि लड़के और लड़की की बजाय दो लड़कियां हैं। उसने शिकायत दर्ज कराई और उसके बाद डीएनए परीक्षण कराया गया, जिसमें पता चला कि एक लड़की का डीएनए उसके जैविक माता-पिता से मेल खाता है। हालांकि, दूसरी लड़की का डीएनए माता-पिता/याचिकाकर्ताओं से मेल नहीं खाता था। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया, 'यह स्पष्ट रूप से बच्चे बदलने का मामला था।'



याचिकाकर्ताओं के अनुसार, गहन जांच के बाद ही जांच का निर्देश दिया जाना चाहिए था, जबकि उच्च न्यायालय ने उपरोक्त पहलुओं की जांच किये बिना ही याचिका को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि इस मामले पर विचार की आवश्यकता है। अब इस मामले की सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी। उच्च न्यायालय ने छह विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर याचिका खारिज कर दी थी, जिसने किसी भी गड़बड़ी से इनकार किया था।

**याचिकाकर्ताओं के वकील:** अशोक कुमार पाणिग्रही, अधिवक्ता; जितेंद्र कुमार शर्मा, अधिवक्ता; चांद कुरैशी, एओआर।
**मामले का विवरण:** उषा सिंह एवं अन्य बनाम छत्तीसगढ़ राज्य एवं अन्य।

### दिल्ली एयरपोर्ट पर 340 से ज्यादा फ्लाइट्स डिले

# गाजियाबाद में एक मंजिल तक घर डूबे, नोएडा में दिन में छाया अंधेरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/चंडीगढ़/शिमला।** दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान समेत पूरे उत्तर भारत में बुधवार को तेज बारिश के कारण नदियां उफान पर है। बाढ़ के कारण यहां जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार, इन राज्यों के कई हिस्सों में अगले 24 घंटे में तेज बारिश होने की आशंका है। दिल्ली-एनसीआर के कुछ हिस्सों में सुबह की बारिश के बाद पुराने रेलवे पुल पर यमुना का जलस्तर खतरे के निशान (205.33) से ज्यादा 207 मीटर तक पहुंच गया। दिल्ली एयरपोर्ट पर 340 से ज्यादा फ्लाइट्स डिले हुई हैं। फ्लाइट ट्रैकर एजेंसी फ्लाइट रडार 24 के मुताबिक, शाम 5 बजे तक 273 उड़ानों का डिपार्चर और 73 उड़ानों का अराइवल देरी से हुआ। यमुना बाजार, ओल्ड उस्मानपुर, ओल्ड गढ़ी मेंडू, तिब्बती बाजार, मोनेस्ट्री मार्केट समेत निचले इलाकों में बाढ़ का पानी घरों में घुस गया है। बुधवार को सभी स्कूल बंद रखे गए हैं। अब तक 12 हजार लोग घर छोड़कर सुरक्षित जगहों पर जा चुके हैं।



आवश्यकता
G7 सिक्योरिटी गार्ड
Guard - 14000
Supervisor - 16000
In Hand Salary
CHOWKA HATA
Mobile No- 8969779654, 7004602184

### बिहार चुनाव: अमित शाह के आवास पर हुई एनडीए की बैठक


# जीतन राम मांझी ने की 20 सीटों की मांग

- सीट शेयरिंग से लेकर राहुल की यात्रा तक पर हुई चर्चा
- 2020 में मांझी की पार्टी 7 सीटों पर चुनाव लड़ी थी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/पटना।** दिल्ली में बुधवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के आवास पर सीट शेयरिंग को लेकर एनडीए की बैठक हुई। बैठक से पहले केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के नेता जीतन राम मांझी ने 20 सीटों की मांग कर दी है। उन्होंने कहा है कि आम लोगों की मांग भी है और मैं भी कहता हूं कि हमारी पार्टी को मान्यता दिलाने के लिए एनडीए के मन में अगर हमारे लिए सहानुभूति है तो हमें कम से कम 20 सीटें बिहार विधानसभा चुनाव में दें। इससे पहले सूत्रों के हवाले से खबर आयी थी कि एनडीए में मांझी को 10 सीट मिलने जा रही है। 2020 में मांझी की पार्टी 7 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। बैठक में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे, बिहार बीजेपी अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, संगठन मंत्री भीखू भाई दलसानिया, बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, सांसद संजय जायसवाल और वरिष्ठ नेता राधामोहन सिंह मौजूद थे।





### सीट शेयरिंग से लेकर बिहार बंद तक पर चर्चा

अमित शाह की बैठक में विधानसभा चुनाव की रणनीति, सीट बंटवारे की रूपरेखा, वोटर अधिकार यात्रा का फीडबैक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी-उनकी मां को अपमानित करने पर विपक्ष की प्रतिक्रिया जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। इसके साथ ही शाह यात्रा के दौरान जुटी भीड़ और लोगों की प्रतिक्रिया, संभावित प्रभाव, वोटरों पर असर और यात्रा से जुड़े घटनाक्रम पर नेताओं से राय लेंगे। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव द्वारा वोटर लिस्ट से नाम कटने के दावे, उनके असर और सच्चाई पर भी चर्चा हो रही है।

### जदयू 102 और भाजपा 101 सीट पर चुनाव लड़ेगी:

सूत्रों के मुताबिक जदयू 102 और भाजपा 101 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 20, जीतन राम मांझी की हिंदुस्तान अवाम मोर्चा और उपेंद्र कुशवाहा के राष्ट्रीय लोक मोर्चा को 10-10 सीटें मिली हैं। हालांकि सीटों के बंटवारे को लेकर आधिकारिक घोषणा नहीं की गयी है। संभावना जतायी जा रही है कि एनडीए जल्द ही अधिकारिकतौर पर इसकी घोषणा करेगा।




# मध्य प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में चूहों ने दो नवजातों को काटा, दोनों की मौत

आजाद सिपाही संवददाता

**इंदौर।** इंदौर स्थित महाराजा यशवंतराव अस्पताल (एमवाईएच) में 24 अगस्त को 10 दिन की एक बच्ची (गुड़िया-सांकेतिक नाम) को उसके परिजन छोड़कर चले गये थे। 31 अगस्त को गुड़िया को सबसे सुरक्षित और संवेदनशील माने जाने वाले एनआईसीयू वॉर्ड में कथित तौर चूहों ने काट लिया और 2 सितंबर को गुड़िया की इलाज के दौरान मौत हो गयी। वहीं बुधवार दोपहर को लगभग 1 बजे एक और नवजात रोशन (सांकेतिक नाम) की भी मृत्यु हो गयी है। हालांकि अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट का कहना है कि नवजातों की मौत की वजह अलग-अलग बीमारियां थीं। राज्य के चिकित्सा आयुक्त ने इस मामले में अस्पताल को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।




**अस्पताल का क्या है कहना? :** हालांकि अस्पताल प्रशासन ने कहा है कि दोनों बच्चों की मौत चूहे के काटने से नहीं, बल्कि गुड़िया की गंभीर जन्मजात दिल की बीमारी के कारण और रोशन की मौत इंफेक्शन की वजह से हुई है। अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. अशोक यादव ने बीबीसी को बताया, 'यह एक दुखद और संवेदनशील घटना है लेकिन बच्ची की मौत चूहों के काटने से नहीं हुई है बल्कि वह पहले से ही जन्मजात गंभीर बीमारियों से लड़ रही थी और इसी के चलते उसकी मौत हो गयी।' अस्पताल प्रबंधन भले ही घटना के लिए जो भी सफाई पेश करे, लेकिन इस मामले ने अस्पताल में फैली लापरवाही को उजागर किया है।

इस घटना के बाद अस्पताल प्रशासन ने दो नर्सिंग ऑफिसर्स को निलंबित कर दिया है और कई अधिकारियों को नोटिस दिया हैं।




VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**